MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MINISO
Please visit store nearest to you at these locations :
IRRUMMANZIL (L&T MALL)
MOOSARAMBAGH (L&T MALL)
KOMPALLY (TNR PLAZA)

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2026-28 । रविवार, 19 अप्रैल, 2026 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 12 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-8 । अंक-106

# समाज में शुभ-लाभ

**हैदराबाद, 18 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
अग्रवाल समाज तेलंगाना के राघव रत्ना टावर, आबिड्स स्थित कार्यालय में शनिवार को आयोजित केन्द्रीय समिति के सदस्यों, भूतपूर्व अध्यक्षों व विशेष आमंत्रित सदस्यों की अभूतपूर्व बैठक में शुभ लाभ ही छाया रहा। दरअसल, शुभ यह है कि अग्रवाल समाज के इतिहास में संभवतः पहली बार किसी वर्तमान अध्यक्ष को समाज का इतना प्यार, आदर और सम्मान मिला कि उनके 30 मिनट के भाषण के दौरान करीब 16-17 बार तालियाँ बजी। और तो और समाजबंधुओं ने उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन (खडे होकर लगातार तालियों द्वारा उत्साहवर्धन करना) दिया। यह आने वाले सुनहरे कल के लिए तो एक शुभ संकेत है ही, मंच पर अध्यक्ष श्री अनिरुद्ध गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष श्री नरेंद्र गोयल, भूतपूर्व अध्यक्ष आर. एन गुप्ता, सुभाष अग्रवाल और सुरेश सिंघल जैसे दिग्गजों की उपस्थिति ने उज्ज्वल भविष्य की भी पक्की गारंटी दे दी। रही बात लाभ की तो अध्यक्ष श्री अनिरुद्ध गुप्ता ने लगे हाथ लायंस क्लब के सहयोग से एक ऐसी योजना के लिए 25 लाख रूपये का चेक दे दिया, जिससे समाज के 250 जरूरतमंदों की आँखों का नि:शुल्क इलाज होगा। वहीं श्री नरेंद्र गोयल ने भी अपने माता-पिता के नाम पर स्थापित ट्रस्ट के जरिये 500 समाजबंधुओं को श्री जगन्नाथ पुरी की यात्रा करवाने का बीडा उठाकर यह स्पष्ट संदेश दिया कि महाराजा अग्रसेन जी की संतानें समाजवाद के सिद्धांतों का अक्षरश: पालन करेंगी। तनाव, द्वेष, भय से कोसों दूर बेहद खुशनुमा माहौल में सम्पन्न इस बैठक में अध्यक्ष श्री अनिरुद्ध गुप्ता का मासूमियत भरा भाव विभोर कर देने वाला भाषण इतना दमदार/ओजस्वी रहा कि समाजबंधुओं को उनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताकतवर/दृढनिश्चयी छवि दिखाई देने लगी।

**मैं ही रहूँगा अध्यक्ष, गोयल ही कार्यकारी**

तालियों की गडगडाहट, अग्रसेन जी के जयकारों और अध्यक्ष जी आप आगे बढो, हम आपके साथ हैं, जैसे गगनभेदी नारों से गद्गद् श्री अनिरुद्ध गुप्ता ने यह घोषणा कर न केवल अध्यक्ष पद छोडने से साफ इनकार कर दिया, बल्कि कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में श्री नरेंद्र कुमार गोयल की नियुक्ति को पूरी तरह संवैधानिक/जायज बताकर इस पर उठ रही अटकलों को भी पूर्ण विराम लगा दिया।

**मजबूत सगठन जरूरी : सुभाष अग्रवाल**

अग्रवाल समाज के भूतपूर्व अध्यक्ष एवं तेलंगाना प्रवासी संघ कल्याणकारी संगठन के संस्थापक श्री सुभाष अग्रवाल ने मजबूत संगठन पर जोर देते हुए कहा कि यही विकास का सोपान है। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि अग्रवाल समाज तेलंगाना प्रवासी समाजों के लिए पहले भी आदर्श रहा और अब भी रहेगा। उन्होंने समाज की व्यवस्थित कार्यप्रणाली की जमकर तारीफ करते हुए समय-समय पर इसमें सुधारों को प्रगतिशील समाज के लिए अत्यंत जरूरी बताया।

**दिलीप पसारी ने प्रेम की गंगा बहाई**

समाज की सबसे लोकप्रिय मासिक पत्रिका अग्रमंच के संपादक एवं अग्रणी समाजसेवक दिलीप पसारी ने श्री अनिरुद्ध गुप्ता के अध्यक्ष बनने पर अखबारों की सुर्खियों बनी 'समाज के नये अध्यक्ष बने अनिरुद्ध, एक करोड़ का चंदा' को याद करते हुए कहा कि समाज के लिए वह गौरव का पल था। उन्होंने भाईचारे की मिसाल कायम कर समाज को और ऊँचाइयों पर ले जाने की आवश्यकता जताई।

**अनिरुद्ध जी जैसा अध्यक्ष मिलना सौभाग्य**

भूतपूर्व अध्यक्ष एवं फिक्की के अध्यक्ष रह चुके सुरेश सिंघल ने कहा कि श्री अनिरुद्ध गुप्ता जैसा अध्यक्ष मिलना किसी सौभाग्य से कम नहीं। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष समाज का ध्वजवाहक होता है। समाज का मुखौटा होता है, उसे पूरी इज्जत, सम्मान मिलना ही चाहिए।इससे पूर्व श्री अग्रसेन जी महाराज की आरती व पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुई बैठक में मंत्री सीमा जैन ने पिछली केन्द्रीय समिति सदस्यों की बैठक का ब्यौरा दिया और लंबित प्रस्तावों को पारित करवाया। तत्पश्चात भूतपूर्व अध्यक्ष एवं आचरण व अनुशासनिक समिति के चेयरमैन आर. एन गुप्ता ने सविस्तार जानकारी दी कि किस तरह कुछ पदाधिकारियों को संवैधानिक तरीके से हटाया गया और मानद सचिव श्री विकास केशान की साधारण सदस्यता रद्द की गई।

**अंजनी कुमार अग्रवाल (टीम एके) पर भारी रोष**

समाज कार्यालय में मारपीट की घटना में कथित रूप से टीम एके (अंजनी कुमार अग्रवाल ) के शामिल होने को लेकर बैठक में भारी रोष देखा गया। जब भी अंजनी कुमार अग्रवाल का जिक्र आता, लोग शेम-शेम के नारे लगा रहे थे। कुछ लोगों ने अंजनी कुमार अग्रवाल को समाज विरोधी बताते हुए उनके सामाजिक बहिष्कार की माँग की तो अध्यक्ष श्री अनिरुद्ध गुप्ता ने इसे सिरे से खारिज करते हुए कहा कि अध्यक्ष होने के नाते मेरा धर्म है कि मैं सबको साथ लेकर चलूं। उन्होंने आश्वस्त किया कि समाज में न किसी की गुंडागर्दी चली है और न वे कभी चलने देंगे।

**टीम एके (अंजनी कुमार अग्रवाल) ने किया बहिष्कार**

शनिवार की केंद्रीय समिति की बैठक को अवैध/असंवैधानिक बता चुके कथित टीम एके (अंजनी कुमार अग्रवाल ) के सदस्यों ने बैठक में भाग नहीं लिया। गौरतलब है कि 11 अप्रैल की ईजीएम को अवैध बताने के बाद भी टीम एके (अंजनी कुमार अग्रवाल ) ने भाग लेकर अपनी फजीहत करवाई थी।

इस बैठक में आर.एन. गुप्ता, सुभाष अग्रवाल, सुरेश सिंघल, नरेंद्र गोयल, सुरेश टंडन, दिलिप पंसारी, अजय तुलस्यान, किरण तायल, जनार्दन सुरेका, अशोक जिंदल, अरुण डाकोतिया, सुरेश केडिया, सुनील चोखानी, रामनिवास बंसल, सतीश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, रिंकू गर्ग, अलका मिंडा, राजेंद्र अग्रवाल, महावीर प्रसाद अग्रवाल, शीतल रुंगटा, रानी मित्तल, नवीन अग्रवाल, उदय अग्रवाल, दिनेश सबाचका, मुकेश अग्रवाल, हरिगोविंद अग्रवाल, प्रतीक नरसरिया, सीए राजगोपाल अग्रवाल आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### होर्मुज पर ईरानी गोलीबारी
## दो भारतीय जहाज शिकार




**वॉशिंगटन डीसी/नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां) ।**
होर्मुज स्ट्रेट से कच्चा तेल और गैस लेकर भारत आ रहे दो जहाजों पर ईरान ने शनिवार दोपहर गोलीबारी कर दी। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, भारत आ रहे 14 जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट पार करने से ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने रोक दिया।

फायरिंग के बाद 13 जहाज फारस की खाड़ी में अलग-अलग जगहों पर वापस लौट गए। एक जहाज में गोलियां भी लगी, जबकि एक जहाज स्ट्रेट पार करने में सफल रहा।

**भारत का कड़ा विरोध: ईरानी राजदूत तलब**

घटना के बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने भारत में तैनात ईरान के राजदूत डॉ. मोहम्मद फथअली को तलब करके विरोध जताया। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि ईरान पहले भी भारतीय जहाजों को सुरक्षित रास्ता देता रहा है, इसलिए जल्द ही जहाजों की आवाजाही फिर से शुरू कराई जाए। ईरान ने आज होर्मुज को बंद करने का ऐलान किया था। ईरान का आरोप था कि अमेरिका सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है, इसलिए 24 घंटे के भीतर उसने फैसला बदल लिया।

**ट्रंप के खास सीनेटर भड़के: ईरान को सबक सिखाना होगा**

होर्मुज में भारतीय जहाजों पर हमले पर भड़के ट्रंप के खास सीनेटर ने कहा कि ईरान को सबक सिखाना ही होगा। वॉशिंगटन में अमेरिका के वरिष्ठ सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने होर्मुज जलडमरूमध्य में भारतीय जहाजों पर ईरानी ▶8पर

## हमका माफी देई दो : मोदी
### महिला आरक्षण का गिरना भ्रूण हत्या, विपक्ष को मिलेगी सजा

**नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां) ।**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार रात को 8:30 बजे देश को संबोधित किया, जो सीधे देश की माताओं और बहनों को संबोधित था। भावुक लहजे में उन्होंने माफी मांगी, अपनी पीड़ा जाहिर की और फिर कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। पीएम ने साफ कहा कि यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और देश की महिलाएं इस फैसले को लेकर इन पार्टियों को कभी माफ नहीं करेंगी।

**माफी और दर्द: नारी शक्ति के सपने कुचले गए**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 50,000 लोगों की मेहनत और पूरी कोशिश के बावजूद वो सफल नहीं हो पाए। नारी शक्ति वंदन संशोधन पास नहीं हो सका। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि देश की नारी शक्ति की उड़ान को रोक दिया गया और उनके सपनों को बेरहमी से कुचला गया। उन्होंने देश की सभी माताओं और बहनों से हाथ जोड़कर माफी मांगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार के लिए हमेशा देश का हित सबसे ऊपर रहता



है। लेकिन कुछ पार्टियों के लिए अपनी पार्टी का फायदा देश के फायदे से भी बड़ा हो जाता है। जब ऐसा होता है तो इसका सबसे ज्यादा नुकसान देश की महिलाओं को उठाना पड़ता है।

उन्होंने साफ कहा कि इस बार भी कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और समाजवादी पार्टी की स्वार्थी राजनीति की कीमत देश की नारी शक्ति को चुकानी पड़ी।

**विपक्ष पर बरसे पीएम: बिल गिरा तो बजाईं तालियां**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब संसद में महिलाओं के हक का प्रस्ताव गिरा तो कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और सपा जैसी पार्टियां खुशी से तालियां बजा रही थीं और मेज थपथपा रही थीं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ मेज पर थाप नहीं थी, यह देश की नारी के स्वाभिमान और आत्मसम्मान पर सीधी चोट थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि नारी सब कुछ भूल जाती है लेकिन अपना अपमान कभी नहीं भूलती। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की करोड़ों महिलाओं की नजर उस दिन संसद पर थी और वो सब कुछ देख रही थीं। जब भी ये नेता अपने इलाके में जाएंगे, महिलाएं याद करेंगी कि इन्हीं लोगों ने संसद में महिला आरक्षण रोकने का जश्न मनाया था। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी कि 21वीं सदी की महिला सब देख रही है और समझ रही है। महिला आरक्षण का विरोध करके जो पाप विपक्ष ने किया है, उसकी सजा उन्हें जरूर मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने साफ किया कि नारी शक्ति वंदन संशोधन किसी से कुछ छीनने के लिए नहीं था। ▶8पर

### कार्टून कॉर्नर




### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $38^0$
न्यूनतम : $27^0$

## टैक्सी चालकों के लिए मराठी अनिवार्य
### महाराष्ट्र सरकार का नया फैसला, लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी

**मुंबई, 18 अप्रैल (एजेंसियां) ।**
महाराष्ट्र सरकार के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि 1 मई 2026 से, यानी महाराष्ट्र दिवस से राज्य में सभी लाइसेंस प्राप्त ऑटोरिक्शा और टैक्सी चालकों के लिए मराठी भाषा का ज्ञान अनिवार्य कर दिया जाएगा। इसके तहत चालकों को मराठी पढ़ना, लिखना और बोलना आना चाहिए। अगर कोई चालक इस भाषा में बुनियादी दक्षता नहीं दिखा पाता, तो उसके लाइसेंस को रद्द कर दिया जाएगा। परिवहन विभाग के 59 क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से पूरे राज्य में एक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें चालकों की मराठी भाषा की जांच की जाएगी। यह कदम यात्रियों के साथ बेहतर संवाद और स्थानीय भाषा के



सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उठाया गया है। सरकार का मानना है कि सार्वजनिक परिवहन में काम करने वाले चालकों को स्थानीय भाषा का ज्ञान होना चाहिए, ताकि मुसाफिरों की सुविधा बढ़े और कोई गलतफहमी न हो। मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह नियम मोटर वाहन नियमों के तहत आता है और इसकी सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाएगी। इस फैसले पर महाराष्ट्र ऑटोरिक्शा चालक-मालक संघटना संयुक्त कृती समिती ने तीखा विरोध जताया है। संगठन के अध्यक्ष शशांक राव ने कहा कि हम सरकार के इस निर्णय का पुरजोर विरोध करते हैं। उन्होंने इसे चालकों पर अनुचित बोझ बताया और मांग की कि सरकार को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। शशांक राव ने आगे कहा, ''हमारा संगठन परिवहन मंत्री के उस फैसले का विरोध करता है, जिसमें 1 मई 2026 से लाइसेंस प्राप्त रिक्शा और टैक्सी चालकों के लिए मराठी भाषा को अनिवार्य बना दिया गया है।'' संगठन का कहना है कि कई चालक अन्य राज्यों से आकर महाराष्ट्र में काम करते हैं। उन्हें अचानक इतना कम समय देकर नई भाषा सीखने की मजबूरी उनके जीवनयापन पर असर डाल सकती है।

▶8पर

## एनडीए में रार! मुख्यमंत्री ने कहा बिहार में लागू रहेगी शराबबंदी

**पटना, 18 अप्रैल (एजेंसियां) ।**
बिहार एनडीए में शराबबंदी खत्म करने पर बहस जारी है। जेडीयू से विधायक अनंत सिंह इस कानून को खत्म करने की मांग कर चुके हैं तो वहीं उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी के एमएलए माधव आनंद भी लगातार इस पर बयान दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी भी पहले से ही समीक्षा करने की मांग करते आए हैं। अब जब बिहार के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि शराबबंदी लागू रहेगी और पुनर्विचार का सवाल ही नहीं उठता है तो इस पर मांझी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। शनिवार (18 अप्रैल, 2026) की शाम पटना में मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा, सम्राट जी को बने (मुख्यमंत्री) दो-चार-पांच दिन हुआ ही है ये लोग आपस में विचार करेंगे, समीक्षा करेंगे लाभ हानि के बारे में सोचकर निर्णय लेंगे।

जीतन राम मांझी ने कहा कि जहां तक हमारी बात है, हमारा जो स्टैंड शुरू से है वही आज भी



है। शराबबंदी कोई खराब नहीं है, नीति ठीक है, लेकिन इसके क्रियान्वयन में गड़बड़ी है। इसके चलते गरीब लोगों को कानून कार्रवाई में दिक्कत हो रही है। जीतन राम मांझी ने बताया कि क्यों शराबबंदी कानून की समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा, शराबबंदी के चलते जो जल्दीबाजी में शराब बनाते हैं उसमें वे लोग यूरिया और क्या-क्या मिलाकर दो घंटे में बना देते हैं यही कारण है कि गरीब तबके के जो लोग शराब पीते हैं वो 50-60 साल में मर जाते हैं। यानी गरीब को दोनों तरफ से घाटा है, इसलिए समीक्षा करनी चाहिए।



# पाकिस्तान में भारत के मोस्ट वान्टेड आतंकियों का सफाया अज्ञात हमलावरों के खौफ से कांपे आतंकी

**इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की धरती पर पनाह लिए भारत के मोस्ट वान्टेड घोषित आतंकियों के लिए इन दिनों अज्ञात हमलावर काल बनकर उभर रहे हैं। ताजा घटनाक्रम में प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक सदस्य और कुख्यात आतंकी हाफिज सईद के बेहद करीबी आमिर हमजा को लाहौर में निशाना बनाया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मोटरसाइकिल सवार अज्ञात हमलावरों ने हमजा पर उस वक्त ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं जब वह असुरक्षित स्थिति में था। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया है और फिलहाल अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। यह घटना पाकिस्तान में छिपे उन तमाम आतंकियों के लिए एक कड़ा संदेश मानी जा रही है जो दशकों से वहां सुरक्षित पनाहगाहों का आनंद ले रहे थे। पिछले दो-तीन वर्षों के दौरान पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे खतरनाक संगठनों के कई शीर्ष कमांडरों का रहस्यमय तरीके से सफाया हुआ है। साल 2023 के बाद से इन टारगेट किलिंग्स में जबरदस्त तेजी देखी गई है, जहां महज सात महीनों के भीतर सात बड़े आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया गया। इन हत्याओं की सूची लंबी और चौंकाने वाली है। इसमें जैश प्रमुख मसूद अजहर का भाई मोहम्मद ताहिर अनवर, रियासी हमले का मास्टरमाइंड अबू कतल, और पठानकोट हमले का मुख्य आरोपी शाहिद लतीफ शामिल हैं। इसके अलावा खालिस्तान कमांडो फोर्स के प्रमुख परमजीत सिंह पंजवड़ को भी लाहौर के जौहर टाउन में सुबह की सैर के दौरान ढेर कर दिया गया था। इन अज्ञात हमलावरों के निशाने पर केवल नए आतंकी ही नहीं हैं, बल्कि पुराने हिसाब भी बराबर किए जा रहे हैं। वर्ष 1999 के कुख्यात आईसी-814 विमान अपहरण कांड के मुख्य अपहरणकर्ताओं में से एक मिस्त्री जहूर इब्राहिम, जो दशकों से अपनी पहचान बदलकर पाकिस्तान में छिपा था, उसे भी कराची में मार गिराया गया। लश्कर की भर्ती सेल का मुख्य चेहरा अकरम खान गाजी और कराची के धार्मिक संस्थान के पास मारा गया मुफ्ती कैसर फारूक भी इसी अज्ञात शक्ति का शिकार बने हैं। ख्वाजा शाहिद जैसे कमांडरों की सिर कटी लाशें मिलना आतंकी संगठनों के भीतर पैदा हुए भारी डर और असुरक्षा की भावना को और गहरा कर रहा है। लगातार हो रही इन सिलसिलेवार हत्याओं ने न केवल आतंकी संगठनों की कमर तोड़ दी है, बल्कि पाकिस्तानी सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर भी बड़े सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री 20-22 अप्रैल तक नेपाल दौरे पर

**काठमांडू।** दक्षिण एवं मध्य एशिया मामलों को देखने वाले अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री समीर पाल कपूर सोमवार 20 अप्रैल से 22 अप्रैल तक नेपाल का दौरा करने वाले हैं। बालेन्द्र शाह के नेतृत्व में सरकार गठन के बाद नेपाल आने वाले वे अमेरिकी सरकार के सबसे वरिष्ठ अधिकारियों होंगे। आमतौर पर अमेरिकी विदेश मंत्री या अन्य उच्च अधिकारी भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश या दक्षिण एवं दक्षिण-पूर्व एशिया के अन्य देशों की यात्रा के दौरान ही काठमांडू आते रहे हैं। सहायक विदेश मंत्री पाल अमेरिका से उड़ान भरकर इस्तांबुल ट्रांजिट होते हुए सीधे काठमांडू पहुंचेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, उनके सोमवार को आने और बुधवार को लौटने का कार्यक्रम है। काठमांडू में रहते हुए वे बालेन्द्र सरकार की आर्थिक प्राथमिकताओं पर वित्त मंत्री डा. स्वर्णिम वाग्ले के साथ चर्चा करेंगे। मिलेनियम चैलेंज कार्पोरेशन (एमसीसी) के नेपाल काम्पैक्ट के शीघ्र कार्यान्वयन में अमेरिका की रुचि बनी हुई है। नेपाल के विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि काठमांडू प्रवास के दौरान सहायक विदेश मंत्री कपूर नेपाल के वित्त मंत्री और विदेश मंत्री के अलावा और किन-किन लोगों से मिलेंगे, किस समय और किन विषयों पर वार्ता करेंगे- इसकी विस्तृत कार्यसूची तैयार की जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अक्टूबर 2025 में दक्षिण एवं मध्य एशिया मामलों के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू को पद से हटा दिया था। उनकी जगह सुरक्षा मामलों के विशेषज्ञ कपूर को नियुक्त किया गया था। भारत की राजधानी नई दिल्ली में जन्मे कपूर दक्षिण एशिया के मुद्दों की जमीनी वास्तविकताओं को अच्छी तरह समझने और उनका विश्लेषण करने की क्षमता रखते हैं। विदेश मंत्रालय में नियुक्ति से पहले वे अमेरिकी नौसेना के नेवी पोस्ट ग्रेजुएट स्कूल में प्रोफेसर थे, जहां वे सैन्य संचालन, तकनीकी नेतृत्व और युद्ध कौशल जैसे विषय पढ़ाते थे। नेपाल में नई सरकार बनने के बाद किसी वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी का सीधे काठमांडू आना इस बात का संकेत है कि वाशिंगटन डीसी की प्राथमिकताओं में नेपाल महत्वपूर्ण स्थान रखता है।




### 544 किलो वजनी महिला आठ साल तक नहीं उठीं बिस्तर से, नहलाते थे कई लोग

**न्यूर्याक।** दुनिया में कई ऐसे लोग हैं जिनकी शारीरिक बनावट आम लोगों से कुछ अलग है। ऐसी ही अमेरिका की एक महिला थीं जिनका नाम दुनिया की सबसे भारी महिला के तौर पर गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स में दर्ज था। उनका वजन करीब 544 किलो था। यह वजन इतना ज्यादा था कि वह अपने बिस्तर से हिलने-डुलने में असमर्थ थीं। उस महिला ने संघर्ष कर मौत के मुंह से निकलकर खुद को बदलने की ठानी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रोसैली ब्रैडफोर्ड नाम की महिला का जन्म पेंसिल्वेनिया (अमेरिका) में हुआ था। बचपन में मां के बिछड़ने और सौतेली मां के साथ खराब रिश्तों के कारण वह तनाव में रहने लगीं। इसी तनाव और अकेलेपन को दूर करने के लिए उन्होंने भोजन का सहारा लिया। देखते ही देखते उनकी फूड एडिक्शन यानी खाने की लत इतनी बढ़ गई कि कम उम्र में ही उनका वजन तेजी से बढ़ने लगा। 15 साल की उम्र तक उनका वजन 100 किलो के पार हो चुका था, जो आगे चलकर उनकी सबसे बड़ी मुसीबत बन गया।



### गूगल ने किया पर्सनल इंटेलिजेंस नामक नया फीचर रोलआउट

**सैन फ्रांसिस्को।** भारत में टेक दिग्गज कंपनी गूगल ने अपने एआई ऐप जेमिनी को और अधिक बुद्धिमान बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। गूगल ने पर्सनल इंटेलिजेंस नामक एक बिल्कुल नया फीचर रोलआउट करना शुरू कर दिया है। यह फीचर पहले अमेरिका में उपलब्ध था और अब धीरे-धीरे भारतीय उपयोगकर्ताओं तक भी अपनी पहुंच बना रहा है, जिससे एआई के साथ बातचीत का अनुभव और भी व्यक्तिगत और समृद्ध हो जाएगा। इस नए फीचर की सबसे खास बात यह है कि यह जेमिनी को गूगल के विभिन्न ऐप्स और सेवाओं के साथ निर्बाध रूप से जोड़ने की क्षमता रखता है। इसका मतलब है कि अब आप अपने जीमेल, गूगल फोटोज, यूट्यूब और गूगल सर्च जैसी प्रमुख सेवाओं को जेमिनी के साथ कनेक्ट कर सकते हैं। एक बार कनेक्ट होने के बाद, जेमिनी इन सभी स्रोतों से आवश्यक जानकारी को एकत्रित कर आपको पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक और काम की जानकारी प्रदान करता है। यह टेक्स्ट, इमेज और वीडियो जैसी अलग-अलग तरह की जानकारी को जोड़कर जवाब देता है, जिससे यह और भी अधिक उपयोगी और बहुआयामी बन जाता है। कल्पना कीजिए कि आप अपनी किसी पिछली यात्रा के बारे में जानकारी चाहते हैं - जेमिनी आपके ईमेल में यात्रा की योजना, गूगल फोटोज में सहेजी गई तस्वीरें और आपकी सर्च हिस्ट्री को एक साथ खंगाल कर आपको एक विस्तृत और समन्वित जवाब दे सकता है।




# जंग में अमेरिकी ठिकानों को ईरान ने बनाया निशाना, ट्रंप को अरबों डालर का नुकसान

**एक रिपोर्ट में किया दावा- चीनी सैटेलाइट ने दी ईरान को सटीक लोकेशन जानकारी**

**वाशिंगटन**

**कुछ दिन पहले जब ईरान ने मिडिल ईस्ट में अमेरिकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले कर तबाह किए और अमेरिका के सैन्य ठिकानों को कई जगह निशाना बनाया था। उस वक्त पूरी दुनिया हैरान रह गई थी और सवाल उठा कि आखिर ईरान के पास इतनी सटीक लोकेशन कहां से आई अब एक ऐसी रिपोर्ट सामने आई है।**



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ईरान ने कुछ साल पहले चीन से एक सेटेलाइट खरीदा था। मीडिया रिपोर्ट में ऐसा छापा गया है कि ईरान ने 2024 के आखिर में चीन से गुपचुप तरीके से एक स्पाई सेटेलाइट खरीदी था जिसका नाम टीई01 है। इसे बनाया और लान्च किया चीन की एक कंपनी अर्थ आई ने। कागजों पर तो यह कमर्शियल डील दिखती है, लेकिन इसके पीछे का सच कुछ और है। लीक हुए कुछ दस्तावेजों के मुताबिक इस सेटेलाइट का कंट्रोल ईरान की सिविलियन स्पेस एजेंसी के पास नहीं बल्कि सीधे आईआरजीसी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड काप्स के पास था।

इस खबर के बाहर आते ही चर्चा शुरू हो गई। आखिरकार ईरान ने जो हमले किए अब उसके पीछे चीनी सेटेलाइट्स का हाथ बताया जा रहा है। दरअसल इसका असर कुछ ऐसे हुआ कि मार्च 2026 के महीने में जब ईरान ने अमेरिका के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर हमला किया तो उसके ठीक 24 घंटे पहले ही सटीक तस्वीरें इसी सेटेलाइट ने ईरान को भेजी थीं। हमला खत्म होने के बाद नुकसान कितना हुआ इसकी जानकारी भी इसी सेटेलाइट ने दी यानी चीनी तकनीक ईरान के लिए आंख और कान का काम कर रही थी तो कुल मिलाकर देखा जाए तो अमेरिका पर जो हमले ईरान ने किए उसमें कहीं ना कहीं चीनी सेटेलाइट का भी एक बड़ा रोल था।

अब सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा होता है कि इस हमले में अमेरिका को नुकसान कितना हुआ। क्योंकि अमेरिका ने भी इस बात की पुष्टि की थी कि इस जंग में उनके फाइटर जेट्स को नुकसान पहुंचा है, लेकिन सूची बहुत लंबी है। इस जंग में अमेरिका को भारी नुकसान हुआ और कहीं ना कहीं इसके पीछे इस चीनी सेटेलाइट का भी एक बड़ा रोल रहा है। इस जंग में ईरान को तो नुकसान हुआ ही लेकिन अमेरिका ने उम्मीद नहीं की होगी कि उसे इतना भारी नुकसान होगा।

रिपोर्ट के मुताबिक सबसे पहले अमेरिका का एफ-15 ई स्ट्राइक ईगल गिराया गया। ए10 थंडरब्ट टू गिराया गया। एमक्यू9 रिपर ड्रोन कम से कम 20 से 24 ड्रोन्स गिराए गए। इसके अलावा चीनूक हेलीकाप्टर यहां तक कि ब्लैक हाक के डैमेज होने की भी रिपोर्ट्स थी। ईरान ने तो यहां तक दावा किया था कि उसने एक अमेरिकी एफ-35 तक गिरा दिया है और इसके साथ ही साथ कई सैन्य ठिकानों पर भी ईरान ने हमला किया। हालांकि इस नुकसान की पुष्टि भारत नहीं करता है। आमतौर पर जंग में दोनों तरफ से नुकसान पहुंचता है। ईरान को भी नुकसान हुआ, अमेरिका को नुकसान हुआ, लेकिन अमेरिका को जो नुकसान हुआ वह इसलिए चर्चा में आया क्योंकि अमेरिका ने जिस तरह से बयानबाजी की थी और हमले की तैयारी की थी ऐसी उम्मीद नहीं थी कि ईरान अमेरिका को इतना भारी भरकम नुकसान पहुंचा पाएगा और अब जब ये रिपोर्ट सामने आई है तो चीनी सेटेलाइट को भी इसके पीछे जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक इस सेटेलाइट ने सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस की 13, 14 और 15 मार्च की तस्वीरें ली थी। 14 मार्च को ट्रंप ने खुद माना था कि इस बेस पर मौजूद अमेरिकी विमानों को नुकसान हुआ था। इसके अलावा इस सेटेलाइट ने जार्डन के मुआफक साल्टी एयरबेस पर भी नजर रखी। साथ ही बहरीन में अमेरिकी नौसेना के यूएस फिफ्थ फ्लट के बेस और इराक के एरेबल एयरपोर्ट के आसपास के इलाकों को भी मानिटर किया गया। यही नहीं कुवैत, जिबूती, ओमान और यूएई में मौजूद अमेरिकी ठिकानों के कोआर्डिनेट्स की पूरी सूची इस चीनी सेटेलाइट के पास थी। ये अमेरिका की इंटेलिजेंस के लिए बहुत बड़ा फेलियर माना जा रहा है। रिपोर्ट्स कहती है कि ईरान ने इस सेटेलाइट की मदद से अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर नजर रखा और उसी हिसाब से हमलों की तैयारी की। हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं की गई है।

# वैज्ञानिकों ने बनाई रोशनी से चार्ज होने वाली क्वांटम बैटरी



**मेलबर्न**

**वैज्ञानिकों ने अत्याधुनिक क्वांटम बैटरी का प्रोटोटाइप विकसित किया है, जो रोशनी के जरिए चार्ज हो सकती है। एसआईआरओ, आरएमआईटी विश्वविद्यालय और मेलबर्न विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने मिलकर इस क्रांतिकारी तकनीक को विकसित किया है। पारंपरिक बैटरियां रासायनिक प्रक्रियाओं पर आधारित होती हैं, जिनमें चार्ज होने में समय लगता है।**

इसके विपरीत यह नई आर्गेनिक क्वांटम बैटरी क्वांटम मैकेनिक्स के सिद्धांतों पर काम करती है। इसमें लेजर ऊर्जा का उपयोग कर वायरलेस चार्जिंग को संभव बनाया गया है। इसकी सबसे खास विशेषता सुपरएक्सटेंसिव चार्जिंग है, जिसका अर्थ है कि बैटरी का आकार जितना बड़ा होगा, वह उतनी ही तेजी से चार्ज होगी। यह पारंपरिक बैटरियों के उस सिद्धांत को चुनौती देता है, जिसमें आकार बढ़ने के साथ कार्यक्षमता घटती जाती है। एक शोध के अनुसार, वैज्ञानिकों ने मल्टी-लेयर्ड आर्गेनिक सेमीकंडक्टर का उपयोग किया है, जिससे लेजर के जरिए दूर से चार्जिंग संभव हो पाती है। इस तकनीक में माइक्रोकैविटी का इस्तेमाल किया गया है, जहां फोटानों को एक सूक्ष्म गुहा में फंसाकर को-आपरेटिव प्रभाव के माध्यम से बैटरी को चार्ज किया जाता है। इसके साथ ही सुपर-एब्जार्प्शन तकनीक ऊर्जा अवशोषण की दर को कई गुना बढ़ा देती है, क्योंकि इसमें क्विबिट्स मिलकर सामूहिक रूप से ऊर्जा को तेजी से ग्रहण करते हैं। एक और बड़ी उपलब्धि यह है कि यह बैटरी सामान्य कमरे के तापमान पर काम कर सकती है। आमतौर पर क्वांटम तकनीकों के लिए बेहद कम तापमान की जरूरत होती है, लेकिन आर्गेनिक मटेरियल के उपयोग से इस बाधा को दूर किया गया है। इस तकनीक का सबसे बड़ा असर इलेक्ट्रिक वाहनों और मोबाइल उपकरणों पर पड़ेगा। भविष्य में ओवर-द-एयर चार्जिंग संभव हो सकती है, जिसमें गाड़ियों को प्लग से जोड़ने की आवश्यकता नहीं होगी। लेजर और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन के जरिए उन्हें दूर से ही चार्ज किया जा सकेगा। इसके अलावा, यह बैटरी पारंपरिक बैटरियों की तुलना में समय के साथ कम खराब होगी, जिससे इसकी कार्यक्षमता लंबे समय तक बनी रहेगी।

## जंगल में हेलिकाप्टर क्रैश, 8 लोगों की मौत



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के कालीमंतन प्रांत में एक हेलिकाप्टर क्रैश हो गया, जिसमें सवार सभी 8 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। यह हेलीकाप्टर गुरुवार सुबह एक प्लांटेशन इलाके से उड़ान भरने के सिर्फ 5 मिनट बाद ही संपर्क से बाहर हो गया। राहत एजेंसी के प्रमुख मोहम्मद स्याफी ने बताया कि जहां हेलीकाप्टर का संपर्क टूटा, वह इलाका घने जंगल और पहाड़ियों से भरा हुआ है, जिससे बचाव कार्य में काफी दिक्कत आ रही है। रेस्क्यू टीम को हेलीकाप्टर के मलबे का एक हिस्सा, जो पूंछ बताया जा रहा है, उस जगह से करीब 3 किलोमीटर पश्चिम में मिला है जहां आखिरी बार संपर्क हुआ था। हादसे की वजह अभी तक साफ नहीं हो पाई है। हेलीकाप्टर में 6 यात्री और 2 क्रू मेंबर सवार थे और सभी की इस हादसे में मौत हो गई। शुक्रवार को सेना और पुलिस की मदद से बचाव दल जमीन के रास्ते घटनास्थल तक पहुंचने की कोशिश कर रहा है। यह हेलिकाप्टर एक पाम आयल कंपनी के प्लांटेशन इलाके से उड़ा था और एक निजी एविएशन कंपनी का था।

# होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान ने अमेरिका को फिर धमकाया, नौसैनिक नाकेबंदी तुरंत हटाए

**तेहरान**

अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी को ईरान युद्धविराम का उल्लंघन मानता है और अगर यह नाकाबंदी नहीं हटाई गई तो ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा बंद कर देगा। कुछ घंटे पहले शुक्रवार को ईरान के विदेश मंत्री ने लेबनान युद्धविराम की अवधि के दौरान वाणिज्यिक जहाजों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य से आवागमन खोलने की घोषणा की थी।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरघची ने शुक्रवार को अपने संबोधन में कहा कि लेबनान से संबंधित युद्धविराम की अवधि के दौरान वाणिज्यिक जहाजों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य से आवागमन पूरी तरह से खुला है। अरघची ने कहा कि जहाज ईरान के बंदरगाह और समुद्री संगठन द्वारा समन्वित मार्गों का अनुसरण करेंगे।

उन्होंने एक्स संदेश में लिखा- लेबनान में युद्धविराम के मद्देनजर ईरान के बंदरगाह और समुद्री संगठन द्वारा पहले से घोषित समन्वित मार्ग पर, युद्धविराम की शेष अवधि के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य से सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए आवागमन पूरी तरह से खुला घोषित किया गया है।

लेबनान में युद्धविराम के बाद ईरान ने तीन शर्तों के साथ जलडमरूमध्य को फिर से खोल दिया, जिसमें पहली शर्त है कि जहाज वाणिज्यिक होने चाहिए। सैन्य जहाजों का आवागमन प्रतिबंधित है और न तो जहाजों और न ही उनके माल का किसी शत्रु देश से कोई संबंध होना चाहिए। जहाजों को ईरान द्वारा निर्धारित मार्गों से गुजरना होगा और आवागमन का समन्वय मार्ग प्रबंधन के लिए जिम्मेदार ईरानी बलों के साथ किया जाना चाहिए।




ईरान की इस घोषणा के बाद ईरान इंटरनेशनल ने आईआरजीसी से संबद्ध फार्स न्यूज के हवाले से बताया गया है कि ईरान अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी को युद्धविराम का उल्लंघन मानता है और अगर नाकाबंदी नहीं हटाई गई तो होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से बंद कर दिया जाएगा।

# ईरान की विशाल संपत्तियां विश्व के कोने-कोने में बिखरी, अमेरिका से इसे जारी करने की मांग

**अगर ये जमी संपत्तियां मिल जाती हैं, तो ईरान की अर्थव्यवस्था में आ जाएगा सुधार**

**तेहरान**

ईरान की अर्थव्यवस्था के भविष्य को लेकर वैश्विक स्तर पर बड़ी अटकलें लगाई जा रही हैं। खासकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के किसी संभावित फैसले के बाद। करीब आठ लाख करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि, जो कई देशों के बैंकों में दशकों से फंसी हुई है, अगर वह जारी हो जाती है तो ईरान को एक अभूतपूर्व आर्थिक सहारा मिल सकता है, लेकिन यह एक बड़ा सवाल है कि आखिर यह विशाल राशि कहां-कहां अटकी है और इसे अब तक वापस क्यों नहीं किया गया अमेरिका से लेकर यूरोप और एशिया तक फैला यह फ्रोजन एसेट्स का जाल अब एक बार फिर वैश्विक राजनीति के केंद्र में आ गया है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ईरान एक बार फिर अमेरिका से अपनी इस अहम फ्रोजन एसेट्स को जारी करने की मांग कर रहा है। ये संपत्तियां कई देशों के बैंकों में सालों से जमी हैं और ईरान इन्हें अपनी चरमराती अर्थव्यवस्था के लिए अहम मान रहा है। फ्रोजन एसेट्स या जमी हुई संपत्तियां, वित्तीय विश्व में एक जटिल अवधारणा है। यह तब होता है जब कोई देश या अंतरराष्ट्रीय संगठन किसी दूसरे देश की संपत्ति, धनराशि या बैंक खातों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा देता है। अमेरिका ने 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से ही ईरान पर कई कड़े प्रतिबंध लगाए हैं, जिसके परिणामस्वरूप ईरान अपने तेल निर्यात से अर्जित अरबों डालर का इस्तेमाल करने में असमर्थ है।

रिपोर्टों के मुताबिक ईरान की ये विशाल संपत्तियां विश्व के कोने-कोने में बिखरी हुई हैं। चीन में करीब 20 अरब डालर, जापान में 1.5 अरब डालर, इराक में 6 अरब डालर और भारत में करीब 7 अरब डालर की राशि फंसी हुई है। इसके अतिरिक्त, अमेरिका और यूरोपीय देशों में भी अरबों डालर की धनराशि जमा है, जो अब वैश्विक राजनीति का एक अहम मुद्दा बन गई है। ईरान को इस धनराशि की बहुत जरुरत है। दशकों से चले आ रहे अमेरिकी प्रतिबंधों, भू-राजनीतिक तनाव और हालिया क्षेत्रीय संघर्षों ने देश की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है।

ईरान में महंगाई आसमान छू रही है और उनकी राष्ट्रीय मुद्रा रियाल की कीमत लगातार गिरती जा रही है, जिससे आम जनता का जीवन यापन दुष्कर हो गया है। देश की बुनियादी सुविधाएं चरमरा रही हैं और जरुरी वस्तुओं की आपूर्ति भी बाधित हो रही है। अगर ये जमी हुई संपत्तियां जारी हो जाती हैं, तो ईरान अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार ला सकेगा। वर्तमान में ईरान फिर से अमेरिका से अपनी इस महत्वपूर्ण धनराशि को जारी करने का आग्रह कर रहा है।

# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज छात्रों के लिए सुनहरा दिन रहेगा , आपकी लोकप्रियता दिनोंदिन बढेगी . इस अवधि के दौरान व्यवसाय के हिसाब से यात्रा हो सकती हैं. आपके द्वारा अपनी पूरी कार्य क्षमता का प्रयोग आपको हर हल में सफल बनाएगा. प्रेमी जोडों के लिए समय शुभ नहीं है. आपको अपने जीवनसाथी का ख्याल रखने की जरुरत है. सहोदर सम्बन्ध मे कुछ मतभेद आ सकते हैं. चिकनाई वाला भोजन आप को हृदय सम्बंधित तकलीफ दे सकता हैं संतुलित आहार लें।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

तकनीकी क्षेत्र से जुडे हुए व्यवसायी को अधिक महनत करनी पडेगी उस के बाद भी आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे. आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा. किसी जरूरी काम में जीवनसाथी की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा. निजी क्षेत्र मे जॉब करने वाले लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद है. सोचे हुए सभी काम समय पर पूरे होंगे. आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी. आप की सन्तान कन्या के रूप मे है तो कुछ ना कुछ उपहार जरूर दे।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

आप कलाकार हैं तो आप की बडे स्तर पर पहचान बनेगी धन कोष मे भी बढोत्तरी होगी नयी कम्पनी से जुडने का आफर भी मिल सकता हैं. अपने जीवन साथी की इच्छाओं को आप पूरा करने का भरपूर प्रयास करेंगे रिश्तोमे मे मीठास बढेगी । ध्यान रखें रिश्तों के प्रति अपनी इच्छाओं को इतना न बढ़ाते चले जाएं कि उसका बुरा असर अपने जीवन रेखा की धारा को ही मोड दें।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज सुबह बडे बुजुर्गो का सम्मान एवं आशीर्वाद लेकर चलें। कठिनाइयों को दूर करने मे आप सक्षम होंगे. आपकी मेहनत का बरोबर महन्ताना आप को मिलेगा आज व्यावसायिक रूप से आपके पास अपने आर्थिक पक्ष को बढाने के लिए बहुत अच्छे अवसर होंगे. आज साझेदारी का कारोबार भी आप को लाभ की स्थिति मे ले आएगा बढ़े हुए व्यय के कारण साझेदारी मे कुछ समस्याएं आ सकती है. आज आप थोड़े लापरवाह मूड में हो सकते हैं। आप को पारिवारिक जरुरतों को पहले पूरा करना चाहिए सेहत तंदुरुस्त रहेगी।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आज धार्मिकता मन मे बढेगी आपका दिन ठीक–ठाक रहेगा. शिक्षकों को अपने छात्रों पर कड़ी मेहनत करने की जरुरत है. किसी भी काम को शुरूआत करने से पहले जीवनसाथी से राय– मशविरा कर लेने से अच्छा रहेगा. आप कहीं लंबी यात्रा पर जा सकते हैं. कुछ मामलों में आप अपनी बातों पर कायम नहीं रह पायेंगे.कोई नया दोस्त बन सकता है. शाम का समय कठिन परिस्थितियो वाला हो सकता हैं अपने भरोसेमंद साथीयो से मदद मिल जाएगी।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आज आप अपनी शारीरीक क्षमताओं के बलबूते अपने विरोधियों को परास्त करने मे सफल होंगे अपने काम को भी आगे बढाएंगे . आप अपनी बुरी आदतों को छोड़ कर अच्छी आदतों को अपनाना चाहेंगे. आप अपने रिश्तों पर भी एक नजर डालेंगे और उन्हें और अच्छा बनाने की सोचेंगे. आज अज्ञात कारण वश मन चिंतित रहेगा. प्राप्त हुआ धन आपकी उम्मीद के मुताबिक नहीं होगा. कामकाज के क्षेत्र में भी अपने साथीयों का पूरा सहयोग रहेगा , स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

अपनी कार्यशैली को सुधारने की आवश्यकता हैं किसी सहकर्मी की मदद लेने की जरुरत पडेगी . आपको अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए पर्याप्त अवसर मिलेंगे. राजनीति मे नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं. मीडिया से जुड़े क्षेत्रों के लोगों के पास खुद को व्यस्त रखने के लिए पर्याप्त काम होगा. बच्चे और परिवार भी आप की सफलता का भरपूर आनंद उठाएंगे . अपने बच्चों के लिए विवाह के लिए नये रिश्ते आ सकते हैं आप की जिम्मेदारी पूरी हो सकती हैं

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आज कुछ जरुरतमंदो को अनाज दान करें सहयोग करें आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा. आप को बड़े अधिकारियों का सहयोग मिलेगा. आमदनी में इज़ाफ़ा होने के आसार नज़र आ रहे हैं. पूरे दिन खुद को तरोताज़ा महसूस करेंगे. आप सामाजिक क्षेत्र से जुड़े हुए है तो आज यात्रा का बन रहा हैं. घर परिवार का वातावरण शांतिदायक रहेगा. आध्यात्मिकता की ओर आपका रुझान रहेगा. कुछ अन्तराल के बाद परिवार के साथ पहाड़ी क्षेत्र पर सैरसपाटे के लिए जाएंगे

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज मन तो शान्त रहेगा परन्तु नौकरी में संगी–साथी से मतभेद के चलते कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है. किसी भी चीज को छोटा न समझें, आप के जीवन मे नए संबंध बन सकते हैं आप के लिए लाभकारी रहेगा. वाहन खरीदने के योग बनेंगे सुख–सौभाग्य बना रहेगा. कारोबार के क्षेत्र का वातावरण अनुकूल रहेगा. सभी कार्य किसी रूकावट के बिना पूर्ण होंगे । गणेश जी को बूंदी के लड्डू का भोग लगाए।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज धन सम्बन्धित चिंता से मुक्त रहेंगे परन्तु स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं आर्थिक मामलों में सुधार होगा. जो काम आरंभ करेंगे उस मे सफ़लता मिलेगी. प्रभावशाली एवं महत्वपूर्ण व्यक्तियों से आपका मिलना होगा और इससे आपको फायदा भी होगा. लाभप्रद सौदे हाथ लगेंगे. परिवार के साथ आनंददायी समय बीतेगा. बच्चे शिक्षा पढाई को लेकर आप को परेशान कर सकते हैं योग प्राणायाम करते रहें तभी स्वास्थ्य सुधरेगा।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आज गणेश मंत्र का जप करके ही कार्य का आरंभ करें धन लाभ निश्चित होगा आपका दिन शानदार रहेगा. लोगों का विश्वास आप पर बना रहेगा. अगर आप हाई एजुकेशन पाने की ख्वाहिश रखते हैं तो गणेश जी के मंत्र के साथ सरस्वती मंत्र का जप करें . शिक्षा मे उन्नति होगी बच्चों की तरफ से शुभ समाचार मिलेंगें. घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा. दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य उत्तम रहेगा. नियमित कामकाज में आपका मन लगेगा. रोजमर्रा के कामों से फायदा होगा. अगर आप का पैसा कारोबार में रूका हुआ हैं तो बहते हुए जल मे आटा और चीनी प्रवाहित करें पैसा वापस मिलेगा.

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आज आप को सतर्क रहना पडेगा अकस्मात कुछ घट सकता हैं प्रात: काल सूर्य को अर्घ्य और शिवमंत्र का जप करें आज आप का मान–सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होगा. हर काम को बड़ी कुशलता से निपटा लेगे. भावनाओं में बहकर किसी अनुचित काम ना करें. वैवाहिक जीवन के लिए अच्छा दिन है. नौकरी मे मुश्किलें बन रही है तो अपने मित्रों का सहयोग लेने से मत कतराएं आप का आसान हो जाएगा ।

## आज का पंचांग

दिनांक : 19 अप्रैल 2026 , रविवार
विक्रम संवत : 2083
मास : वैशाख , शुक्ल पक्ष
तिथि : द्वितीया प्रात: 10:52 तक
नक्षत्र : भरणी प्रात: 07:10 तक
योग : आयुष्मान रात्रि 08:01 तक
करण : कौलव प्रात: 10:52 तक
चन्द्रराशि : मेष दोपहर 12:32 तक
सूर्योदय : 05:57, सूर्यास्त 06:33 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:05, सूर्यास्त 06:32 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:57, सूर्यास्त 06:25 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:49, सूर्यास्त 06:23 ( विजयवाडा

**शुभ चौघड़िया**
चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : अक्षय तृतीया, श्रीपरशुरामजी जयंती , बसवेश्वर जयंती , शिवाजी जयंती, युगादि–कल्पादि तिथि




※ पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें ※
पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com


# एआई ट्रेनिंग से सरकारी काम में स्पीड और दक्षता बढ़ेगी : कोया श्री हर्ष



**पेद्दापल्ली, 19 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
जिला कलेक्टर कोया श्री हर्ष ने कहा कि अख (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) तकनीक के उपयोग से सरकारी कार्यों में स्पीड और एफिशिएंसी बढ़ेगी। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आधुनिक तकनीक अपनाकर अपने कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

शनिवार को कलेक्टर ने जिले में आयोजित ऑर्गनाइज़्ड एआई ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग लिया और कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि नई तकनीक अपनाने से काम तेज़ी से पूरा किया जा सकता है और समय की बचत भी होगी। कलेक्टर ने कहा कि अख जैसी आधुनिक तकनीक सीखना केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि ट्रेनिंग में सीखी गई बातों को वास्तविक कार्य में लागू किया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि तकनीक सरकारी सेवाओं को अधिक पारदर्शी (ट्रांसपेरेंट) और अधिक प्रभावी (असरदार) बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे लोगों को तेज़ और बेहतर सेवाएं प्रदान करने की दिशा में काम करें। साथ ही, ट्रेनिंग प्रोग्राम में समय पर उपस्थित रहने, पूरी गंभीरता के साथ हिस्सा लेने और सीखने के दृष्टिकोण के साथ कार्यान्वयन पर ध्यान देने को कहा गया।

इस अवसर पर जिले के अधिकारी, कलेक्ट्रेट एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर बंदी प्रकाश एवं संबंधित विभागों के सभी स्टाफ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जनगणना 2027: समय पर और व्यवस्थित तरीके से काम पूरा करने के निर्देश



**जुलापल्ली / धर्माराम, 18 अप्रैल 2026 (शुभ लाभ ब्यूरो):**
डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर कोया श्री हर्ष ने कहा है कि जनगणना 2027 का कार्य समय पर, व्यवस्थित और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाना चाहिए। इस संबंध में शनिवार को जुलापल्ली और धर्माराम मंडल के एमपीडीओ ऑफिस में जनगणना के व्यवस्था और तैयारियों की समीक्षा मीटिंग आयोजित की गई।

इस दौरान कलेक्टर ने एचएलबी (हाउस लिस्टिंग ब्लॉक) की निर्धारण प्रक्रिया को तीव्र गति से पूरा करने कोशिश का निर्देश दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि लगभग हर 300 घरों या लगभग 800 आबादी के अनुसार एक एचएलबी बनाया जाए और प्रत्येक एचएलबी के लिए एक स्पष्ट व कार्यपरिवीक्षित योजना तैयार की जाए। उन्होंने बताया कि धर्माराम मंडल में कुल 87 एचएलबी तय किए गए हैं, जिन्हें टीमों में बिना किसी अतिरिक्त भार या असंतुलन के ठीक से बांटा गया है। हर एचएलबी की मैप पर सहीसही पहचान की गई है और इसके लिए सैटेलाइट नक्शा और मॉडर्न टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जा रहा है।

कलेक्टर ने बताया कि इस बार की जनगणना में सेल्फएन्यूमरेशन (स्वगणना) प्रणाली भी शुरू की गई है, जिससे नागरिक घर बैठे मोबाइल ऐप या पोर्टल पर अपने घर की आवश्यक जानकारी दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि लोगों को सेल्फएन्यूमरेशन के बारे में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए और यदि कमसेकम लगभग 20 प्रतिशत लोग इस प्रणाली के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर दें, तो क्षेत्रीय प्रगणकों पर बोझ काफी हद तक कम हो जाएगा।

हाउस लिस्टिंग प्रोग्राम 10 मई से शुरू होने की जानकारी देते हुए कलेक्टर ने एन्यूमरेटर्स को निर्देश दिए कि फील्ड सर्वे के दौरान हर घर से आवश्यक जानकारी गलती से मुक्त, सही और पूर्ण रूप से इकट्ठा की जाए।

## तेजस्वी सूर्या को माफी माँगनी चाहिए : आत्रम सुगुणक्का



**आसिफाबाद, 18 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
तेलंगाना की अस्मिता और शहीदों के बलिदान का अपमान करने वाले भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या के लोकसभा में दिए गए बयान को लेकर टीपीसीसी उपाध्यक्ष एवं कुमारमभीम आसिफाबाद जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आत्रम सुगुणक्का ने तीखा विरोध जताया है। आसिफाबाद नगर के अंबेडकर चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने तेजस्वी सूर्या के चित्र वाले फ्लेक्स को जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में सुगुणक्का ने कहा कि तेलंगाना के गठन को भारत–पाक विभाजन से जोड़ना अत्यंत निंदनीय और दुर्भावनापूर्ण टिप्पणी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसे बयान दोबारा किए गए, तो कांग्रेस कार्यकर्ता कड़ा प्रतिरोध करेंगे। सुगुणक्का ने भाजपा के तेलंगाना सांसदों और केंद्र के मंत्रियों की चुप्पी को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि धन और सत्ता के बल पर लोकसभा पहुँचने वाले कुछ भाजपा सांसदों में जिम्मेदारी का न्यूनतम अहसास भी नहीं है। उन्होंने मांग की कि तेजस्वी सूर्या के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही, सुगुणक्का ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले दिए गए विभाजन संबंधी विवादित बयानों का उल्लेख करते हुए कहा कि वही सोच अब सूर्या की भाषा में दिखाई दे रही है।

**महिला आरक्षण बिल पर केंद्र की लापरवाही पर भी हमला**

आत्रम सुगुणक्का ने महिला आरक्षण बिल पर केंद्र सरकार की उदासीनता को लेकर भी कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को देश की संपत्ति को अदानी–अंबानी जैसे कॉर्पोरेट घरानों को सौंपने की जानकारी है, लेकिन महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण के प्रति उनकी कोई चिंता नहीं दिखती।

उन्होंने आरोप लगाया कि जिन लोगों में माँ और पत्नी की जिम्मेदारी निभाने का संस्कार नहीं है, वे महिलाओं की ताकत और अधिकारों को समझ नहीं सकते। सुगुणक्का ने मांग की कि महिला बिल को डिलिमिटेशन से जोड़ने के बजाय तुरंत लागू किया जाए और महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व मिले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिला सशक्तिकरण और अधिकारों के लिए हमेशा संघर्ष करती रहेगी।

## जनगणना से पहले मदनूर मंडल में गणनाकर्ताओं का प्रशिक्षण शुरू



**मदनूर, 18 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
जनगणना के पहले चरण के अंतर्गत जनगणना मंडल अधिकारी और तहसीलदार एमडी मुजीब द्वारा मदनूर मंडल केंद्र के सरकारी विद्यालय (लड़कों) में जनगणना अधिकारियों (गणनाकर्ताओं) के लिए प्रशिक्षण कक्षाएं शुरू की गईं।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनगणना में गणनाकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जोर देकर कहा कि घर–घर की जनगणना तथा घर–घर की सूची तैयार करना प्रारंभिक और सबसे अहम कार्य हैं, जिन्हें बिना किसी त्रुटि के अत्यंत सख्ती से पूरा किया जाना चाहिए।

तहसीलदार ने बताया कि इस बार जनगणना कागज के बजाय मोबाइल ऐप के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने गणनाकर्ताओं को ऐप आधारित प्रक्रिया को गंभीरता से सीखने और निर्धारित निर्देशों का पालन करने की सलाह दी।

सहायक जनगणना मंडल अधिकारी एवं एमपीडीओ रानी ने बताया कि संबंधित ग्राम पंचायत सचिव गांवों में घर–घर की सूची तैयार करने और गांव के विवरण दर्ज करने में सहयोग करेंगे। उनके सहयोग से जनगणना कार्य त्रुटिरहित रूप से संपन्न कराने का प्रयास किया जाएगा।

## महिला आरक्षण बिल पर कांग्रेस की राजनीति अब नहीं चलेगी : गौड़



**मंचेरियाल, 18 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो):**
भाजपा जिला अध्यक्ष नागुनूरी वेंकटेश्वर गौड़ ने कहा है कि महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस की राजनीति अब ज्यादा दिन नहीं चल पाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने लंबे समय से महिलाओं को आरक्षण देने के मुद्दे पर भ्रम फैलाकर और बिल को रोकने के प्रयास करके राजनीति ही की है।

चेन्नूर मंडल के किशटमपेट स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए रास्ता रोको कार्यक्रम किया। इसके बाद राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के पुतलों का दहन किया गया। इस दौरान नागुनूरी वेंकटेश्वर गौड़ ने कहा कि वर्ष 1996 से अब तक महिला आरक्षण बिल को लागू होने से रोकने में कांग्रेस की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 में राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पारित कराने के लिए भाजपा ने समर्थन दिया था, लेकिन कांग्रेस सरकार ने उसे आगे बढ़ाने की बजाय टालमटोल की नीति अपनाई।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने वर्ष 2023 में महिला आरक्षण बिल पारित कर महिलाओं को संवैधानिक सम्मान देने का इतिहास रचा। अब इस बिल को वर्ष 2029 से लागू करने की दिशा में कार्रवाई चल रही है, जिसके विरोध में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन फिर से बाधाएं उठा रहे हैं।

## बेल्लमपल्ली में राहुल गांधी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन



**बेल्लमपल्ली, 18 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
भाजपा राज्य पार्टी के आह्वान और ज़िला पार्टी के निर्देश पर बेल्लमपल्ली शहर के कांटा चौराहे पर नरेंद्र मोदी द्वारा संसद में पेश किए गए महिला बिल को समर्थन देने तथा कांग्रेस की कथित नीतियों/विरोध के खिलाफ प्रदर्शन किया गया।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व शहर अध्यक्ष दारा कल्याणी ने किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी का पुतला जलाया गया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य अमराजुला श्रीदेवी, तथा ज़िला उपाध्यक्ष कोडी रमेश भी शामिल रहे। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महिलाओं की भलाई के लिए हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़ाने हेतु सबसे सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि संसद में महिला आरक्षण/महिला बिल को तीन दिन पहले पेश किया गया था, फिर भी कांग्रेस गठबंधन के कारण महिला बिल को हराने/विरोध करने की कोशिशें जारी रहीं। वक्ताओं का आरोप था कि कांग्रेस सरकार के पास महिलाओं के लिए ठोस सोच के बजाय केवल परिवारवाद है।

उनका कहना था कि महिलाओं को हर प्रकार की राजनीति में सबसे आगे रहना चाहिए। वहीं उन्होंने इंदिरा गांधी के संदर्भ में भी टिप्पणी करते हुए कहा कि जब वे प्रधानमंत्री थीं, तब महिलाओं के लिए महिला बिल को प्राथमिकता दिलाने की दिशा में उन्होंने कोई विशेष संघर्ष नहीं किया। साथ ही वक्ताओं ने कांग्रेस सरकार पर दबाव बनाते हुए कहा कि उसे सभी महिलाओं से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि अब महिलाओं को जो अवसर मिल रहे हैं, वह पहले नहीं दिए गए। इस कार्यक्रम में मंचेरियाल जिला सचिव राचरला संतोष, डिस्ट्रिक्ट एससी मोर्चा सचिव कोडी सुरेश, टाउन वाइस प्रेसिडेंट सल्लाम सुमलता, लीगल सेल कन्वीनर गोली श्रीनिवास, कोडाती कलावती, नित्ता अरुणा सुंदरी सहित अन्य नेता, कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पेद्दापल्ली में रेवंत रेड्डी की पब्लिक मीटिंग के लिए व्यापक भागीदारी का आह्वान



**पेद्दापल्ली, 19 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
सोमवार 20 तारीख को मंथनी निर्वाचन क्षेत्र के कटारम मंडल में माननीय मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की प्रस्तावित पब्लिक मीटिंग आयोजित होगी। इस मीटिंग को सफल बनाने और बड़ी संख्या में लोगों को शामिल कराने के लिए संबंधित नेताओं द्वारा व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। द्पेद्दापल्ली के विधायक चिंताकुंटा विजयरामन राव ने एलिगेडु, जुलापल्ली मंडल पार्टी कार्यालय के कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, नेताओं और कार्यकर्ताओं से इस आयोजन में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर सरकारी व्हिप, एलिगेडु–जुलापल्ली मंडल पार्टी अध्यक्ष, कृषि बाजार (एग्रीकल्चरल मार्केट) चेयरमैन, अनेक गांवों के सरपंच, पब्लिक प्रतिनिधि, कांग्रेस नेता, एक्टिविस्ट तथा कांग्रेस से जुड़े विभिन्न संघों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बेल्लमपल्ली में गांजा तस्करी दो गिरफ्तार, एक फरार



**बेल्लमपल्ली, 18 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो):**
पंचमुख हनुमान मंदिर के पास अवैध गांजा परिवहन करते दो लोगों को बेल्लमपल्ली वन टाउन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी एम.डी. मुज्जू (25 वर्ष) एक नाबालिग के साथ था, जबकि मुख्य आरोपी एस.के. फराजना (48 वर्ष) फरार है।

पुलिस ने जब्त किया 405 ग्राम गांजा (मूल्य 20,250 रुपये), रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350 बाइक (नंबर: टीएस19 बी 1076) और दो मोबाइल फोन। एसआई तल्ला गुरजाला रामकृष्ण की टीम गश्त के दौरान संदिग्ध बाइक की तलाशी लेने पर गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में पता चला कि फराजना ने मुज्जू को महाराष्ट्र के चंद्रपुर भेजकर 16 अप्रैल को गांजा खरीदने के लिए पैसे दिए थे। दोनों बाइक पर लौट रहे थे जब पुलिस ने उन्हें पकड़ा। पंचनामा कर मामला दर्ज किया गया और शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

वन टाउन सीआई के. श्रीनिवास राव ने कहा, गांजा जैसे ड्रग्स की तस्करी और सेवन के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। यह स्वास्थ्य, परिवार और समाज को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने लोगों से ऐसी गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने की अपील की।

## सड़क सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन जरूरी: कुमार दीपक



**मंचेरियाल, 18 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो):**
जिला कलेक्टर कुमार दीपक ने वाहन चालकों से अपील की है कि सभी यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि थोड़ीसी लापरवाही भी गंभीर सड़क दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए वाहन चलाते समय सतर्कता और जिम्मेदारी बहुत जरूरी है।

99 दिनों की प्रजा पालन प्रगति योजना के तहत वेम्पल्ली स्थित जिला परिवहन विभाग कार्यालय में अराइव अलाइव कार्यक्रम के तहत एक विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान कलेक्टर कुमार दीपक, जिला परिवहन अधिकारी सीएच रंजीत और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

शिविर में लगभग 200 ऑटो व लारी चालकों की स्वास्थ्य जांच, आंखों की जांच और अन्य चिकित्सीय परीक्षण किए गए। जरूरतमंद चालकों को दवाएं, आवश्यक सलाह और चश्मे भी वितरित किए गए।

कलेक्टर ने जोर देकर कहा कि दोपहिया वाहन चालक हेलमेट पहनना अनिवार्य है और कार या अन्य वाहनों में सीट बेल्ट लगाकर ही यात्रा की जानी चाहिए। वाहन चलाते समय निर्धारित गतिसीमा का पालन करें, शराब या नशे में ड्राइविंग न करें और मोबाइल पर बातकॉल या टेक्स्टिंग के दौरान वाहन न चलाएं।

उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे परिवार के लिए दुखद घटना बन जाती है। इसलिए सभी नागरिकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित जीवन अपनाएं। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों ने भी भाग लिया।

# महाभारत कथा : भगवान कृष्ण का अवतरण यदु- कुल में

कुरु-वंश और यदु-वंश से जुडी इस श्रृंखला में आज पढते हैं, यदु वंश की शुरुआत के बारे में और भगवान श्री कृष्ण के जन्म के बारे मेंज



**सद्गुरु :** यदु को उसके पिता ययाति ने श्राप दिया था कि वह कभी राजा नहीं बन सकता। वह दक्षिण की ओर आज के मथुरा शहर चला आया और नागा जनजाति में विवाह कर लिया। उस जनजाति में राजा नहीं होतेथे, एक परिषद शासन चलाती थी।यदु उस शासक परिषद में शामिल हो कर उसका मुखिया बन गया। उसके बच्चों से अलग-अलग वंश परंपराएं निकलीं जैसे अंधक, भोजक और वृष्णि, जो साथ मिलकर यादवों के नाम से मशहूर हुईं।

कुछ पीढियों के बाद यदु वंश में वासुदेव का जन्म हुआ। उनकी दो पत्नियां, देवकी और रोहिणी थीं। देवकी का एक सौतेला भाई था, कंस, जो जबरन बनाए गए संबंध यानी बलात्कार से पैदा हुआ था। उन दिनों हर कहीं यह परंपरा थी कि चाहे बच्चे का जन्म किसी भी तरह हुआ हो, वह अपनी मां के वंश का एक वैध हिस्सा बन जाता था। मगर यादवों ने कंस को नहीं अपनाया और उसे अवैध सन्तान कहकर दुत्कार दिया। वह एक महान योद्धा था, फिर भी उन्होंने उसे शासक परिषद में शामिल करने से इनकार कर दिया क्योंकि वह बहुत दुष्ट और असभ्य था। कंस ने पूरब के एक महान राजा जरासंध से दोस्ती कर ली। जरासंध के समर्थन के कारण बहुत से लोग कंस के साथ हो गए। यादव वंश में पहली बार ऐसा हुआ था कि किसी ने बुजुर्गों की परिषद को खारिज करके खुद को राजा घोषित कर दिया था। राजा बनने के बाद कंस ने अपनी निर्विवाद सत्ता स्थापित कर ली और अपने असभ्य तरीकों से राजपाट चलाने लगा। उसके शासन में लोग काफी दुखी थे, मगर कोई उसका विरोध करने का साहस नहीं करता था क्योंकि उसका मित्र जरासंध एक शक्तिशाली राजा था। कंस को श्राप मिला हुआ था कि उसकी बहन के आठवें बच्चे के हाथों उसका वध होगा। जब उसे इस बात का पता चला, तो उसने देवकी और वासुदेव को जेल में डाल दिया। वह गिनती करके सिर्फ आठवें बच्चे को मार सकता था मगर वह कोई खतरा नहीं उठाना चाहता था। जिस दिन पहले बच्चे का जन्म हुआ, कंस ने जेल में जाकर नवजात शिशु को पैरों से उठाया और फर्श पर पटक दिया। उसकी मां भय और दुख से हक्की-बक्की रह गई, मगर जेल में कैद होने के कारण वे कुछ नहीं कर सकते थे। अगले बच्चे का जन्म हुआ, कंस ने फिर से आकर उसे पटक कर मार डाला। इसके विस्तार में मैं नहीं जाऊंगा। उसके बाद वासुदेव और देवकी ने यह सुनिश्चित किया कि सातवां बच्चा बलराम, वासुदेव की दूसरी पत्नी रोहिणी के गर्भ में चला जाए, जो नदी के दूसरी ओर गोकुल में रहती थी।

भगवान कृष्ण का अवतरण

फिर आठवें बच्चे कृष्ण का जन्म होना था। वे इस बच्चे को बचाने के लिए पूरी तरह संकल्पित थे, सिर्फबच्चे के लिए नहीं बल्कि इसलिए भी कि वे कंस के अत्याचार को समाप्त करना चाहते थे। उन्होंने तंत्र विद्या से जेल के रक्षकों को सुला दिया। गोपों के मुखिया नंद और उनकी पत्नी यशोदा नदी के उस पार रहते थे। यशोदा ने अभी-अभी एक बच्ची को जन्म दिया था। वासुदेव ने नवजात कृष्ण को नंद और यशोदा को सौंप दिया और उस नवजात बच्ची को अपने साथ जेल में ले गए। सुबह जब कंस जेल में आया तो लडकी को देखकर हैरान रह गया क्योंकि आठवां बच्चा लडका होना चाहिए था, जो उसे मारता। मगर फिर भी कंस अपने जीवन पर कोई खतरा नहीं चाहता था। कौन जाने लडकी कब लडके में बदल जाए।

वह उसे उठाने ही वाला था कि देवकी ने उससे प्रार्थना की, 'देखो, यह तो एक लडकी है। यह तुम्हें नहीं मार सकती। इसकी शादी हो जाएगी और यह अपने घर चली जाएगी। कृपया इसका जीवन बख्श दो।' कंस ने कहा, 'ऐसा हरगिज नहीं हो सकता। मैं कोई खतरा क्यों मोल लूं' वह लडकी को उठाकर उसे पटकने ही वाला था, मगर वह नीचे नहीं गिरी।

## गजानन की जिह्ना देती है यह सीख

**गजानन रूप** में भी हम भगवान गणेश की वंदना करते हैं। गजानन अर्थात हाथी के मुख वाला। हाथी की जीभ अन्य प्राणियों से अनोखी होती है। गणेशजी के इस रूप में वाणी का महत्व प्रतिपादित होता है। मनुष्य की उत्तम वाणी महत्व को बढाती है और दोषपूर्ण वाणी सम्मान कम करती है। हाथी की जीभ तो बाहर निकलती ही नहीं। यह तो मुख के भीतरी भाग में है। अर्थात इससे वाणी के अनर्थ का भय नहीं है और संयम की सीख है। गजा का अर्थ उन ऋषियों और योगियों से भी जुडता है जो समाधि में बैठे रहते हैं और जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति प्राप्त करते हैं। गणेश अपने इस रूप में हमें पदार्थगत वासना से उबरकर मोक्ष की राह तलाशने की सीख देते हैं। भगवान गणेश का यह रूप यह भी सीख देता है कि जिस तरह हाथी संयमित जीवन से 120 वर्ष जी सकता है मनुष्य भी नियंत्रण से लंबा और सुखी जीवन बिता सकता है।

## इस तरह के उपाय से घर में हो रहे कलह-कलेश को दूर कर सुख-शांति पा सकते हैं



**जीवन** में सुख और शांति का बना रहना काफी मुश्किल होता है। दाम्पत्य जीवन सुखी हो ऐसे में कुछ उपायों को अपनाकर शायद हम अपने जीवन को खुशहाल बना सकते हैं। शुक्ल पक्ष में पडने वाले किसी शुक्रवार के दिन पत्नी अपने हाथों से प्रेम पूर्वक साबूदाने की खीर बनाएं लेकिन उसमें शक्कर के स्थान पर मिश्री डालें। इस खीर को सबसे पहले भगवान को अर्पित करें और इसके बाद पति-पत्नी थोडी-थोडी एक-दूसरे को खिलाएं। भगवान से सुखमय दाम्पत्य की कामना करें। इस दिन किसी लक्ष्मी मंदिर में जाकर इत्र का दान करें। अपने शयनकक्ष में इत्र कदापि न रखें। कुछ दिनों तक यह प्रयोग करते रहें। कुछ ही दिनों में दाम्पत्य जीवन सुखी हो जाएगा। बरगद( बड) के पत्ते को गुरु पुष्य या रवि पुष्य योग में लाकर उस पर हल्दी से स्वस्तिक बनाकर घर में रखें। घर के मुख्य द्वार के ऊपर भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा अथवा चित्र इस प्रकार लगाएं कि उनका मुख घर के अंदर की ओर रहे। उस पर सुबह दूर्वा अवश्य अर्पित करें।

धन संबंधी कार्य सोमवार एवं बुधवार को करें। नए कार्य, व्यवसाय, नौकरी, रोजगार आदि शुभ कार्यों के लिए जाते समय घर की कोई महिला एक मुठ्ठी काले उडद उस व्यक्ति के ऊपर से उतार कर भूमि पर छोड दे तो हर कार्य में सफलता मिलेगी। गरीब, असहाय, रोगी व किन्नरों की सहायता दान स्वरूप अवश्य करें। यदि संभव हो तो किन्नरों को दिए पैसे में से एक सिक्का वापस लेकर अपने कैश बॉक्स या लॉकर में रखें। इससे लाभ होगा। काली हल्दी की एक गांठ शुभ मुहूर्त में प्राप्त कर अपने घर में, व्यवसायी अपने कैश बॉक्स में तथा व्यापारी अपने गल्ले में रखें। रवि पुष्य नक्षत्र के शुभ मुहूर्त में बहेडे की जड या एक पत्ता तथा शंखपुष्पी की जड लाकर घर में रखें। चांदी की डिब्बी में रखें तो और भी शुभ रहेगा।

### टोटके करते समय इनका ध्यान रखें-

**दिशा-निर्देश-** सम्मोहन सिद्धि, देव कृपा प्राप्ति अथवा अन्य शुभ एवं सात्विक कार्यों की सिद्धि के लिए पूर्व दिशा की ओर मुख करके टोटके किए जाते हैं। मान-सम्मान, प्रतिष्ठा व लक्ष्मी प्राप्ति के लिए किए जाने वाले टोटकों के लिए पश्चिम दिशा की ओर मुख करके बैठना शुभ होता है। उत्तर दिशा की ओर मुख करके उन टोटकों को किया जाता है जिनका उदेश्य रोगों की चिकित्सा, मानसिक शांति एवं आरोग्य प्राप्ति होता है।

रोग मुक्ति के लिए किए जाने वाले टोटकों के लिए मंगलवार एवं श्रावण मास उत्तम समय है। मां सरस्वती की प्रसन्नता व शिक्षा में सफलता के लिए बुधवार एवं गुरुवार तथा माघ, फाल्गुन और चैत्र मास में टोटका करना चाहिए। संतान और वैभव पाने के लिए गुरुवार तथा आश्विन, कार्तिक एवं मार्गशीर्ष मास में टोटकों का प्रयोग करना चाहिए।

# अर्धनारीश्वर है मां सिद्धिदात्री का स्वरूप

मां सिद्धिदात्री मां का नवां स्वरूप हैं। नवरात्रि के नौंवे दिन मां के इस स्वरूप की पूजा की जाती है। मां सिद्धिदात्री देवी की आराधना करनेसे आपकी योग्यता और शक्ति में बढोतरी होती है। मां का यह स्वरूप अर्धनारीश्वर के रूप में भी विख्यात है।



**पूजन विधि** कंडे (गाय के गोबर के उपले) जलाकर उसमें घी, हवन सामग्री, बताशा, लौंग का जोडा, पान, सुपारी, कपूर, गूगल, इलायची, किसमिस, कमलगट्टा अर्पित करें। नवरात्र के नौंवे दिन हवन में मां सिद्धिदात्री की इन मंत्रों के उच्चारण के साथ पूजा करें।

**मां सिद्धिदात्री का स्वरूप**

सिद्धिदात्री के चार हाथ हैं। एक हाथ में उन्होंने चक्र धारण किया हुआ है और दूसरे हाथ में गदा है। तीसरे हाथ में शंख है तो चौथे हाथ में कमल का फूल लिए हुए हैं। मां सिद्धिदात्री कमल के फूल पर आसीन हैं। इनका वाहन सिंह है। ऐसा माना जाता है की मां का यह स्वरुप भक्त की 26 अलग-अलग मनोकामनाओं को पूरा कर सकता है। मार्कण्डेय पुराण के अनुसार मां सिद्धिदात्री की पूजा से अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व जैसी आठ सिद्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। ब्रम्हावैवर्त पुराण के श्रीकृष्ण जन्मखंड के अनुसार मां सिद्धिदात्री की पूजा से 18 तरह की सिद्धियों का आशीर्वाद पाया जा सकता है। देव, दानव, गन्धर्व, किन्नर, मानव, यक्ष, सभी मां सिद्धिदात्री की आराधना करके आशीर्वाद पाते हैं।

**नौंवे दिन हवन में मां सिद्धिदात्री के इस मंत्र का उच्चारण करें -**

**ऊँ ह्रीं सः सिद्धिदात्यैं नमः ।।**

**भक्त की 26 अलग मनोकामनाओं को पूरा करती हैं मां**

### मां की आराधना से मिलती हैं सिद्धियां

भगवान शिव ने भी इन्हीं देवी की कृपा से यह तमाम सिद्धियां प्राप्त की थीं। इस देवी की कृपा से ही शिवजी का आधा शरीर देवी का हुआ था। इसी कारण शिव अर्द्धनारीश्वर नाम से प्रसिद्ध हुए। विधि-विधान से नौंवे दिन इस देवी की उपासना करने से सिद्धियां प्राप्त होती हैं। यह अंतिम देवी हैं। इनकी साधना करने से लौकिक और परलौकिक सभी प्रकार की कामनाओं की पूर्ति हो जाती है।

# वास्तु विज्ञान भारत का अत्यंत प्राचीन ज्ञान है

**सब** सही होते हुए भी कभी कभी हमें परेशानियों का सामना करना पडता है, ऐसा क्यों क्या ये सब कहीं वास्तु दोष के कारण तो नहीं है । इस संसार में हर व्यक्ति चाहता है कि वह जीवन में खूब सफलता प्राप्त करें । उसे धन, यश, ऐश्वर्य, प्रसन्नता, अच्छा परिवार, अच्छा स्वास्थ्य सभी कुछ प्राप्त हो, इसके लिए वह दिन रात मेहनत करता है, सदैव प्रयत्नशील रहता है लेकिन फिर भी सभी को उपरोक्त सुख सुविधाओं की प्राप्ति नहीं ही होती है । कई बार जब बहुत जी तोड मेहनत के बाद भी सफलता नहीं मिलती है, जीवन में अस्थिरता रहती है या कोई ना कोई परेशानी लगी ही रहती है तो व्यक्ति निराश होने लगता है । लेकिन इसका कारण उसके भवन, कार्यालय स्थल का वास्तु दोष हो सकता है । जी हाँ, जिस जगह हम अपने जीवन का अधिकांश, महत्वपूर्ण समय बिताते है अगर उसी में दोष है तो लाख चाह कर भी, बहुत प्रयास के बाद भी हमें अपने परिश्रम का श्रेष्ठ परिणाम मिलने में आशंका बनी रहती है ।

पहले समय में भवन की आयु न्यूनतम 100 वर्ष मानी जाती थी । भवन के स्वामी के पुत्र पौत्र आदि उसमे मिलकर लम्बे समय तक निवास करते थे , उस भवन के साथ लोगो की बहुत सी यादें जुडी होती थी और कोई भी व्यक्ति चाहे जितना भी संकट में क्यों ना हो वह उसको बेचने के बारे में सोचता भी नहीं था परन्तु यह बहुत ही खेद का विषय है कि आज वास्तु / ज्योतिष के अनुसार भवन की आयु घट कर लगभग 40 वर्ष ही रह गयी है । इन सबका एक प्रमुख कारण वास्तु के नियमो की पूर्णतया अवहेलना करना है । यदि हमारा भवन वास्तु के अनुरूप है तो वहाँ पर ना केवल परस्पर प्रेम, हर्ष, उल्लास और निरोगिता ही रहेगी वरन वहाँ के निवासियों केविद्धवान, संस्कारी होने की भी बहुत सम्भावना बड जाती है। उन्हें जीवन में धन यश और सफलता की भी आसानी से प्राप्ति होती है । यह ब्रहमाण्ड और हम सभी मनुष्य पंच तत्व से बने है। इन पंच तत्वों जल, पृथ्वी, वायु, अग्नि और आकाश का इस पूरी सृष्टि, समस्त जीवों पर गहन प्रभाव है। अगर इनका संतुलन बिगडा रहता है तो जीवन में सदैव परेशानियाँ बनी ही रहती है । लेकिन वास्तु द्वारा इन्ही पंच तत्वों जल, पृथ्वी, वायु, अग्नि और आकाश के बीच की परस्पर क्रिया को ध्यान में रखकर इस प्रकृति के साथ संतुलन बनाते हुए निश्चय ही श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त किये जा सकते है ।





वास्तु विज्ञान भारत का अत्यंत प्राचीन ज्ञान है जिसकी हमारे ऋषि मुनियों ने अपने अथक प्रयास से मानव जीवन को सुगम बनाने के लिए रचना की है। वास्तु 'वस' शब्द से बना है जिसका अर्थ है वास करना । वास्तु का संस्कृत में अर्थ है मनुष्य एवं देवताओं का निवास स्थान । वास्तु केवल भवन निर्माण कला ही नहीं है वरन वास्तु में सम्पूर्ण देश, राज्य, नगर, भवन, हमारे बैठने ,सोने, खाना बनाने, भण्डारण, पूजा स्थल, स्नानघर आदि एवं निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सभी सामग्रियाँ आती है । इस बात के प्रत्यक्ष प्रमाण है कि वास्तु के सिद्धांतों का पालन करके बनाये गए निर्माणों में धन यश एवं मनवांछित सफलता की अल्प प्रयासों से ही प्राप्ति हो जाती है। भारतीय शास्त्रों में प्रत्येक छोटे बडे स्थान के देवता के रूप में वास्तुपुरुष को मान्यता दी गयी है । किसी भी भवन के निर्माण के समय वास्तु पुरुष की पूजा अनिवार्य मानी जाती है जिससे भवन के निवासियों को जीवन में सभी तरह के सुखों के साथ साथ धर्म, अर्थ,काम और मोक्ष की प्राप्ति हो। प्रत्येक भवन में वास्तुपुरुष का अस्तित्वं माना जाता है । वास्तुपुरुष भवन में अपने हाथ पैरों को एक विशेष समय में मोडकर उलटे लेते रहते है । भवन में वास्तु पुरुष का सर ईशान कोण एवं उनके पैर नैत्रत्य कोण में माने जाते है।


**वास्तु दोष :-** अगर आपके भवन में रहने वाले लोग बार बार बीमार पडते है, उस भवन में रहने वालो के बीच आये दिन कलह रहती है, पर्याप्त मेहनत के बावजूद भी धन की कमी रहती है, अनावश्यक खर्चो का सामना करना पडता है, बनते हुए कार्यों में अडचने आ जाती है, संतान मनमाना कार्य करती है, भवन में रहने वाले तनाव में रहते है।

भवन में भय लगना है, रात में बुरे बुरे सपने आते है, भवन के आसपास या चमगादड नजर आते है तो आपके भवन में वास्तु दोष हो सकता है इसका तुरंत उपाय करें अन्यथा शायद जीवन भर पछताने के सिवाय कुछ भी हाथ ना लगे ।

# नानक की योग्यता देखकर उनके गुरु भी थे हैरान

**पंजाब** का एक छोटा सा शहर तलवंडी में कालूराय बेदी की पत्नी तृप्ता देवी के गर्भ से एक शिशु का जन्म हुआ। यह शिशु बालक था, जिसने बडे होकर अपना समूचा जीवन धार्मिक कट्टरता और धर्म के नाम पर होने वाले अत्याचारों और अनाचारों का विनाश करने के लिए समर्पित कर दिया। कालूराय बेदी तलवंडी के शासक राय दुलार के प्रधान पटवारी थे। साथ ही अत्यधिक विश्वासपात्र भी। उनका घर धन-धान्य से भरा हुआ था। इसलिए शिशु का जन्मोत्सव बहुत धूम-धाम से मनाया गया। तृप्ता देवी ने पुत्री नानकी के जन्म के बाद एक पुत्र को जन्म दिया था। पुत्री का नाम नानकी इसलिए रखा गया क्यों कि उसका अधिक समय ननिहाल में ही गुजरा था। इसलिए बालक को बहिन के नाम का पर्याय देते हुए नानक के रूप में बुलाया जाने लगा।

बचपन से ही नानक में विलक्षण प्रतिभाएं देखने के मिलने लगीं थीं। वह किसी भी पेड के नीचे बैठकर 'सत करतार' का जप किया करते थे। पांच वर्ष की उम्र में ही उनकी पढाई शुरु हो गई। उनके पहले गुरु बने पंडित गोपाल के पास जाने लगे। वह इतने कुशाग्र बुद्धि के थे कि कुछ दिनों में ही पं.गोपाल मान गए कि वह जितने पढे लिखे हैं उससे कहीं अधिक ज्ञान नानक जी को है। इसके बाद नानक जी की फारसी शिक्षा शुरू हुई। उनको फारसी की शिक्षा देने के लिए मौलवी कुतबुद्दीन के पास भेज दिया गया। लेकिन मौलवी ने कुछ दिनों बाद कालूराय जी को बताया कि यह बालक फारसी का विद्वान है। नानक की योग्यता देखकर उनके दोनों गुरु ही हैरान थे।



## ... तो मुश्किल होगा नौकरी ढूंढना

धूम्रपान केवल सेहत को ही नहीं, बल्कि कामकाज और आमदनी को भी प्रभावित करता है। धूम्रपान करने वाले व्यक्ति की आमदनी धूम्रपान न करने वाले व्यक्ति से काफी कम होती है। अमेरिका की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के सहायक प्रोफेसर और इस शोध के प्रमुख जूडिथ प्रोचास्का के अनुसार, धूम्रपान से सेहत को खतरा होता है ये बात तो हम सालों से सुनते आ रहे हैं लेकिन इस नए शोध में कहा गया है धूम्रपान से आमदनी पर भी असर पड़ता है। इस नए शोध में जूडिथ और उनके दल ने 131 ऐसे लोगों को शामिल किया जो बेरोजगार थे और धूम्रपान करते थे। इसके साथ ही इस शोध में 120 ऐसे बेरोजगार लोगों को भी शामिल किया गया जो धूम्रपान नहीं करते थे। धूम्रपान करने और न करने वाले प्रतिभागियों के बीच कई मामलों में अंतर पाया गया। उदाहरण के तौर पर धूम्रपान करने वाले प्रतिभागी आयु, शिक्षा और स्वास्थ्य के मामले में धूम्रपान नहीं करने वाले प्रतिभागियों से पीछे थे। इस अध्ययन से यह भी पता चलता है कि धूम्रपान नौकरी ढूंढ़ने की क्षमता को प्रभावित करता है।

### जौ-चने का सत्तू

चने को भूनने के बाद छिलका हटाकर पिसवा लेने पर चैथाई भाग जौ का सत्तू मिलाने से जौ-चने का सत्तू तैयार हो जाता है। इस सत्तू को पानी में घोलकर या घी-शक्कर मिलाकर पीने से गर्मी और बारिश के मौसम में खोई शारीरिक ऊर्जा प्राप्त होती है। इसकी तासीर ठंडी होती है और यह ठंक देने वाला होता है। चना गुणों में लघु, रुक्ष एवं शीतल होता है। रस में मधुर एवं कषाय होता है।



## स्वस्थ बच्चों के लिए सावधानी जरूरी



**हर** मां-बाप यहीं चाहता है कि उनका बच्चा स्वस्थ रहें लेकिन कई बार उन्हें सेहत संबंधी कई दिक्कतें आती हैं खांसी जुकाम के वह जल्द शिकार हो जाते हैं। इसके पीछे का कारण उनकी या माता-पिता की गलत आदतें हो सकती हैं। उनकी जीवनशैली साफ-सुथरी होती है। यह माता-पिता की ही जिम्मेदारी बनती है कि वह छोटी उम्र में ही बच्चों को स्वस्थ जीवन के लिए कुछ आदतें सिखाए ताकि वे स्वास्थ्य के प्रति जागरुक बन सकें। सावधानी बरतने पर हम बच्चों के बीमार होने की संभावनाएं कम कर सकते हैं। यदि आप अपने बच्चे के लिए स्वस्थ जीवन चाहते हैं, तो इन आदतों को अपने बच्चों को सिखाना न भूलें।



**हाथ धोना सिखाएं:** बच्चों को खाना खाने से पहले और बाद में हाथ धोना सिखाएं। हाथों में कई कीटाणु लगे होते हैं। उन्हें साफ रखने से आप कई बीमारियों से बच सकते हैं।

**बच्चे को चुस्त रखें:** व्यायाम करने से छोटी बीमारियों की संभावनाएं बहुत कम हो जाती है। एक तो व्यापाम से बच्चा चुस्त रहता है और शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता सक्रिय हो जाती है।



**भरपूर नींद:** इस बात का ध्यान रखें कि आपका बच्चा समय पर सो जाए और अच्दी नींद ले सके। नींद की कमी से वह बीमार हो सकते हैं।

**केयर:** आंखें, नाक और मुंह कुछ ऐसे स्थान हैं, जहां से कीटाणु आपके शरीर में आसानी से प्रवेश कर सकते हैं। ध्यान रखें कि आपके बच्चे गंदे हाथों से अपने मुंह को न छुएं।

**पौष्टिक आहार:** अपने बच्चे को संतुलित आहार दें, जिसमें फल तथा हरी सब्जियां ज्यादा हो, जिससे रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

**रूटीन चेकअप:** कभी-कभी अपने बच्चे को फैमिली डॉक्टर के पास ले जाएं और मामूली स्वास्थ्य मुद्दों की जांच के लिए रूटीन चैकअप करवाएं।

## धूम्रपान से घटता है वजन



**यह** बात तो हर कोई जानता है कि धूम्रपान शरीर के लिए बहुत ही खतरनाक होता है। और इसके आदी लोगों को तो कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं होने का खतरा भी रहता है। लेकिन क्या आप जानते हैं धूम्रपान करने से वजन बढ़ता नहीं बल्कि घटता है। धूम्रपान अक्सर वजन घटाने के लिए जिम्मेदार होता है। लेकिन धूम्रपान वजन घटाने का बेहतर उपाय नहीं है। इसलिए वजन कम करने के लिए इसका कभी भी इस्तेमाल न करें। गर्भावस्था के दौरान मां धूम्रपान करती है तो बच्चे में अतिरिक्त चर्बी हो सकती है।

### मेटाबोलिज्म रेट का बढ़ना

ज्यादा धूम्रपान करने से भूख नहीं लगती है और इस वजह से वजन घटता है। ऐसा धूम्रपान की वजह से निकोटीन खून के अंदर जाने से मेटाबोलिज्म रेट बढ़ जाने और भूख न लगने के कारण होता है।

### हाई ब्लड प्रेशर की समस्या

धूम्रपान करने वालों के खून में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ जाती है। जिसकी वजह से हाई ब्लड प्रेशर की समस्या शुरू हो जाती है।

### अस्वस्थ शरीर

सामान्य लोगों की तुलना में धूम्रपान करने वाले लोग पतले होते हैं। धूम्रपान की वजह से वजन तो घटता ही है, लेकिन साथ ही शरीर की मांसपेशियां भी कमजोर हो जाती हैं। इसलिए धूम्रपान करने से वजन नहीं घटता है बल्कि शरीर अस्वस्थ हो जाता है।

### स्मरण शक्ति पर असर

धूम्रपान करने से निकोटीन का असर दिमाग पर पड़ता है। धूम्रपान का दिमाग पर ऐसा प्रभाव पड़ता है कि धूम्रपान करने वाले को लगता है कि उसका पेट भरा हुआ है। जबकि वास्तव में धूम्रपान दिमाग से सोचने की शक्ति को कमजोर कर देता है। धूम्रपान से स्मरण शक्ति कमजोर होने लगती है।



### खाने का मन न करना

धूम्रपान से दिमाग के प्रभावित होने की वजह से आदमी अपनी नियमित दिनचर्या को भूल जाता है। खाने के समय थकान महसूस होती है जिसके कारण खाने का मन नहीं करता है। इसके कारण आदमी की दिनचर्या प्रभावित होती है जिसका असर पाचन क्रिया पर होता है। खाने में उचित अंतर न हो पाने की वजह से खाना अच्छे से नहीं पच पाता है और शरीर की ऊर्जा समाप्त होने लगती है।

### कैलोरी का जलना

धूम्रपान करने के बाद आदमी के दिल की धड़कन बढ जाती है। सामान्य धड़कन की तुलना में आदमी का दिल 20 बार ज्यादा धड़कता है। जिसके कारण शरीर से कैलोरी बहुत तेजी से जलती है जिसकी वजह से शरीर का वजन घटता है। वजन घटना धूम्रपान करने वाले के सिगरेट पीने की संख्या पर निर्भर करता है। क्योंकि आदमी अगर ज्यादा धूम्रपान करेगा तो कैलोरी ज्यादा जलेगी और वजन घटेगा। लेकिन गर्भावस्था में धूम्रपान करने वाली मां के बच्चों को किशोरावस्था में मोटापे की समस्या हो सकती है। मां द्वारा धूम्रपान करने से निकोटीन बच्चों में जमा हो जाता है जिसकी वजह से बच्चे जब किशोरावस्था में पहुंचते हैं तो उनमें 26 प्रतिशत ज्यादा चर्बी होती है। धूम्रपान करने से शरीर को बहुत नुकसान होते हैं। लेकिन धूम्रपान वजन बढने का कारण नहीं होता है। धूम्रपान से वजन घटता है। किंतु धूम्रपान को वजन घटाने के लिए प्रयोग नहीं करना चाहिए। क्योंकि धूम्रपान से शरीर की मांसपेशियां कमजोर होती हैं।



## हेपेटाइटिस ठीक होती है इन घरेलू नुस्खो से

**हेपेटाइटिस** में व्यक्ति का लिवर (यकृत) ठोस हो जाता है जिससे पेट संबंधी कई परेशानियां होने लगती हैं। गंभीरता से न लेने पर यह बीमारी जानलेवा भी हो सकती है। आइए जानते हैं इसके लिए कारगर उपायों के बारे में।

- गिलोय का 20 मिलिलीटर रस, आंवले व ग्वारपाठे का 10-10 मिलिलीटर रस मिलाकर दिन में दो बार लेने से पाचनक्रिया व पेशाब संबंधी रोगों में लाभ होता है।
- तुलसी की पत्तियों के एक चम्मच पेस्ट 200 मिलिलीटर मूली के पत्तों के रस में मिलाकर पीना भी इस रोग में लाभकारी है।
- मकोय के पत्ते, सफेद पुनर्नवा में हल्दी, काली मिर्च, धनिया व हल्का सेंधा नमक मिलाकर सब्जी बनाकर लेने से लिवर की कठोरता व सूजन में लाभ होगा।
- 15 मिलिलीटर ताजा गिलोय के रस में 20-25 किशमिश कूटकर मिलाएं। इससे उल्टी, पेट में जलन की समस्या में आराम मिलता है।
- मूली के पत्ते, चुकंदर के पत्ते व पालक (तीनों 250 ग्राम मात्रा में) या दानामेथी के पत्तों के रस में 50 ग्राम चीनी व एक चम्मच नमक मिलाएं। इसे हेपेटाइटिस की पहली स्टेज व रोग ठीक होने के बाद दें। इससे खून की कमी दूर होती है।
- मूली के ताजे पत्ते खून व लिवर से अधिक बिलरुबीन (तरल जिसे लिवर बनाता है) निकालने में सक्षम होते हैं। इसके पत्तों को पीसकर 15-20 मिलिलीटर रस दिन में दो बार लेने से पाचनक्रिया में सुधार होता है।
- कुटकी, चिरायता, सौंफ, इलाइची व सोंठ को एक चौथाई चम्मच सभी समान मात्रा में लेकर 2 चम्मच पानी मिलाएं व हल्का गुनगुना करें। इस पेस्ट को शहद में मिलाकर खाने से पाचनक्रिया दुरुस्त होगी।



## टमाटर खाने से बीमारियों का खतरा होता है कम

**टमाटर** दुनियाभर में सबसे ज्यादा खाई जाने वाली सब्जी है। हम हर रोज किसी न किसी रूप में टमाटर का इस्तेमाल करते हैं फिर चाहे वे भोजन, सूप या सलाद ही क्यों न हो। यह भोजन का स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ हमारे स्वास्थ्य के लिए भी काफी फायदेमंद है। टमाटर खाने से कैंसर का खतरा कम हो जाता है तथा यह त्वचा संबंधित बीमारियों से भी राहत दिलाता है। टमाटर खाने से त्वचा जवां दिखती है। ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए भी यह रामवाण है। टमाटर में विटामिन ए काफी मात्रा में पाया जाता है। जिससे आंखों की रोशनी तेज होती है। इसमें दूध से दोगुनी मात्रा में आयरन पाया जाता है। यह सल्फर, कैल्शियम, और विटामिन्स की खान है और भूख बढ़ाने में सहायक है साथ ही कब्ज की समस्या को भी यह दूर करता है।

### स्वस्थ त्वचा

टमाटर स्किन को सनबर्न से बचाता है और टैन्ड स्किन से भी राहत दिलाता है। टमाटर में पाया जाने वाला लाइकोपिन तत्व त्वचा को अल्ट्रावायलेट किरणों से बचाता है।

### पेट के लिए

पेट में कीड़े हों तो हर रोज खाली पेट टमाटर खाने से फायदा होता है। टमाटर में हींग का छौका लगाकर पीजिए, पेट के सारे कीड़े मर जाएंगे। टमाटर पर काली मिर्च लगाकर खाना भी काफी लाभदायक होता है।



### भूख बढ़ाए

टमाटर भूख को बढ़ाकर पाचन शक्ति और पेट से संबंधित अनेक समस्याओं को दूर करता है। टमाटर खाने से पेट साफ रहता है और इसके सेवन से रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है।

### डायबिटीज के लिए

टमाटर खाने से डायबिटीज रोगियों को बहुत फायदा होता है। हर रोज एक खीरा और एक टमाटर खाने से डायबिटीज रोगी को बहुत लाभ मिलता है। टमाटर पेशाब संबंधी रोगों के लिए भी फायदेमंद है।

### मजबूत हड्डियां

टमाटर में विटामिन के और कैल्शियम दोनों ही पाए जाते है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने और मरम्मत के लिए बहुत अच्छे होते हैं।

### आंखों की रोशनी बढ़ाए

टमाटर में पाए जाने वाले विटामिन ए से आंखों की रोशनी तेज होती है और यह रतौंधी को रोकने में मदद करती है।

### लीवर और किडनी

टमाटर लीवर और किडनी की एफिशिएंसी को बढ़ाता है। हर रोज टमाटर का सूप पीने से लीवर और किडनी को फायदा होता है।

### गठिया

अगर आपको गठिया है तो टमाटर का सेवन कीजिए। एक गिलास टमाटर के रस को सोंठ में डालकर अजवायन के साथ सुबह-शाम पीने से गठिया में फायदा होता है।



### चुनौतियों और जोखिम से भरा काम

## आपदा प्रबंधन में भी रोजगार के बेहतर अवसर

इन दिनों आपदा प्रबंधन में युवा कॅरियर बनाने के लिए आगे आ रहे हैं। चूंकि कुदरती आपदा अचानक आती है इसकी कोई तय सीमा नहीं होती। इसी के मद्देनजर 2005 में डिजास्टर मैनेजमैंट एक्ट बनाया गया। केंद्र और राज्य सरकार ने नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी का गठन किया गया। आपदा प्रबंधन के लिए हमारे देश में दो शाखाएं काम कर रही हैं। नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (एनडीएमए) और डायरेक्टर जनरल सिविल डिफेंस (डीजीसीडी)। इनके जिम्मे डिजास्टर से संबंधित कई विभागों का काम होता है वहीं डीजीसीडी के अंतर्गत हर शहर और इलाके में टीमें होती हैं। ये छोटी शाखाओं में काम करते हैं।

### संभावनाएं...

डिजास्टर मैनेजमेंट कोर्स करने के बाद ज्यादातर जॉब पब्लिक सैक्टर में हैं। जैसे सरकारी विभागों के फायर डिपार्टमेंट, सूखा प्रबंधन विभाग। विदेशों में छात्र अपना कॅरियर एमरजेंसी सर्विस, लोकल अथॉरिटी, राहत एजेंसी, एनजीओ, यूएनओ, वर्ल्ड बैंक, एमनेस्टी इंटरनेशनल, एशियन डेवलपमेंट बैंक, रेड क्रॉस सोसायटी, यूनेस्को जैसी इंटरनैशनल एजेंसी में बना सकते हैं। इसमें पेशे में जनसेवा तो है जोखिम भी कम नहीं। इस जोखिम भरे काम के लिए वेतन भी बढ़िया मिलता है।



### प्रमुख संस्थान...

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट, नई दिल्ली
- दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ फायर इंजीनियरिंग, नई दिल्ली
- राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा महाविद्यालय, नागपुर, महाराष्ट्र
- इंस्टीट्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट एंड फायर सेटी, मोहाली, पंजाब
- डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, भोपाल, मध्यप्रदेश

### योग्यता...

डिजास्टर मैनेजमैंट से संबंधित कई तरह के कोर्स मौजूद हैं। कोर्स के स्वरूप के अनुसार अंडरग्रैजुएट व सिर्टिफिकेट कोर्स के लिए छात्र 12वीं कक्षा कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ पास हो। मास्टर तथा एमबीए सरीखे कोर्स के लिए स्नातक होना आवश्यक है। कुछ संस्थान पीएचडी भी कराते हैं। अतः उसके लिए मास्टर डिग्री जरूरी है। इसके अलावा शॉर्ट टर्म कोर्स और डिस्टेंस लर्निंग कोर्स भी एक विकल्प है। सिर्टिफिकेट कोर्स इन डिजास्टर मैनेजमेंट, डिप्लोमा इन डिजास्टर मैनेजमेंट जैस कई कोर्स हैं। रिस्क असेसमेंट एंड प्रीवेंशन स्ट्रेटेजीज, लैजिस्लेटिव स्ट्रक्चर फॉर कंट्रोल ऑफ डिजास्टर मिटिगेशन रेस्क्यू आदि विषय पढ़ाए जाते हैं।

## महिलाओं की उम्र बढ़ा सकती है 'कैमोमाइल'

**वैसे तो दिन में एक कप चाय सेहत के लिए अच्छी मानी जाती है, लेकिन नए शोधों में पता चला है कि कैमोमाइल (बबूने का फूल) की चाय महिलाओं की उम्र बढ़ा सकती है। कैमोमाइल एक प्राचीन पौधा है, जिसका कई औषधीय उपचारों में इस्तेमाल होता है। अध्ययन में पता चला है कि कैमोमाइल का सेवन महिलाओं के लिए ज्यादा फायदेमंद होता है।**

### 7 साल के अध्ययन के बाद सामने आया ये सच...

महिलाओं में यह जनसांख्यिकी कारकों से गुजरने, स्वास्थ्य परिस्थितियों एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार के साथ सामंजस्य बैठाने में भी मददगार है, जबकि यह प्रभाव पुरुषों में नहीं देखा जाता है। अमेरिका में यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास की मेडिकल शाखा के प्रोफेसर ब्रेट हॉवरी ने कहा कि हमारी रिपोर्ट में महिलाओं एवं पुरुषों के बीच भिन्नता पाए जाने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन यह जरूर देखा गया है कि पुरुषों की तुलना में महिलाएं कैमोमाइल का ज्यादा इस्तेमाल करती हैं। शोधकर्ताओं ने अपने 7 साल के अध्ययन के दौरान मैक्सिकन-अमेरिकी लोगों में कैमोमाइल के प्रभाव और मृत्यु के कारणों का अध्ययन किया और पाया कि कैमोमाइल पीने वाले 1,677 महिलाएं एवं पुरुष 65 साल की आयु से ज्यादा जीवन जीते हैं।



### पेट की गड़बड़ी-मोटापे की समस्या में मददगार...

शोधकर्ताओं ने हालांकि कहा कि यह बात स्पष्ट नहीं हो सकी है कि कैमोमाइल के सेवन और मृत्यु दर में गिरावट के बीच कैसा संबंध है। हाल के शोधों में पता चला है कि कैमोमाइल का सेवन हाइपरग्लिकेमिया, पेट की गड़बड़ी, मोटापे की समस्या और घबराहट की बीमारी के उपचार में मददगार है। कैमोमाइल को एक कारगर कॉलेस्ट्रॉल नियंत्रक, एंटीऑक्सीडेंट, एंटीमाइक्रोबॉयल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी प्लेटलेट भी माना जाता है। इसलिए कहा जा सकता है कि कैमोमाइल महिलाओं के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रहा हैं।

## रेसिपी

### मिल्क केक



#### सामग्री

- दूध 10 कप
- फिटकरी 1/8 छोटी चम्मच
- चीनी 150 ग्राम
- घी 2 बड़ा चम्मच
- लिक्विड ग्लुकोस 2 बड़ा चम्मच

#### विधि

सबसे पहले एक बड़े नॉन स्टिक कढ़ाई में तेज आंच पर दूध को उबाल लें। फिर उसमें फिटकरी और चीनी डालकर, लगातार चलाते हुए डेढ़ घन्टे तक पकाएं या जब तक दूध दानेदार और गाढ़ा न हो जाए। फिर इसमें घी और ग्लूकोज डालकर अच्छी तरह मिला लें और तब तक पकाएं जब तक मिश्रण कढ़ाई के किनारे न छोड़ने लगे। अब इस मिश्रण को साढ़े सात इंच व्यास और ढाई इंच गहरे घी लगे बाउल में डालें और ढक दें। चार से पांच घंटे तक एक तरफ रखें। इस बिच मिश्रण पकता रहेगा और बीच की परत हल्का भूरी हो जाएगी। अब इसे बाउल में से निकालें, चौकोर टुकड़े काटें और परोसें।

### तवा पुलाव



#### सामग्री

बासमती चावल -2 कप (पका हुआ), आलू - 1, थोड़ी सी मटर, गाजर -1, शिमला मिर्च - 1, प्याज -1, टमाटर -2, लाल मिर्च पाउडर - स्वादनुसार, थोड़ी सी हल्दी, अदरक लहसुन का पेस्ट, जीरा, पाव भाजी मसाला - 2 टी स्पून, धनिया पत्ता - 2 टेबल स्पून, नींबू का रस, मक्खन - 2 टेबल स्पून, नमक - स्वादानुसार, हरी मिर्च - 2

#### विधि


सबसे पहले आलू और मटर को उबाल लीजिए। प्याज, गाजर, हरी मिर्च, शिमला मिर्च, टमाटर को बारीक काट लीजिए अब उबले हुए आलू का छिलका हटाकर छोटे-छोटे टुकड़ो में काट लीजिए। अब एक पैन में मक्खन डाल कर गरम कीजिए, उसमें जीरा डालकर भुनें उसके बाद बारीक कटा हुआ प्याज, हरी मिर्च डाल कर पकाइए और उसमें अदरक लहसुन का पेस्ट डालकर मिलाए। अब बारीक कटा हुआ टमाटर, गाजर, शिमला मिर्च डालकर मिलाएं। उसके बाद लाल मिर्च पाउडर, हल्दी, पाव भाजी मसाला मिलाकर धीमी आंच पर लगभग 5-6 मिनट तक पकाएं अब उबले हुए मटर, आलू, नमक डाल कर मिलाएं। अब पका हुआ चावल डालकर अच्छी तरह मिला लीजिए उसके बाद बारीक कटा हुआ धनिया पत्ता डालकर मिलाइए अब गैस बंद करके नींबू का रस डालकर रख दीजिए और हो गया आपका गरमा-गरम तवा पुलाव तैयार।

शुभ लाभ
खबरें जो सोच बदल दें

## दिमाग की बज़ी

### पृथ्वी घूमती है, हमें महसूस नहीं होता, क्यों ?

पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है और पृथ्वी अपने अक्ष पर भी घूमती है, लेकिन इसका अनुभव हमें नहीं होता, क्योंकि वह सारा समय एक-समान गति से घूमती है। यह ठीक वैसा ही है, जैसे अगर हम बस, कार या रेलगाड़ी में सफ़र कर रहे हों और वह एक-समान गति से चल रही हो और हम खिड़की में से बाहर की चीजों को न देख रहे हों, तो हमें उसकी गति अनुभव नहीं होती। जब ट्रेन की गति कम या ज़्यादा होती है या जब बस/कार टूटी-फूटी सड़क पर चलती हैं, तब हमें उनके चलने का अहसास होता है।



## क्या आप जानते हैं?

- बिल्लियां मीठी चीजें टेस्ट नहीं कर सकतीं।
- स्नेल तीन साल तक सो सकता है।
- इंग्लैंड की सभी बतखें वहां की महारानी की संपति हैं।
- हाथी की सूंड में कोई हड्डी नहीं होती, लेकिन 40,000 मांसपेशियां होती हैं।
- श्रृंप का दिल उसके सिर में होता है।
- पांचवी मंजिल से गिरने के बाद भी चूहे को कोई चोट नहीं लगती।
- एंटईटर चींटियों की बजाय दीमक खाने को प्राथमिकता देते हैं।
- हाथी दांत का वजन 12 पाउंड तक हो सकता है।



## नॉलेज बाइट

### क्रिकेट का सीधा प्रसारण कैसे होता है ?

प्राकृतिक उपग्रहों की मदद से ही हम दूसरे देशों के कार्यक्रम देख पाते हैं और साथ ही विभिन्न मैचों का सीधा प्रसारण भी। प्राकृतिक उपग्रह वे अंतरिक्षयान हैं, जिन्हें इंसान द्वारा बनाया गया है। ये पृथ्वी के इर्द-गिर्द घूमते हैं। बहुत-से देशों के प्राकृतिक उपग्रह अंतरिक्ष में चक्कर काट रहे हैं। ये अलग-अलग आकारों के है जैसे, गेंद, हैट बॉक्स, टिन कैंस या सिगार की डिब्बी जैसे। इनका इस्तेमाल वैज्ञानिक शोधों के लिए किया जाता है। इनमें से कुछ मौसम संबंधी जानकारी हमारे तक भेजते हैं। ये रेडियो व टीवी प्रसारणों को लंबी दूरी तक पहुंचाते है। इनमें से कुछ पृथ्वी से मात्र 1177 कि.मी. की दूरी पर स्थित है, जबकि कुछ 35,500 कि.मी. से भी अधिक। संचार उपग्रहों के माध्यम से रेडियो और टैलिविजन सिग्नल एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप भेजे जाते हैं। संचार उपग्रहों में एंटीना तथा रिसीवर्स होते है। रिसीवर्स की सहायता से उपग्रह ग्राउंड स्टेशन से रेडियो और टीवी के सिग्नल प्राप्त करता है। इन प्रसारण सिग्नलों की शक्ति इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से बढ़ाई जाती है। फिर ट्रांसमीटर इन प्रसारणों को दूर स्थित ग्राउंड स्टेशनों को भेजते हैं, जो किसी अन्य महाद्वीप पर स्थित हो सकते हैं।

### जन्मजात शत्रुता

नेवले में सांप पर आक्रमण करने की जन्मजात प्रवृति है। नेवले और सांप की लड़ाई में नेवले की अक्सर जीत होती है। सांप के जहर से नेवले की मौत हो सकती है, लेकिन वह इतनी चालाकी से सांप पर हमला करता है कि उसे डसने का मौका ही नहीं मिलता। अगर मौका मिल भी जाए, तो वह अपना विष दांत घुसा नहीं पाता, क्योंकि नेवला अपने शरीर के बालों को फुला कर सांप के डसने में रुकावट पैदा कर देता है, लेकिन अगर सांप नेवले को डसने में कामयाब हो जाए, तो नेवले की खैर नहीं।



# पेड़ों की अजब दुनिया

**संसार में कई तरह के पेड़ पाए जाते हैं। इनमें से कुछ बहुत लंबे, तो कुछ बहुत ही छोटे आकार के हैं। कुछ पेड़ ऐसे भी हैं, जिनके प ो कई मीटर लंबे होते हैं, तो कुछ ऐसे हैं जो परभक्षी हैं। पेड़ों से संबंधित रोचक तथ्य यहां आपके लिए...**



**पेड़** वातावरण के लिए बहुत जरूरी हैं, पर इन्हें कीमती लकड़ी के लिए काट दिया जाता है। इनकी कटाई के कारण हवा व पानी का प्रदूषण, भूमि कटाव, मलेरिया और वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ जाती है। पेड़ों के कम होने का मतलब है कम वर्षा, कम ऑक्सीजन और ग्लोबल वार्मिंग का बढ़ता खतरा।

### सबसे लंबे पत्ते

मैडागास्कर में एक ताड़ का पेड़ है, जिसे 'राफिया पाम' कहा जाता है। इसके पत्ते 12 मीटर से भी अधिक लंबे होते हैं और कुछ पेड़ ऐसे भी हैं, जिनके पत्ते 20 मीटर तक लंबे और दो मीटर चौड़े होते हैं। इनमें से कुछ छोटे पंखे की आकृति के पत्ते होते हैं, टालीयॉट पाम के।

### सबसे पुराने पेड़

सबसे प्राचीन ज्ञात पेड़ है रेगिस्तानी क्रेओसोटे नामक पेड़। यह कैलिफोर्निया में है और एक अनुमान के अनुसार यह 11,700 साल से भी ज्यादा पुराना है। अमेरिका के ही नेवादा कैलिफोर्निया और एरिजोना में पाए जाने वाले ब्रिस्लकोन पाइन नामक पेड़ों के बारे में माना जाता है कि ये विश्व में सबसे प्राचीन हैं। सबसे पुराने जाने गए पेड़, जो अब भी जीवित पाए जाते हैं, वे लगभग 46,00 साल पुराने हैं।

### तेजी से बढ़ने वाला पेड़

ऑस्ट्रेलिया का यूकलिप्टस (सफेदा) पेड़, जो एक साल में 10 मीटर तक बढ़ सकता है, दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ने वाला पेड़ है। सफेदा की 600 से भी अधिक किस्में हैं और उनमें विश्व के सबसे लंबे पेड़ भी शामिल हैं, जो 100 मीटर से अधिक ऊंचे होते हैं।

### सबसे विषैली फफूंद

'डैथ कैप' या 'डैथ कप टोडस्टूल' संभवत: दुनिया की सबसे विषैली फफूंद है। इसका एक बहुत छोटा-सा टुकड़ा भी जान ले सकता है। इसे खाने के करीब 10 घंटे बाद व्यि त ख़ुद को बीमार महसूस करना शुरू कर देता है, लेकिन डॉक्टर भी उसकी किसी प्रकार की मदद नहीं कर सकते हैं, क्योंकि इस विष का कोई उपचार नहीं है। 'डैथ कैप' सभी जानवरों के लिए भी विषैली होती है।

### धीमी गति से बढ़ने वाला

'सायकाड' नामक पेड़, जिसका वैज्ञानिक नाम 'डिऊन एड्यूले' है, के नाम संभवत: स्नेल की रफ्तार से बढ़ने का रिकॉर्ड है। इसमें से एक पेड़ का 1981 से 1986 के बीच अध्ययन किया गया और प्रत्येक वर्ष इसमें 0.76 मिलीमीटर की वृद्धि दर्ज की गई। 120 साल का आयु का पेड़ मात्र 10 सैंटीमीटर तक बढ़ता है।

### परभक्षी पौधे

कुछ पौधे ऐसे दलदली इलाकों में पाए जाते हैं, जहां उनके लिए भोजन की कमी होती है। ये अपने भोजन में कीड़ों को शामिल कर लेते हैं। अतिरिक्त पोषण प्राप्त करने के लिए ये अपने शिकार को हजम कर लेते हैं। 'सनड्यू' नामक पौधे की चिपचिपी स्पर्शिकाएं होती हैं। 'बटरवॉर्ट्स' के पत्ते चिपचिपे होते हैं। पिचर नामक पौधा कीड़ों को अपने मटके और फूल में फंसा लेता है। सबसे अधिक आकर्षक परभक्षी पौधा है, 'वीनस फ्लाई ट्रैप'। इसके प ो कांटों जैसे होते हैं। ये उस कीट के चारों ओर एक जबड़े की तरह बंद हो जाते हैं, जो उस पर बैठता है।

### रोचक जानकारियां

- हर साल दुनिया से करीब 42 मिलियन एकड़ जंगल खत्म हो जाते हैं।
- बहुत कम पौधे आर्कटिक की कड़ी ठंड में जीवित रह सकते हैं। केवल दो पौधे ही ऐसे हैं, जो यहां की तेज बर्फीली हवाओं को सहकर भी जिंदा रह पाते हैं, ये हैं 'यैलो पॉपी' और 'आर्कटिक विल्लो'।
- अमेरिका के एरिजोना में गुलाब का एक इतना विशाल पौधा है, जिसे स्तंभों और पाइपों के सहारे खड़ा रखा गया है। इसके नीचे 150 लोग बैठ सकते हैं।
- सबसे ऊंचे सॉफ्ट वुड पेड़ों में से एक कैलिफोर्निया के विशाल रैडवुड सेकोइया, जनरल शर्मन है। जनरल शर्मन करीब 275 फुट (84 मीटर) ऊंचा है और इसक घेरा 25 फुट है। 2,000 टन वजनी इस पेड़ में पांच अरब दियासिलाई बनाने लायक पर्याप्त लकड़ी है।
- दुनिया का सबसे लंबा पेड़ कैलिफोर्निया में है। इसकी ऊंचाई 360 फुट है।
- ऑस्ट्रेलिया के 236 फुट ऊंचे 'अडा' पेड़ का घेरा 50 फुट है। इसकी जड़ें एक एकड़ से ज्यादा इलाके में फैली हुई हैं।
- माना जाता है कि दुनियाभर में पेड़ों की क़रीब एक लाख विभिन्न प्रजातियां हैं। इनमें सबसे अधिक विविधता ट्रॉपिकल फॉरेस्ट्स में पाई जाती है।
- अमेरिका में प्रयोग किए जाने वाले प्रत्येक चार फार्मास्यूटिकल प्रॉडक्ट्स में से एक ट्रॉपिकल फॉरेस्ट के पौधों से बनता है।

# विनाशकारी भूकंप के झटके



**पृथ्वी** पर रोजाना सैंकड़ों भूकंप आते हैं, हालांकि इनमें से ज्यादातर बहुत हल्के होते हैं और हम महसूस भी नहीं कर पाते। लेकिन हर साल इन भूकंपों के कारण दुनिया भर में करीब 10,000 लोगों की जानें जाती हैं। सबसे ज्यादा भूकंप जापान में आते हैं। यहां लगभग रोजाना भूकंप आते हैं। लेकिन इनमें से अधिकांश भूकंप बहुत छोटे होते हैं और ये कोई नुकसान नहीं पहुंचाते। 1993 में टोक्यों में आए एक भूकंप में एक लाख लोग मारे गए थे। इसके कारण योकोहामा शहर नष्ट हो गया था।

सबसे ज्यादा तबाही मचाने वाला भूकंप 1556 में मध्य चीन में आया था। इस इलाके में अधिकतर लोग नर्म चट्टानों को तराश कर बनाई गई गुफाओं में रहते थे। भूकंप के कारण ये गुफाएं ढह गईं, जिसके चलते लगभग आठ लाख तीस हजार लोग मौत के मुंह में चले गए।

1920 में चीन में आए भूकंप ने तीन सौ वर्ग मील क्षेत्र को प्रभावित किया था। इस भूकंप में करीब दो लाख लोगो ने अपने जानें गंवाई थीं। 1976 में चीन में तंगस्तान में आया भूकंप अढ़ाई लाख से ज्यादा लोगों की मौत का कारण बना।

सबसे शक्तिशाली भूकंप चिली में 22 मई, 1960 को आया था। इसका मैग्नीट्यूड 9.5 था। रिकार्ड में दर्ज अमेरिका के सबसे बड़ा भूकंप मार्च 1964 को गुडफ्राइडे के दिन अलास्का में आया। इस भूकंप का मैग्नीट्यूड 9.2 था। इसके कारण प्रशांत महासागर में कई सुनामी आईं। लेकिन चूंकि अलास्का में जनसंख्या बहुत ज्यादा नहीं है, इसलिए केवल 114 लोगों की मौत हुई।

2005 में पाकिस्तान व भारत के कश्मीर क्षेत्र में आए भूकंप से हुई तबाही के कारण करीब एक लाख लोगों ने आपनी जानें गंवा दीं और कई गांवों का धरती से नामों निशान मिट गया।

यूरोप में आए सबसे भीषण भूकंप में से एक में 1755 में पुर्तगाल का लिस्वन शहर नष्ट हो गया था और 30 हजार लोग इसका ग्रास बन गए थे।

20वीं सदी के सबसे शक्तिशाली भूकंपों में से एक उजरी अमेरिका के सान फ्रांसिस्को में 1906 में आया। इसका मैग्नीट्यूड 7.7 और 8.3 के बीच था। भूकंप के बाद भीषण अग्निकांड भड़क गए। इसके परिणाम स्वरूप 700 लोग मारे गए और 400 मिलियन डॉलर की संपति का नुकसान हुआ।

1811-1812 में मिसूरी के न्यू मैड्रिड नगर में अलग-अलग 1874 भूकंप आए। इनमें से कुछ के झटके 400 मील दूर तक महसूस किए गए। समुद्र के नीचे आने वाले भूकंप के कारण सुनामी आ सकती हैं, जो अपने अधिकेंद्र से काफी दूर तक जा सकती हैं। सुनामी की ऊंची लहरों के कारण तटवर्ती इलाकों में भारी तबाही होती है।

# शिकार का अलग अंदाज



**अंटार्कटिक** महाद्वीप को छोड़कर ऑस्प्रे सभी महाद्वीपों में पाया जाता है। यह लगभग 60 सेंटीमीटर लंबा होता है और इसके पंखों का फैलाव साढ़े चार से छह फीट तक होता है। इनका वज़न ढ़ाई से चार पौंड तक होता है। इनकी पीठ गहरे भूरे रंग की होती है और पेट व छाती सफेद होती है। हालांकि यह चील व हॉक जैसा ही दिखता है, लेकिन कई मायनों में यह उनसे भिन्न है। चील और ऑस्प्रे में भोजन के लिए कई बार लड़ाई हो जाती है। चील अ सर इसे मुंह में पकड़ी हुई मछली गिराने पर मज़बूर करती है और बीच हवा में ही उसे लपक लेती है। यह मछलियों को बड़े चाव से खाता है। यही कारण है कि ये तालाब, नदियों, झीलों और समुद्र के किनारे रहते हैं। इसे 'सी हॉक' भी कहा जाता है, क्योंकि मछली की तलाश में यह समुद्र के आस-पास ही मंडराता रहता है। यहां तक कि यह अपने घोंसले भी समुद्र के किनारे ही बनाता है। ऑस्प्रे अपने पैरों तथा पंजों की खास बनावट के कारण अलग अंदाज में अपना शिकार करता है। ऑस्प्रे के पैर में पांच अंगूठे होते हैं, जिनमें चार एक समान लंबाई के और एक अंगूठा बाहर की ओर उल्टी दिशा में होता है। इसके अलावा, इसके पंजे सूई की तरह नुकीले होते हैं, जो शिकार के शरीर पर मजबूत पकड़ बनाने में मदद करते हैं। ये 30-100 फीट की ऊंचाई से पानी की सतह पर शिकार करता है। ऑस्प्रे कभी- कभार खरगोश, कृन्तक, उभयचर, पक्षी और छोटे रेंगने वाले जानवरों का शिकार करता है, लेकिन अक्सर 25-35 सेंटीमीटर लंबी और 150-300 ग्राम वजन की मछलियों का शिकार करता है। जब कभी यह बड़ी मछलियों को पकड़ता है, तो उनके अधिक वजन होने के कारण खुद समुद्र में डूब जाता है और तुरंत उसकी मौत हो जाती है।

## हम बताएं, आप बनाएं



## अंक पहेली

एक बार श्रीमती शर्मा के यहां बहुत चूहे हो गए। चूहों से बचने के लिए उनके पति श्रीमान शर्माजी एक साथ पांच बिल्लियां ले आए। ये पांचों बिल्लियां एक ही जैसी गति से चूहे पकड़ती हैं। पांचों बिल्लियां पांच मिनट में पांच चूहों का शिकार करती हैं। इस हिसाब से बताइए कि एक बिल्ली को एक चूहा पकड़ने में कितना समय लगता है ?



उत्तर: पांच मिनट। पांच मिनट में पांचों बिल्लियां पांच चूहे पकड़ती हैं। इसलिए हर बिल्ली पांच मिनट में एक ही चूहा पकड़ती है।


# नासा मिशन

**सैनिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए नासा ने कई ऐसे सैटेलाइट भी अंतरिक्ष में स्थापित किए हैं, जो दूसरे देशों के सैनिक ठिकानों पर नजर रखते हैं...**

**अमेरिका** ने पूर्व सोवियत संघ (रूस) के अंतरिक्ष कार्यक्रम का मुकाबला करने और अपने अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए नैशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) की स्थापना 29 जुलाई, 1958 को की थी। एक अक्टूबर, 1958 को इसने पूरी तरह से काम करना शुरू कर दिया था। नासा अंतरिक्ष प्रयोगों के साथ-साथ जनसुविधाओं और सेना के लिए भी काम करता है। नासा में 15 हजार कर्मचारी कार्यरत हैं और इसका वार्षिक बजट 17.6 बिलियन डॉलर है। नासा का मख्यालय वॉशिंगटन में है। इसका प्रमुख (एडमिनिस्ट्रेटर) अमेरिका के राष्ट्रपति का अंतरिक्ष विज्ञान सलाहकार भी होता है। चार्ल्स फ्रैंक बोल्डन वर्तमान में नासा के एडमिनिस्ट्रेटर हैं। नासा के प्रमुख अनुसंधान केंद्र वॉशिंगटन स्थित मुख्यालय के अलावा न्यूयॉर्क, ओहायो, वर्जीनिया और कैलिफोर्निया में भी हैं।

### उपलब्धियां

नासा अब तक 100 से भी ज्यादा मानव सहित अंतरिक्ष मिशन पूरे कर चुका है। इनमें 'अपोलो' और 'कोलंबिया' ऐसे मानव सहित मिशन थे, जो असफल रहे और इस मिशन के दौरान अंतरिक्ष में कई यात्रियों की मौत हो गई। चंद्रमा मिशन के अलावा नासा विभिन्न ग्रहों और क्षुद्रग्रहों के लिए भी कई मिशन चला चुका है। नासा ने अपना पहला अंतरिक्ष प्रौजेक्ट 'मरकरी' के नाम से 1958 में शुरू किया । इसका मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना था कि मानव अंतरिक्ष में जीवित रह सकता है या नहीं। यह प्रौजे ट सफल रहा। इसके बाद नासा ने 'जैमिनी' के नाम से प्रौजेक्ट शुरू किया। इसका मुख्य उद्देश्य चंद्रमा पर मानव के साथ अंतरिक्ष यान उतरना था। इसी प्रोजै ट के तहत नासा ने अपना 'अपोलो' कार्यक्रम शुरू किया। इसका उद्देश्य अंतरिक्ष यात्री लेकर जाना था, लेकिन अपोलो-1 सफल नहीं हो पाया और इसमें जाने वाले सभी अंतरिक्ष यात्री मारे गए।



29 जुलाई, 1969 को नासा ने वह कर दिया, जिसका सपना नासा ने अपनी शुरुआत से देखा था। अपोलो-11 पहली बार मानव को लेकर चंद्रमा पर उतरा और नील आर्मस्ट्रांग पहले मानव बने, जिन्होंने चंद्रमा पर कदम रखा। इसके बाद नासा ने अंतरिक्ष में स्पेस स्टेशन स्थापित करने का फैसला किया और 'स्काईलैब' से नाम से अंतरिक्ष में पहला स्टेशन शुरू किया । यह स्टेशन 1973 से लेकर 1979 तक कार्य करता रहा । इसके बाद नासा ने 'शटल' के नाम से नया प्रौजेक्ट शुरू किया, लेकिन पहला प्रयास सफल नहीं हो पाया, पर बाद में यह भी सफल रहा।

### महत्वाकांक्षी योजनाएं

नासा की योजना चंद्रमा (मून) और मंगल (मार्स) पर अपने स्पेस स्टेशन स्थापित करने की है। मून और मार्स मिशन के सफल होने के बाद नासा ने अब इस पर काम करना शुरू कर दिया है। नासा की पूरी कोशिश है कि 2020 तक चंद्रमा पर स्पेस स्टेशन स्थापित हो जाए। इसके लिए नासा अन्य देशों, जिनमें भारत भी शामिल है, के साथ मिल कर काम कर रहा है।



# दिल्ली ने बेंगलुरु को रोमांचक मुकाबले में हराया

## आखिरी ओवर में 15 रन बनाए, स्टब्स-राहुल की फिफ्टी; कुलदीप, एनगिडी, अक्षर को 2-2 विकेट



दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल के रोमांचक मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हरा दिया। डीसी को आखिरी ओवर में 15 रन चाहिए थे। डेविड मिलर ने लगातार दो छक्के और एक चौका लगाकर एक बॉल रहते जीत दिला दी।

टॉस हार कर बैटिंग कर रही बेंगलुरु ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 175 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 19.5 ओवर में 6 विकेट रहते टारगेट चेज कर लिया। डीसी की टीम तीसरी जीत के साथ पॉइंट्स टेबल के चौथे स्थान पर आ गई है। जबकि, आरसीबी 8 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर है।

स्टब्स-राहुल के अर्धशतक 176 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने पावरप्ले में ही 3 विकेट गंवा दिए। तीनों विकेट भुवरेश्वर कुमार ने लिए। हालांकि ओपनर केएल राहुल एक एंड से टिके रहे और अर्धशतक लगाया। उनके और ट्रिस्टन स्टब्स के बीच चौथे विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी हुई।

राहुल के अलावा स्टब्स ने नाबाद 60 रन बनाए। डेविड मिलर ने 10 बॉल पर नॉटआउट 22 रन बनाए। बेंगलुरु के लिए भुवरेश्वर कुमार ने 3 विकेट झटके। क्रुणाल पंड्या को 1 विकेट मिला।

पहले बैटिंग करने उतरी बेंगलुरु के लिए फिल सॉल्ट ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 38 बॉल पर 63 रन बनाए। उनकी इस सीजन की यह दूसरी फिफ्टी रही। उनके और विराट कोहली के बीच पहले विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी हुई। सॉल्ट के अलावा टिम डेविड ने 26, कोहली ने 19 और देवदत्त पडिक्कल ने 18 रन बनाए।

दिल्ली के लिए अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और लुंगी एनगिडी ने 2-2 विकेट लिए। मुकेश कुमार को 1 विकेट मिला। वहीं, क्रुणाल पंड्या रन आउट हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### फिंच ने आईपीएल में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले शीर्ष पांच आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की सूची बनायी



**सिडनी।** पूर्व आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर आरोन फिंच ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शेन वाटसन सहित पांच आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की सूची बनायी है जिन्होंने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। इस प्रतिष्ठित सूची में सबसे ऊपर उन्होंने आलराउंडर शेन वाटसन हैं, जिन्हें फिंच ने आईपीएल के इतिहास का सबसे महान आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बताया। उन्होंने कहा, उनका करियर बहुत लंबा रहा है। उन्होंने राजस्थान से शुरुआत की और खिताब जीता। उन्होंने सीएसके में अपना करियर समाप्त किया और वहां भी खिताब जीता। यह उनकी बहुमुखी प्रतिभा और निरंतरता का प्रमाण है जिसने उन्हें आईपीएल के सबसे सफल आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में से एक बनाया है। वाटसन ने अपनी आलराउंड क्षमता से कई बार अपनी टीमों को मुश्किल परिस्थितियों से निकाला है।आईपीएल का खिताब जीतने वाले कप्तान डेविड वार्नर को फिंच ने दूसरे नंबर पर चुना है। वार्नर इस टूर्नामेंट के बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक हैं और उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान के तौर पर आईपीएल 2016 का खिताब जीता था। फिंच ने कहा, इस टूर्नामेंट में उन्होंने 66 बार 50 से ज्यादा रन बनाए हैं। इतने सालों में उनकी परफार्मेंस में जबरदस्त निरंतरता रही है। साथ ही वह एक ऐसे कप्तान हैं जिन्होंने सनराइजर्स के साथ मिलकर खिताब जीता है। इस सूची में तीसरे नंबर पर तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड हैं। फिंच ने आज के टी20 क्रिकेट की जरूरतों के हिसाब से खुद को ढालने में उनकी लगातार अच्छी परफार्मेंस की प्रशंसा की। फिंच ने टिप्पणी की, इन सालों में इस टूर्नामेंट में गेंदबाजी करते हुए उनका प्रदर्शन अविश्वसनीय रहा है। दो अलग-अलग टीमों के साथ दो बार विजेता रहे हैं, इसलिए यह सिर्फ एक ही तरह की गेंदबाजी करने की बात नहीं है। उनके पास हर तरह की काबिलियत है। चौथे स्थान पर फिंच ने पूर्व तेज गेंदबाज मिशेल जानसन को चुना, और नई गेंद से उनके जबरदस्त प्रभाव को रेखांकित किया। फिंच के अनुसार, उनका असर जबरदस्त था, खासकर एकदम नई गेंद से। फिर से, इस टूर्नामेंट में मुंबई इंडियंस के साथ वह दो बार के विजेता रहे हैं।

### टेबल टेनिस नेशनल : बंगाल की बेटियों ने रचा इतिहास, टाप सीड तमिलनाडु को 3-1 से हराकर जीता खिताब



**देहरादून।** परेड ग्राउंड स्थित बहुउद्देशीय हाल में खेली जा रही 87वीं यूटीटी अंतर-राज्यीय जूनियर और यूथ नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। अंडर-19 गर्ल्स टीम फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त पश्चिम बंगाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष वरीय तमिलनाडु को 3-1 से शिकस्त देकर खिताबी गौरव हासिल किया। खिताबी मुकाबले में बंगाल की अविषा कर्मकार ने पहले ही रबर में तमिलनाडु की पूर्व नेशनल चैंपियन एम. हंसिनी को 8-11, 11-6, 11-6, 11-7 से हराकर बंगाल को बढ़त दिलाई। हालांकि, तमिलनाडु की अनन्या मुरलीधरन ने सिंड्रेला दास को पांच गेम के कड़े संघर्ष में हराकर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद डिट्सा राय ने श्रिया आनंद को 3-1 से हराकर बंगाल को 2-1 की निर्णायक बढ़त दिलाई। अंत में सिंड्रेला दास ने एम. हंसिनी को सीधे गेमों में 11-3, 11-7, 11-8 से धूल चटाकर बंगाल की जीत पर मुहर लगा दी।

### वीरेंदर सहवाग ने बताया, क्यों आरसीबी से की थी विराट कोहली ने शुरुआत, दिल्ली से क्यों चूके!



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की जब 2008 में शुरुआत हुई, तो फ्रेंचाइजियों ने आम तौर पर अपने गृह राज्य या शहर के खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी थी। सचिन तेंदुलकर मुंबई इंडियंस के लिए, राहुल द्रविड़ आरसीबी के लिए और वीरेंदर सहवाग दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) के लिए खेले। उस समय दिल्ली के विराट कोहली एक युवा और उभरते हुए स्टार थे। दिल्ली कैपिटल्स उन्हें अपनी टीम में तो जोड़ना चाहती थी, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। अब वीरेंदर सहवाग ने खुलासा किया है कि आखिर कोहली को दिल्ली से जोड़ने में पेच कहां फंसा और दिल्ली कैपिटल्स ने उनकी जगह प्रदीप सांगवान पर दांव क्यों खेला। एक्सपर्ट सहवाग ने खुलासा किया कि दिल्ली कैपिटल्स का टाप आर्डर बैटिंग लाइन-अप पूरी तरह से भरा हुआ था। उनके पास कई बल्लेबाज थे, लेकिन गेंदबाजी में विकल्प कम पड़ रहे थे। सहवाग ने कहा, मुझे याद है कि 2008 में आईपीएल के पहले सीजन में दिल्ली डेयरडेविल्स की हमारी टीम में शिखर धवन भी थे और तिलकरत्ने दिलशान भी। उन्होंने आगे बताया, दोनों ओपनर थे लेकिन हम उन्हें नंबर 3 और नंबर 5 पर खेला रहे थे क्योंकि मैं और गौतम (गंभीर) पारी की शुरुआत करते थे। मनोज तिवारी चौथे नंबर पर उतरते थे।

# सीएसके को मिली सीजन की चौथी हार रोमांचक मुकाबले में हैदराबाद ने रौंदा



हैदराबाद: आईपीएल 2026 के 27वें मुकाबले में शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स को 10 रन से मात दे दी। राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए इस मैच में हैदराबाद ने 20 ओवर में 20 ओवर में 9 विकेट खोकर स्कोरबोर्ड पर 194 रन लगाए। जवाब में सीएसके की टीम आखिर ओवर तक खेलकर भी 8 विकेट खोकर 184 रन ही बना पाई और मैच हार गई। यह इस सीजन सीएसके की चौथी हार है।

**रोमांचक मैच में हारी सीएसके**

195 रन के टारगेट का पीछा करते हुए सीएसके को तगड़ी शुरुआत मिली। संजू सैमसन ने पारी की पहली ही गेंद पर छक्का जड़ दिया। हालांकि अगले ओवर में संजू 7 रन बनाकर चलते बने। लेकिन इसके बाद रुतुराज गायकवाड़ और आयुष म्हात्रे ने मिलकर सीएसके की टीम को 4.4 ओवर में 66 रन तक पहुंचा दिया। फिर आयुष 30 और गायकवाड़ 19 रन बनाकर आउट हो गए। मिडिल ऑर्डर में सरफराज खान ने 19 गेंद पर 25 रन जरूर मारे। लेकिन डेवाल्ड ब्रेविस बिना खाता खोले लौट गए। आखिर में शिवम दुबे ने 21 रन जरूर बनाए, लेकिन वे अपनी टीम को जिता नहीं पाए। हैदराबाद के लिए ईशान मलिंगा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।

**हेड और अभिषेक ने दी तगड़ी शुरुआत**

टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत धमाकेदार रही। अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए सिर्फ 5.5 ओवर में 75 रन जोड़े। अभिषेक आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते नजर आए और उन्होंने सिर्फ 15 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। अभिषेक ने 22 गेंदों में 6 चौके और 4 छक्कों की मदद से 59 रन बनाए। हालांकि, हेड लय में दिखाई नहीं दिए और वह रनों के लिए संघर्ष करते नजर आए। हेड ने 20 गेंदों का सामना करने के बाद सिर्फ 23 रन बनाए। कप्तान ईशान किशन को मुकेश चौधरी ने बिना खाता खोले पवेलियन भेजा।

**क्लासेन ने ठोकी फिफ्टी**

अनिकेत वर्मा भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 2 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, नीतीश कुमार रेड्डी को जेमी ओवरटन ने 12 रनों के स्कोर पर मैथ्यू शॉर्ट के हाथों कैच करवाया। हालांकि, हेनरिक क्लासेन ने अपनी शानदार फॉर्म को इस मैच में भी जारी रखा और 32 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।

क्लासेन एक छोर को संभालकर खड़े रहे। उन्होंने 39 गेंदों में 6 चौके और 2 छक्कों की मदद से 59 रन बनाए।

साहिल अरोड़ा ने 13 रन बनाए, जबकि शिवांग कुमार ने 12 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में सीएसके की ओर से अंशुल कंबोज ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 22 रन देकर 3 विकेट चटकाए। वहीं, जेमी ओवरटन ने भी हैदराबाद के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। मुकेश चौधरी ने 2 और गुरजपनीत सिंह ने एक विकेट निकाला।

# स्टटगार्ट ओपनः एंड्रीवा ने स्वियातेक को चौंकाया, सेमीफाइनल में रयबाकिना से भिड़ंत तय



स्टटगार्ट

**स्टटगार्ट ओपन टेनिस टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जहां रूस की युवा खिलाड़ी मिर्रा एंड्रीवा ने दो बार की चैंपियन इगा स्वियातेक को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। अब उनका सामना शीर्ष वरीय एलेना रयबाकिना से होगा।**

18 वर्षीय एंड्रीवा ने शानदार वापसी करते हुए स्वियातेक को 3-6, 6-4, 6-3 से हराया। पहले सेट में पिछड़ने के बाद एंड्रीवा ने जबरदस्त खेल दिखाया और निर्णायक सेट में दो बार सर्विस ब्रेक कर मुकाबला अपने नाम किया।

इससे पहले, शीर्ष वरीय रयबाकिना ने कनाडा की लेयला फर्नांडीज को कड़े मुकाबले में 6-7 (5/7), 6-4, 7-6 (8/6) से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह मैच करीब तीन घंटे तक चला, जिसमें रयबाकिना ने अंतिम सेट के टाईब्रेक में दो मैच प्वाइंट बचाकर शानदार जीत दर्ज की।

मैच के बाद रयबाकिना ने कहा, शुरुआत में काफी निराशा थी और मेरी सर्विस काम नहीं कर रही थी। लेकिन धीरे-धीरे मैंने खुद को संभाला और लय हासिल की।

स्वियातेक, जिन्होंने अपने छह ग्रैंड स्लैम खिताबों में से चार फ्रेंच ओपन की क्ले कोर्ट पर जीते हैं, इस मुकाबले में फेवरेट मानी जा रही थीं, लेकिन एंड्रीवा के आक्रामक खेल के सामने टिक नहीं सकीं।

गौरतलब है कि एंड्रीवा ने पहले दौर में गत चैंपियन जेलेना ओस्टापेंको को भी बाहर किया था, जिससे उनका आत्मविश्वास पहले ही बढ़ चुका था।

एंड्रीवा ने मैच के बाद कहा, मैं खुद से कह रही थी कि चाहे जो भी हो, मुझे लड़ते रहना है और विश्वास बनाए रखना है कि मैं किसी भी स्थिति से मैच जीत सकती हूं।

अब सेमीफाइनल में एंड्रीवा और रयबाकिना के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है।

## कनमाडीकर ट्राफी : चंबल के रणबांकुरों के सिर सजा खिताबी ताज




**इंदौर।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) द्वारा आयोजित ए.डब्ल्यू. कनमाडीकर ट्राफी (बायज अंडर-13) के फाइनल मुकाबले में चंबल ने इंदौर के विरुद्ध शानदार खिताबी जीत दर्ज की। रमेश भाटिया क्रिकेट फाउंडेशन मैदान पर खेले गए इस तीन दिवसीय फाइनल का परिणाम तकनीकी रूप से अनिर्णित (ड्रा) रहा, लेकिन पहली पारी में हासिल की गई 178 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त के आधार पर चंबल को विजेता घोषित किया गया। मैच के तीसरे और अंतिम दिन चंबल ने अपनी दूसरी पारी में 54/4 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। क्रीज पर मौजूद आरव वशिष्ठ और माहिर खान ने इंदौर के गेंदबाजों की चुनौती का डटकर सामना किया। पहली पारी में शतक से चूके माहिर खान ने दूसरी पारी में भी 67 रनों की तेजतर्रार पारी खेली, जबकि आरव वशिष्ठ ने 60 रन बनाए। इन दोनों बल्लेबाजों की पारियों और कृष्णा तोमर (38 रन) व प्रभात तिवारी (24 रन) के उपयोगी योगदान की मदद से चंबल ने अपनी दूसरी पारी में 252 रन बनाए। पहली पारी की 178 रनों की बढ़त को मिलाकर इंदौर के सामने जीत के लिए 431 रनों का विशाल और लगभग असंभव लक्ष्य खड़ा हो गया। इंदौर की ओर से अथर्व जायसवाल ने 3 और प्रणय व प्रथम ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेजबान इंदौर की टीम ने संभलकर शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज पवित्र पाटिल ने एक छोर संभाले रखा और 33 रन बनाकर नाबाद रहे। इंदौर ने दूसरी पारी में 55 ओवरों के खेल के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 71 रन बनाए थे, तभी समय समाप्ति के कारण अंपायरों ने मैच ड्रा घोषित कर दिया। चूंकि चंबल ने पहली पारी में 178 रनों की निर्णायक बढ़त हासिल की थी, इसलिए नियमानुसार चंबल ट्राफी का हकदार बना।

# प्रीमियर लीग में 25 साल बाद लौटा कोवेंट्री सिटी ब्लैकबर्न से ड्रा के साथ किया प्रमोशन पक्का




ब्लैकबर्न

कोवेंट्री सिटी ने 25 साल बाद प्रीमियर लीग में वापसी कर इतिहास रच दिया। टीम ने ब्लैकबर्न रोवर्स के खिलाफ शुक्रवार रात 1-1 से ड्रा खेलते हुए चैंपियनशिप से प्रमोशन सुनिश्चित कर लिया।

कोवेंट्री सिटी को प्रमोशन पक्का करने के लिए सिर्फ एक अंक की जरूरत थी, जिसे टीम ने हासिल कर लिया। मैच में ब्लैकबर्न ने दूसरे हाफ की शुरुआत में रयोया मोरिशिता के गोल से बढ़त बनाई, लेकिन अंत में बाबी थामस ने हेडर से बराबरी का गोल कर टीम को जरूरी अंक दिला दिया।

इस ड्रा के साथ कोवेंट्री सिटी ने 43 मैचों में 86 अंक हासिल कर तालिका में शीर्ष स्थान मजबूत किया। तीसरे स्थान पर मौजूद मिलवाल उससे 13 अंक पीछे है और अब उसे पकड़ नहीं सकता।

टीम के कोच फ्रैंक लैम्पार्ड ने स्काई स्पोर्ट्स से इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, यह एक अविश्वसनीय पल है। हमें पता था कि हम करीब हैं, लेकिन 25 साल बाद इसे हासिल करना शानदार है। यह क्लब और इसके प्रशंसकों के लिए बहुत मायने रखता है।

लैम्पार्ड के कोचिंग करियर में यह पहला प्रमोशन है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उनके करियर की सबसे खास उपलब्धियों में से एक है।

कोवेंट्री सिटी के लिए यह सफलता सिर्फ खेल तक सीमित नहीं है, बल्कि आर्थिक रूप से भी बेहद अहम मानी जा रही है। चैंपियनशिप से प्रीमियर लीग में पहुंचने पर क्लब को प्रसारण और अन्य स्रोतों से लगभग 120 से 170 मिलियन पाउंड तक की आय होने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि कोवेंट्री सिटी ने 1967 में प्रमोशन के बाद लगातार 34 सीजन इंग्लैंड की शीर्ष लीग में बिताए थे, लेकिन 2000-01 सीजन में टीम को बाहर होना पड़ा। इसके बाद क्लब को आर्थिक और प्रदर्शन दोनों स्तरों पर कठिन दौर से गुजरना पड़ा।

2012 में टीम तीसरे डिवीजन में पहुंच गई और 2017 में चौथे डिवीजन तक गिर गई थी। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में टीम ने शानदार वापसी की और अब एक बार फिर इंग्लैंड के शीर्ष फुटबाल स्तर पर पहुंच गई है।

कोवेंट्री सिटी की यह वापसी क्लब और उसके प्रशंसकों के लिए ऐतिहासिक और भावनात्मक पल साबित हुई है।

# ऋषभ सहित शीर्ष क्रम के विफल होने से हार रही सुपर जाइंट्स : सिद्धू

नई दिल्ली



पूर्व क्रिकेटर से कमेंटेटर बने नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा है कि आईपीएल के इस सत्र में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खराब प्रदर्शन का कारण उसके कप्तान ऋषभ पंत का खराब प्रदर्शन है। सिद्धू ने कहा कि सुपर जाइंट्स की टीम ऋषभ के अलावा अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों एडेन मारक्रम, निकोलस पूरन, मिचेल मार्श पर निर्भर है जिसमें से ऋषभ अब तक केवल एक ही मैच में रन बना पाये है। इससे पता चलता है कि लय में नहीं है पर इसका कारण गेंदबाज नहीं वह स्वयं हैं। सिद्धू ने कहा कि गेंदबाज उन्हें आउट नहीं कर रहे। वह स्वयं अपनी लापरवाही से विकेट गंवा रहे हैं। इससे उनकी टीम की भी मुश्किलें बढ़ रही हैं।

इस विकेटकीपर बल्लेबाज का इस सत्र में प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। वह केवल सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ ही नाबाद 68 रन की खेली खेल पाये हैं। इसके अलावा उनके बल्ले से बड़ी पारी नहीं निकली है। बेंगलुरु में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 5 विकेट की हार के दौरान भी वह केवल एक रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। वह लगातार रनों के लिए संघर्ष कर रहे हैं और पांच मैचों में केवल 104 रन बना पाए हैं, जिसमें उनका औसत 26.00 और स्ट्राइक रेट 122.35 का है, जो उनके क्षमता के अनुरूप बिल्कुल नहीं है।

सिद्धू ने कहा, उन्हें अपनी कमियों पर काफी गहराई से सोचने की जरूरत है। उनकी समस्याएं बनी हुई हैं, विशेषकर इसलिए क्योंकि उनका शीर्ष क्रम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहा है। वे अपने शुरुआती तीन बल्लेबाजों पर बहुत अधिक निर्भर रहे हैं लेकिन उन्हें इसका कोई फायदा नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि मारक्रम, पूरन, मार्श और ऋषभ जैसे खिलाड़ियों में जबरदस्त क्षमता है पर उनके बीच साझेदारियों की कमी रही है। सिद्धू ने कहा, शीर्ष क्रम में 50 रन की साझेदारी भी बहुत कम देखने को मिली है।सिद्धू का मानना है कि गेंदबाज ऋषभ को आउट नहीं कर रहे हैं, बल्कि वह अपना विकेट स्वयं ही खो रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, उनमें प्रतिभा और क्षमता दोनों हैं और अगर वह अपने को थोड़ा समय दें तो वह अपने प्रदर्शन में सुधार कर सकते हैं। साथ ही कहा कि बल्लेबाजों से सहयोग नहीं मिलने से अभी टीम की गेंदबाजी पर भी दबाव है जिससे वह भी बिखर रही है।

## आस्ट्रेलियाई टीम मई में एकदिवसीय सीरीज के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगी



**कराची।** आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम अगले माह मई के अंत में पाकिस्तान का दौरा करेगी। आस्ट्रेलियाई टीम इस दौरे में तीन एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलेगी। ये मैच लाहौर और रावलपिंडी में खेले जाएंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अनुसार इससे देश में क्रिकेट को एक नई उर्जा मिलेगी और बड़ी टीमें आने से नहीं हिचकेंगी। यह दौरा क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) और पीसीबी के बीच हुए एक करार का हिस्सा है। इस के तहत ही आस्ट्रेलियाई टी20 टीम ने पिछले साल टी20 विश्व कप से पहले पाक का ऐतिहासिक दौरा किया था और लाहौर में तीन टी20 मैच खेले थे। वह दौरा पाक में सुरक्षा चिंताओं को दूर करते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हुआ था जिसके बाद अन्य टीम भी उसके यहां जाने लगीं थीं। इससे पाक में शीर्ष स्तर के क्रिकेट के आयोजन की उसकी क्षमता भी साबित हुई है। अब इसी भरोसे को देखते हुए कंगारु टीम एक बार फिर पाक के दौरे पर पहुंचेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये मैच 30 मई से 5 जून के बीच आयोजित किए जाएंगे, जिसकी घोषणा जल्द ही क्रिकेट आस्ट्रेलिया और पीसीबी संयुक्त रूप से करेंगे।



# प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नीति को परमाणु ऊर्जा आयोग से मिली मंजूरी

**2047 तक 100 गीगावाट लक्ष्य के लिए 20 लाख करोड़ की जरूरत**

नई दिल्ली

भारत ने अपने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को निजी भागीदारी के लिए खोलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। हाल ही में एक कार्यशाला में घोषणा की गई कि प्रस्तावित प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति को परमाणु ऊर्जा आयोग ने मंजूरी दे दी है और इसे अंतर-मंत्रालयी परामर्श के लिए भेजा गया है। यह पहल शांति अधिनियम 2025 के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य देश के महत्वाकांक्षी परमाणु ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक विशाल वित्तीय संसाधनों को जुटाना है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में परमाणु ऊर्जा विभाग की सदस्य (वित्त) सीमा जैन ने बताया कि एफडीआई पहल की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने क्षेत्र में धन की निरंतर आवक सुनिश्चित करने के लिए एक नए वित्तपोषण माडल की आवश्यकता पर जोर दिया। जैन ने अनुमान लगाया कि यदि 22 करोड़ रुपए प्रति मेगावाट के मानक आधार को लिया जाए, तो 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य तक पहुँचने के लिए लगभग 20 लाख करोड़ रुपए की विशाल पूंजी की आवश्यकता होगी। उन्होंने यह भी बताया कि फ्लीट मोड विस्तार या एक ही साइट पर कई रिएक्टरों की स्थापना से समग्र अनुमोदन चक्र और संयंत्र स्थापना में लगने वाले समय में कमी आएगी। हालांकि, एनटीपीसी के एक अधिकारी ने निजी क्षेत्र और राज्य सरकारों की ओर से अपेक्षित उत्साह की कमी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विधेयक पारित होने के बाद भी निजी क्षेत्र से उतनी रुचि नहीं देखी जा रही है, जितनी की उम्मीद थी। केंद्र सरकार के हर राज्य में कम से कम एक परमाणु संयंत्र स्थल की पहचान करने के निर्देश का हवाला देते हुए, उन्होंने बताया कि वर्तमान में केवल लगभग 14 राज्यों के साथ काम चल रहा है और स्वीकृति दर उतनी अधिक नहीं है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद ने परमाणु क्षमता वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए परियोजना समय-सीमा और टैरिफ में कटौती की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नए संयंत्रों के लिए

## न्यूज ब्रीफ

### बजाज की लोकप्रिय बाइक डोमिनार 400 नए अवतार में पेश



**नई दिल्ली।** अपनी लोकप्रिय टूरिंग मोटरसाइकिल डोमिनार 400 को बजाज आटो ने नए अवतार में पेश कर दिया है। कंपनी ने इसमें तकनीकी बदलाव करते हुए इंजन क्षमता को नया रूप दिया है, जिससे न केवल कीमत कम हुई है बल्कि प्रदर्शन में भी सुधार देखने को मिल रहा है। नई डोमिनार 400 की सबसे चर्चा में रहने वाली बात इसकी कीमत में आई गिरावट है। अब यह मोटरसाइकिल पहले की तुलना में करीब 37 हजार रुपये तक सस्ती हो गई है। राजधानी दिल्ली में इसकी नई एक्स-शोरूम कीमत 2,03,214 रुपये तय की गई है। यह कीमत में कमी इंजन क्षमता में बदलाव के कारण हुए कर लाभ का सीधा फायदा ग्राहकों को पहुंचाती है। नए माडल में अब 349.13 घन सेंटीमीटर का इंजन दिया गया है, जो पुराने 373 घन सेंटीमीटर इंजन के मुकाबले थोड़ा छोटा है। दिलचस्प बात यह है कि इंजन का आकार घटने के बावजूद, इसकी शक्ति में मामूली वृद्धि हुई है और यह अब लगभग 40.4 अश्वशक्ति की ताकत उत्पन्न करता है। नई डोमिनार 400 के बाहरी स्वरूप में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया है। इसका मजबूत और आकर्षक डिजाइन पहले की तरह ही बरकरार रखा गया है। इसमें उन्नत प्रकाश व्यवस्था के साथ पूर्ण प्रकाश वाले आगे के दीपक, दो डिजिटल मीटर, फिसलन रोकने वाली क्लच प्रणाली और संतुलन को बेहतर बनाने के लिए उन्नत फ्रंट सस्पेंशन जैसे आधुनिक फीचर्स दिए गए हैं। सुरक्षा के लिहाज से भी यह मोटरसाइकिल काफी भरोसेमंद मानी जा रही है, जिसमें आगे और पीछे दोनों पहियों में डिस्क ब्रेक के साथ दोहरी चैनल एबीएस प्रणाली दी गई है।

### पंजाब को राहत, केंद्र ने गेहूं खरीद मानकों में दी ढील, बेमौसम बारिश से प्रभावित फसल के लिए केंद्र सरकार ने घटाए गुणवत्ता मानक



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कई दिनों के इंतजार के बाद आखिरकार पंजाब से 2026-27 विपणन सत्र के लिए गेहूं खरीद के गुणवत्ता मानकों में ढील दे दी है। बेमौसम बारिश से प्रभावित फसल को देखते हुए यह फैसला लिया गया है, जिससे केंद्रीय पूल के लिए गेहूं की खरीद प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है। यह कदम पंजाब और चंडीगढ़ में गेहूं उत्पादकों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। आधिकारिक आदेश के अनुसार, केंद्र सरकार ने पंजाब सरकार और एफसीआई-पंजाब के अनुरोध पर कार्रवाई करते हुए गेहूं की खरीद के लिए समान दिशानिर्देशों में संशोधन किया है। नए मापदंडों के तहत, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) अब पंजाब में 70 प्रतिशत चमक खो चुके और 15 प्रतिशत तक सिकुड़े हुए दानों वाले गेहूं को भी स्वीकार करेगा। पहले सिकुड़े हुए दानों की स्वीकार्य सीमा 6 प्रतिशत थी।

# होम लोन के हिडन चार्जेस से रहें सतर्क, सिर्फ ईएमआई पर भरोसा पड़ सकता है भारी

**प्रोसेसिंग फीस से लेकर प्रीपेमेंट चार्ज तक बढ़ा सकते हैं कुल लागत**




नई दिल्ली

अपना घर खरीदना हर मध्यमवर्गीय परिवार का सपना होता है, लेकिन इस सपने को पूरा करने के लिए लिया गया होम लोन कई बार अनजाने में आर्थिक बोझ भी बन सकता है। वित्तीय विशेषज्ञों का कहना है कि होम लोन लेते समय केवल मासिक ईएमआई पर ध्यान देना पर्याप्त नहीं है, क्योंकि इसके पीछे कई ऐसे हिडन चार्जेस होते हैं जो कुल लागत को काफी बढ़ा देते हैं।

इसे समझने के लिए उदाहरण दिया जा सकता है, कि यदि कोई व्यक्ति 50 लाख रुपये का होम लोन 8.5 फीसद वार्षिक ब्याज दर पर 20 वर्षों के लिए लेता है, तो उसकी मासिक ईएमआई लगभग 43,000 से 44,000 रुपये के बीच होती है। आमतौर पर ग्राहक इसी आंकड़े को आधार बनाकर निर्णय लेते हैं, जबकि वास्तविक खर्च इससे कहीं अधिक हो सकता है। बैंक द्वारा लगाए जाने वाले विभिन्न अतिरिक्त शुल्क इस लागत में इजाफा करते हैं। इन शुल्कों में सबसे प्रमुख है प्रोसेसिंग फीस, जो लोन स्वीकृति के समय एकमुश्त ली जाती है। यह आमतौर पर लोन राशि का एक निश्चित प्रतिशत होती है और इसमें आवेदन प्रक्रिया तथा दस्तावेज़ों की जांच का खर्च शामिल होता है। इसके अलावा, यदि उधारकर्ता समय पर ईएमआई का भुगतान नहीं करता है, तो उसे लेट पेमेंट पेनल्टी का सामना करना पड़ता है। गंभीर मामलों में डिफाल्ट चार्जेज़ भी लगाए जाते हैं, जिनमें रिकवरी और कानूनी प्रक्रियाओं से जुड़े खर्च शामिल होते हैं।

यहीं नहीं, यदि कोई ग्राहक अपने लोन का समय से पहले पूरा या आंशिक भुगतान करना चाहता है, तो उसे प्रीपेमेंट चार्ज भी देना पड़ सकता है। यह शुल्क बैंक द्वारा संभावित ब्याज के नुकसान की भरपाई के लिए लिया जाता है, जिससे उधारकर्ता की बचत की योजना प्रभावित हो सकती है। इस स्थिति में वित्तीय सलाहकार कहते हैं कि घर खरीदना जीवन का एक बड़ा आर्थिक निर्णय है, इसलिए इसे जल्दबाजी में नहीं लेना चाहिए। उनके अनुसार, ग्राहकों को लोन लेने से पहले सभी शर्तों और शुल्कों की पूरी जानकारी हासिल कर लेनी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी अप्रत्याशित खर्च का सामना न करना पड़े। विशेषज्ञ यह भी सुझाव देते हैं कि जिन ग्राहकों का सिबिल स्कोर अच्छा होता है, उनके पास बैंकों से बेहतर ब्याज दर और कम शुल्क पर बातचीत करने का अवसर होता है। इसलिए, अलग-अलग बैंकों के आफर्स, नियम और शर्तों की तुलना करना बेहद जरूरी है।

विशेषज्ञों का मानना है कि केवल ईएमआई के आधार पर निर्णय लेने के बजाय, लोन की कुल लागत को समझना और सभी संभावित शुल्कों को ध्यान में रखना ही समझदारी भरा कदम है। इससे न केवल अनावश्यक खर्चों से बचा जा सकता है, बल्कि लंबे समय में हजारों रुपये की बचत भी संभव है।

### उन्नत सुविधाओं से लैस गाड़ियों को बाजार में उतारने की तैयारी

**नई दिल्ली।** साल-2026 उन ग्राहकों के लिए खास साबित होने वाला है, जो नई गाड़ी खरीदने की योजना बना रहे हैं। कई कंपनियां न केवल अपने मौजूदा माडलों को नया रूप देने जा रही हैं, बल्कि आधुनिक तकनीक और उन्नत सुविधाओं से लैस नई गाड़ियों को भी बाजार में उतारने की तैयारी कर चुकी हैं। देश की दो प्रमुख वाहन निर्माता कंपनियां, टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा, अपने लोकप्रिय माडलों के नए संस्करण और विद्युत चालित विकल्प पेश करने की तैयारी में हैं। महिंद्रा अपनी सबसे लोकप्रिय गाड़ियों में शामिल स्कार्पियो-एन का नया रूप पेश करने जा रही है, जिसमें बाहरी डिजाइन में हल्के बदलाव जैसे नई शैली की जाली और आधुनिक हेडलैंप शामिल होंगे। पारंपरिक स्कार्पियो के माडल को भी नया रूप दिया जाएगा, जिसमें कुछ अतिरिक्त सुविधाएं और प्रीमियम लुक मिलेगा। महिंद्रा इस साल अपने विद्युत चालित वाहन पोर्टफोलियो को भी मजबूत करेगी, जिसमें मौजूदा माडलों में नई क्षमता वाले बैटरी विकल्प जोड़े जाएंगे। साथ ही, लोकप्रिय आफ-रोड गाड़ी थार का नया संस्करण भी जल्द बाजार में दस्तक दे सकता है, जिसमें आगे का हिस्सा अधिक आकर्षक और दमदार बनाया जाएगा। टाटा मोटर्स भी इस दौड़ में पीछे नहीं है और कंपनी अपनी नई सिएरा को विद्युत रूप में पेश करने की तैयारी कर रही है। यह गाड़ी मध्यम आकार की श्रेणी में आएगी और आधुनिक डिजाइन के साथ लंबी दूरी तय करने में सक्षम होगी।

# भारतीय ग्राहकों को मिल सकता है और ज्यादा ताकतवर स्कूटर का विकल्प



नई दिल्ली

**मुंबई में सुजुकी मोटरसाइकिल ने अपने प्रीमियम श्रेणी के बड़े स्कूटर, बर्गमैन 400 को पेश कर यह संकेत दिया है कि आने वाले समय में भारतीय ग्राहकों को ज्यादा ताकतवर और लंबी दूरी के लिए उपयुक्त स्कूटर का विकल्प भी मिल सकता है।**


हालांकि कंपनी ने अभी तक इसके आधिकारिक लान्च की घोषणा नहीं की है, लेकिन इसे देश में प्रदर्शित करने से यह स्पष्ट हो गया है कि सुजुकी भारतीय बाजार की प्रतिक्रिया को समझना चाहती है। बर्गमैन 400 को वैश्विक स्तर पर एक प्रीमियम मैक्सी शैली के टूरिंग स्कूटर के रूप में जाना जाता है।

यह पारंपरिक स्कूटरों की तुलना में काफी बड़ा, आकर्षक और सुविधाजनक है, जिसका डिजाइन रोजमर्रा के उपयोग के साथ-साथ लंबी दूरी की यात्रा के लिए भी उपयुक्त है। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसका 400 सीसी क्षमता वाला तरल शीतलन प्रणाली से लैस एकल सिलेंडर इंजन है, जो इसे सामान्य स्कूटरों से अलग बनाता है। यह इंजन लगभग 28.5 अश्वशक्ति की ताकत और 35 न्यूटन मीटर का बल उत्पन्न करता है, जिसे स्वचालित गियर प्रणाली के साथ जोड़ा गया है।

आधुनिक सुविधाओं की बात करें तो, इसमें पूरी तरह से प्रकाश उत्सर्जक डायोड आधारित लाइटिंग प्रणाली, अर्ध-डिजिटल सूचना पटल, ट्रैक्शन नियंत्रण प्रणाली और दोहरे चैनल वाला एंटी-लाक ब्रेकिंग सिस्टम शामिल है, जो सुरक्षा और नियंत्रण दोनों को बेहतर बनाता है। इसमें सीट के नीचे लगभग 42 लीटर का बड़ा स्टोरेज स्पेस भी दिया गया है।

अगर इसे भारत में लान्च किया जाता है, तो इसकी कीमत सबसे अहम भूमिका निभाएगी, क्योंकि प्रीमियम फीचर्स और बड़े इंजन के चलते यह सामान्य स्कूटरों से काफी अधिक हो सकती है।

### समुद्री खनिज अन्वेषण पर जोर, नई नीति और वित्तपोषण की सिफारिश



**नई दिल्ली।** संसद की एक स्थायी समिति ने भारत के समुद्री खनिज संसाधनों के दोहन की तैयारी में मौजूद कमियों को उजागर किया है। समिति ने एक समर्पित अपतटीय खनिज अन्वेषण नीति और विशेष फंडिंग व्यवस्था की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया है, खासकर तब जब सरकार के अपतटीय ब्लाकों की नीलामी के पहले प्रयास में निवेशकों ने कोई रुचि नहीं दिखाई। कोयला, खनन और इस्पात पर बनी इस संसदीय समिति ने नेशनल मिनरल एक्सप्लोरेशन एंड डेवलपमेंट ट्रस्ट पर अपनी 23वीं रिपोर्ट में कहा है कि अपतटीय अन्वेषण, विशेषकर महत्वपूर्ण खनिजों को सुरक्षित करने के लिए, बड़े पैमाने पर अप्रयुक्त समुद्री तल खनिजों का दोहन करने और दीर्घकालिक संसाधन सुरक्षा को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है। समिति ने खान मंत्रालय से एक स्पष्ट नीतिगत ढांचा तैयार करने की सिफारिश की है। इसमें पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण जैसी एजेंसियों सहित अंतर-मंत्रालयी समन्वय और मजबूत फंडिंग की व्यवस्था को शामिल करने पर जोर दिया गया है। समिति का मानना है कि इन खामियों को दूर करके ही भारत अपनी समुद्री खनिज संपदा का प्रभावी ढंग से लाभ उठा पाएगा।

# टीसीएस ने नासिक इकाई आरोपों पर जांच शुरू की, पीओएसएच शिकायतें नहीं मिलीं

**डेलायट और ट्राइलीगल को स्वतंत्र वकील के तौर पर नियुक्त किया गया**





नई दिल्ली

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने अपनी नासिक इकाई से संबंधित आरोपों पर गहन स्वतंत्र जांच शुरू करने की घोषणा की है। एक बयान में कंपनी ने स्पष्ट किया कि उसकी प्रारंभिक आंतरिक समीक्षा में नैतिकता या पीओएसएच (यौन उत्पीड़न की रोकथाम) संबंधित चैनलों पर ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है, जैसा कि आरोप लगाए जा रहे हैं। इस मामले में कंपनी ने बोर्ड-स्तरीय निगरानी भी स्थापित की है ताकि जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके।

टीसीएस के सीईओ और एमडी के कृत्तिवासन ने कहा कि विस्तृत जांच अभी भी जारी है, लेकिन नासिक इकाई से संबंधित प्रणालियों और रिकार्डों की शुरुआती समीक्षा से पता चला है कि कंपनी को अपने पीओएसएच चैनलों पर उन विशिष्ट शिकायतों को प्राप्त नहीं हुआ है, जिनका कथित तौर पर आरोप लगाया जा रहा है। इस जांच को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए, टीसीएस ने डेलायट और ट्राइलीगल जैसे बाहरी विशेषज्ञों को नियुक्त किया है। ये विशेषज्ञ टीसीएस की एक मुख्य अधिकारी के नेतृत्व वाली आंतरिक जांच के लिए स्वतंत्र वकील के रूप में कार्य करेंगे।

कंपनी ने एक निगरानी समिति का भी गठन किया है, जिसकी अध्यक्षता स्वतंत्र निदेशक केकी मिस्त्री करेंगे। जांच के निष्कर्षों को समीक्षा और सिफारिशों के कार्यान्वयन के लिए इस समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जो प्रक्रिया पर बोर्ड-स्तरीय निरीक्षण सुनिश्चित करेगी। उन्होंने नाशिक घटना से जुड़ी निदा खान (जिनका नाम इस मामले से जोड़ा जा रहा है) की भूमिका के बारे में भी महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने बताया कि निदा खान एचआर मैनेजर नहीं थीं और उनकी भर्ती प्रक्रिया में कोई भूमिका नहीं थी। बयान में स्पष्ट रूप से कहा गया, उन्हें एक प्रोसेस एसोसिएट के तौर पर नियुक्त किया गया था और उन पर कोई नेतृत्व संबंधित जिम्मेदारी नहीं थी। टीसीएस इस पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### दो भारतीय...

हमले को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि ईरान अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट पर हमला कर होर्मुज पर कब्जा करने की शेखी बघार रहा है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से ईरान को सबक सिखाने की मांग भी की। ग्राहम ने कहा कि अमेरिका को ईरानी की नाकाबंदी जारी रखना चाहिए, जो पहले से शानदार तरीके से की जा रही है। उन्होंने अमेरिका और बाकी देशों से भी होर्मुज को खोलने में सहयोग देने की अपील की।

नाकाबंदी जारी रखने की अपील और भारत की चिंता

उन्होंने आगे कहा, अमेरिका और अन्य देशों को यह साबित करना होगा कि वे ईरान के हस्तक्षेप के बिना भी जलडमरूमध्य को नियंत्रित करने की क्षमता रखते हैं। मैं राष्ट्रपति ट्रंप से आग्रह करता हूँ कि वे नाकाबंदी जारी रखें, जिसे बेहद शानदार ढंग से अंजाम दिया गया है और जिससे ईरान पर अधिकतम दबाव बन रहा है। यह बिल्कुल स्पष्ट है कि 47 वर्षों के बाद, ईरानी शासन की तरफ से किए गए वादों की कोई कीमत नहीं है। कदम न डगमगाएं। अपने संकल्प पर अडिग रहें।

### हमका माफी...

यह हर किसी को कुछ देने का बिल था। 40 साल से लटके हुए महिलाओं के हक को 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू करने का यह प्रयास था। यह देश की 50 प्रतिशत यानी आधी आबादी को उनका अधिकार देने की साफ नीयत से की गई कोशिश थी। उन्होंने कहा कि यह उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम सभी राज्यों की ताकत एक साथ बढ़ाने का प्रयास था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह एक ईमानदार और पवित्र प्रयास था। लेकिन कांग्रेस और उसके साथियों ने इस प्रयास की पूरे देश के सामने संसद में हत्या कर दी। उन्होंने इसे भ्रूण हत्या कहा और कांग्रेस, टीएमसी, सपा और डीएमके को इस पाप का हिस्सेदार बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश के संविधान की अपराधी है और देश की नारी शक्ति की अपराधी है। प्रधानमंत्री ने बताया कि यह संशोधन तमिलनाडु, बंगाल, यूपी, केरल हर राज्य के लिए फायदेमंद था। डीएमके चाहती तो तमिलनाडु की आवाज संसद में और मजबूत होती। टीएमसी चाहती तो बंगाल को फायदा मिलता। समाजवादी पार्टी चाहती तो अपनी महिला विरोधी छवि सुधार सकती थी। उन्होंने कहा कि सपा ने नारी शक्ति संशोधन का विरोध करके लोहिया जी के सारे सपनों को पैरों तले रौंद दिया। इन सभी पार्टियों ने अपनी स्वार्थी राजनीति के लिए अपने ही राज्यों के लोगों को धोखा दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके साथी दल परिसीमन यानी सीटों के नए बंटवारे पर लगातार झूठ फैला रहे हैं। यह झूठ फैलाया गया कि परिसीमन से कुछ राज्यों को नुकसान होगा।

जबकि सरकार ने साफ कहा है कि न किसी राज्य की हिस्सेदारी कम होगी और न किसी का प्रतिनिधित्व घटेगा। बल्कि सभी राज्यों की सीटें एक जैसे अनुपात में बढ़ेंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि बांटो और राज करो की यह राजनीति कांग्रेस ने अंग्रेजों से विरासत में सीखी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस का पूरा रिकॉर्ड सामने रखा। उन्होंने कहा कि जनधन, आधार, डिजिटल पेमेंट, जीएसटी, गरीबों को आरक्षण, तीन तलाक कानून, आर्टिकल 370 हटाना, यूनिफॉर्म सिविल कोड, वन नेशन वन इलेक्शन, सीएए कानून, घुसपैठियों को भगाना, माओवादी और नक्सली हिंसा खत्म करना। हर जरूरी काम का कांग्रेस ने विरोध किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि लटकाना, भटकाना और अटकाना यही कांग्रेस का तरीका रहा है और इसी वजह से भारत उस ऊंचाई पर नहीं पहुंच पाया जिसका वो हकदार था।

### टैक्सी चालकों ...

पर्याप्त समय और प्रशिक्षण की मांग: लाइसेंस रद्द की धमकी से आक्रोश

वहीं, यूनियन ने सरकार से अपील की है कि चालकों को पर्याप्त समय और प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए, ताकि वे बिना किसी परेशानी के इस नियम का पालन कर सकें। विरोध जताते हुए संगठन ने कहा कि मराठी भाषा सीखना जरूरी हो सकता है, लेकिन अचानक सख्ती और लाइसेंस रद्द करने की धमकी से चालकों में आक्रोश फैल गया है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-22/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 19 अप्रैल, 2026

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# टीम AK पर उठी उंगली पर खंडन

## (भ्रामक एवं एकतरफा विज्ञापन पर एतराज )

**हैदराबाद, 18 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

हाल ही में प्रकाशित ''समाज शर्मसार – कार्यालय में गुंडागर्दी, टीम एके पर उठी उंगली'' शीर्षक से जारी विज्ञापन पूर्णतः एकतरफा, भ्रामक तथा तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करने का प्रयास है। इस प्रकार की खबरें न केवल समाज की छवि को धूमिल करती हैं, बल्कि सदस्यों के बीच अनावश्यक भय और भ्रम भी उत्पन्न करती हैं। अतः इस संदर्भ में वास्तविक तथ्यों को समाज के समक्ष रखना आवश्यक है।

**टीम AK पर लगे आरोपों का स्पष्ट खंडन**

सबसे पहले यह स्पष्ट किया जाता है कि उक्त घटना का Team AK (Agrasen Karyakarta) से कोई भी सीधा या अप्रत्यक्ष संबंध नहीं है। Team AK पर लगाए जा रहे आरोप पूर्णतः निराधार, भ्रामक और असत्यऔर साजिशन हैं।

Team AK इन सभी झूठे आरोपों का पूर्ण रूप से खंडन करती है और इस प्रकार के प्रयासों को केवल समाज में भ्रम फैलाने और टीम की छवि को धूमिल करने की साजिश मानती है।

1)कोत्तापेट शाखा के सदस्य महिंदर का गली गलोच करना

2)जिस प्रकार तथाकथित ईजीएम में कोत्तापेट शाखा के महिंदर अग्रवाल ने गंदी गंदी गालियों का प्रयोग किया और उनका यह व्यवहार का अनिरुद्ध गुप्ता और नरेंद्र गोयल के कहने पर हुआ क्या ?

3)विनय जैन की धमकी से घटना का आरम्भ

घटना की शुरुआत विनय जैन की धमकी से हुई।इस धमकी का अनिरुद्ध गुप्ता और नरेन्द्र गोयल से संबंध है क्या?

क्या अनिरुद्ध गुप्ता के कहने पर साजिशन धमकी दी गई ?

पहले मारपीट किसने शुरू की। क्या अनिरुद्ध गुप्ता के कहने पर नरेन्द्र गोयल ने युवक पर हाथ उठाया?

4) मुकुंदलाल द्वारा महिलाओं को निजी संदेश भेजना और उन्हें प्रताड़ित करना, छेड़ना उन्होंने अनिरुद्ध गुप्ता के कहने पर किया क्या?

5) तथाकथित ईजीएम में अत्तापुर शाखा के मुकेश कुमार द्वारा गंदी गंदी माता बहनो की गाली देना क्या अनिरुद्ध गुप्ता का आदेश था?

युवक पर आरोप लगाने के लिए राजनैतिक दबाव क्यों अनिरुद्ध गुप्ता ने बनाया?

**1. घटना का मूल कारण छुपाया गया है**

विज्ञप्ति में यह नहीं बताया गया कि संबंधित युवक को समाज के कार्यालय में बुलाया ही क्यों गया था। यदि मामला व्यक्तिगत या आपसी था, तो उसे समाज के मंच पर लाने का औचित्य क्या था? बिना कारण बताए केवल घटना का एक पक्ष प्रस्तुत करना समाज को गुमराह करने जैसा है।

**2. विवाद कैसे शुरू हुआ – यह महत्वपूर्ण प्रश्न**

यह स्पष्ट नहीं किया गया कि विवाद की शुरुआत किस परिस्थिति में हुई। युवक को क्या कहा गया, किस प्रकार की बातचीत हुई, और किन कारणों से स्थिति इतनी बढ़ीइन सभी तथ्यों को जानबूझकर छुपाया गया है। केवल अंतिम परिणाम दिखाकर एक व्यक्ति को दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं है।

**3. वीडियो प्रमाण की बात – पर पूरी सच्चाई क्यों नहीं?**

यह कहा जा रहा है कि घटना के वीडियो मौजूद हैं, परंतु उन्हें सार्वजनिक नहीं किया जा रहा। यदि वास्तव में पारदर्शिता है, तो समाज के वरिष्ठ सदस्यों के समक्ष पूरा वीडियो प्रस्तुत किया जाना चाहिए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि झगड़ा शुरू कैसे हुआ और किसकी क्या भूमिका रही।

**Team AK को जोड़ना – एक सुनियोजित साजिश**

इस घटना को जबरन Team AK (Agrasen Karyakarta) से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि यह एक व्यक्तिगत विवाद प्रतीत होता है।

पिछले 4 वर्षों में Team AK ने समाज के हित में अनेक सराहनीय कार्य किए हैंचाहे वह सेवा कार्य हो, सहायता हो या समाज के लोगों के साथ खड़े रहना।

किसी एक घटना के आधार पर पूरी टीम की छवि खराब करना अनुचित और दुर्भावनापूर्ण है। Team AK के मंच से अनिरुद्ध गुप्ता अध्यक्ष बने है तो क्या वे इस घटना के लिए ज़िम्मेदार हैं?

फ़ोन कर कार्यालय में आमंत्रित करना फिर उकसा कर झगड़ा करना यह सब एक योजनाबद्ध साजिश थी ।

**4. व्यक्तिगत विवाद को सामाजिक मुद्दा बनाना**

यह पूरी घटना एक व्यक्तिगत विवाद को समाज स्तर पर प्रस्तुत कर उसे प्रचार (propaganda) का रूप देने का प्रयास लगती है। इससे समाज की एकता को नुकसान पहुँच रहा है।

**5. विचारणीय प्रश्न (समाज के लिए)**


- पिछले कई वर्षों में ऐसी घटनाएँ क्यों नहीं हुईं?
- पहली बार समाज का नाम न्यायालय तक क्यों पहुँचा?
- अचानक इस प्रकार के विवाद और आरोप क्यों सामने आ रहे हैं?
- समाज कार्यालय में विनय जैन क्या कर रहे थे उन्होंने समाज कार्यालय में धमकी देकर क्यों उस युवक को बुलाया?

**इन प्रश्नों पर गंभीरता से विचार करना आवश्यक है**

समाज की एकता, मर्यादा और सत्य ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है।

Team AK के सदस्य चुनाव में भारी मतों से विजयी हो कर तीन बार आई है उसे सत्ता का लालच होता तो नए नए बंधुओं को टीम में लेकर चुनाव नहीं लड़वाते ।

Team AK कोई व्यक्तिगत दल नहीं है यह अग्रसेन कार्यकर्ताओं का समूह है आप हम सभी अग्रसेन कार्यकर्ता है।




# मिधानि में वरिष्ठ प्रबंधकों के लिए एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन








**हैदराबाद, 18 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भारत के रक्षा उपक्रम मिश्र धातु निगम लिमिटेड (मिधानि) में राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में दिनांक 18 अप्रैल 2026 को उद्यम के वरिष्ठ प्रबंधकों के लिए एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन तीन सत्रों में किया गया। इन सत्रों में उद्यम के प्रबंधक (हिंदी अनुभाग एवं निगम संचार) डॉ. बी. बालाजी ने क्रमशः प्रशासनिक शब्दावली, कंप्यूटर पर फोनेटिक आधारित हिंदी टाइपिंग तथा राजभाषा नीति विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए। उद्घाटन सत्र में राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन में कर्मचारियों की भूमिका एवं दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशासनिक शब्दावली सत्र में प्रतिभागियों को प्रशासनिक एवं पारिभाषिक शब्दावली की जानकारी प्रदान करते हुए शब्द निर्माण की प्रक्रिया समझाई गई तथा उनसे अभ्यास भी कराया गया। कंप्यूटर पर फोनेटिक आधारित हिंदी टाइपिंग सत्र में प्रतिभागियों को हिंदी टाइपिंग की मूलभूत जानकारी देकर व्यावहारिक अभ्यास कराया गया।

राजभाषा नीति सत्र में राजभाषा की संवैधानिक स्थिति पर प्रश्नोत्तरी के माध्यम से संवादात्मक चर्चा की गई। इस दौरान संविधान में राजभाषा से संबंधित अनुच्छेदों, राजभाषा अधिनियम, 1963 की धाराओं तथा राजभाषा नियम, 1976 के अंतर्गत प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही भारत सरकार के कार्यालयों में राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन में कर्मचारियों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया।

कार्यशाला के समापन पर प्रतिभागियों से उनके संबंधित विभागों में हिंदी में किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई तथा उनका फीडबैक लिया गया। कार्यशाला के सफल आयोजन में हिंदी अनुभाग के डॉ. विकास आज़ाद (हिंदी अनुवादक) तथा डाक अनुभाग के श्री जयपाल का विशेष योगदान रहा।

# अग्रवाल समाज रिकाबगंज शाखा की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

## साधारण सभा व सामाजिक मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा



**हैदराबाद, 19 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज रिकाबगंज शाखा की कार्यकारिणी बैठक शुक्रवार दि. 17 अप्रैल 2026, रात्रि 8 बजे होटल राजधानी में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत शाखाध्यक्ष जितेन्द्र मित्तल द्वारा महाराजा अग्रसेन जी को नमन करते हुए की गई तथा उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया।

**आय-व्यय रिपोर्ट व प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित**

इसके पश्चात मंत्री सुनील कुमार अग्रवाल ने गत कार्यकारिणी बैठक के अंश पढ़कर सुनाए, जिन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। कोषाध्यक्ष सीए विनोद कुमार जैन ने वर्ष 2025-26 के आय-व्यय का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया, जिसे भी सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में साधारण सभा के आयोजन पर भी चर्चा हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि इस वर्ष चुनाव न होने के कारण साधारण सभा का आयोजन श्रावण की सैर के साथ किया जाएगा।

**समाज हित को सर्वोपरि रखने का आह्वान**

केंद्रीय समिति में हो रही घटनाओं पर भी गहन विचार-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सभी सदस्य गुटबाजी से दूर रहकर समाज हित में संवैधानिक रूप से लिए गए निर्णयों का समर्थन करेंगे। साथ ही सभी अग्रबंधुओं से अपील की गई कि वे बिना किसी उन्माद में आए, सोच-समझकर समाजहित को सर्वोपरि रखते हुए निर्णय लें। संयुक्त मंत्री राजेन्द्र भालवाले द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ। बैठक में शाखाध्यक्ष जितेन्द्र मित्तल, उपाध्यक्ष राजेश बगड़िया, मंत्री सुनील कुमार अग्रवाल, सहमंत्री राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीए विनोद कुमार जैन, केंद्रीय समिति सदस्य अशोक बंसल, निवर्तमान अध्यक्ष बजरंग लाल भालवाले, परामर्शदाता महेंद्र अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य दीपक अग्रवाल, विष्णु मोदी, सुनील सिंघल, रमेश चंद्र अग्रवाल, आर. अशोक कुमार, रविन्द्र अग्रवाल, राहुल कुमार अग्रवाल, विजय कुमार नारनोली एवं श्रीमती संतोष गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# बेगम बाजार में सेवा का संकल्प: अन्नदान कार्यक्रम बना मानवता का उत्सव






**हैदराबाद, 18 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में बेगम बाजार स्थित भू देवी माता मंदिर के पास गौशाला के सामने शनिवार को नियमित अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवा और समर्पण की भावना से ओत-प्रोत इस कार्यक्रम में जरूरतमंदों को भोजन वितरित कर मानवता की सच्ची मिसाल प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने कहा कि अन्नदान केवल भूख मिटाने का कार्य नहीं, बल्कि यह समाज में प्रेम, करुणा और एकता का संदेश फैलाने का माध्यम है।

राधे-राधे ग्रुप द्वारा निरंतर किए जा रहे ऐसे सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनते जा रहे हैं।

कार्यक्रम में जगत नारायण अग्रवाल, महेश अग्रवाल, गोविंद राम पचेरिया, पन्नालाल अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, अरुण विजयवर्गीय, नीलम विजयवर्गीय, लता गोयल, मीना अग्रवाल सहित राधे-राधे ग्रुप के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर सेवा भाव से इस पुनीत कार्य को सफल बनाया और भविष्य में भी इसी प्रकार समाज सेवा के कार्य करते रहने का संकल्प लिया।

# अग्रवाल समाज मलकपेट द्वारा मासिक अन्नप्रसाद कार्यक्रम संपन्न




**हैदराबाद, 19 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा, महिला शाखा एवं युवा मोर्चा शाखा के तत्वाधान में प्रतिमाह आयोजित होने वाला मासिक अन्नप्रसाद कार्यक्रम गंज स्थित अग्रसेन हॉल के पास अत्यंत सुव्यवस्थित एवं सेवा भाव के साथ संपन्न हुआ। इस पावन सेवा कार्य में लगभग 650 लोगों ने अन्नप्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आयोजन में शाखा अध्यक्ष पंकज कुमार संघी, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव प्रदीप बंसल, सह मंत्री शैलेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण मोदी, परामर्शदाता महावीर प्रसाद अग्रवाल, लाजपत राय गुप्ता, हरिश्चंद्र बजाज, सुरेश गोयल, गोपाल मोदी, निश्चित अग्रवाल तथा महिला शाखा अध्यक्ष रेखा अग्रवाल ने सक्रिय रूप से सहभागिता करते हुए तन-मन से सेवा प्रदान की। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में सेवा, सहयोग एवं परोपकार की भावना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया। उपस्थित सदस्यों ने भविष्य में भी इसी प्रकार नियमित रूप से सेवा कार्य करते रहने का संकल्प लिया।

# राज्यपाल से मिला कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज का प्रतिनिधिमंडल

## राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण सम्मेलन के लिए दिया आमंत्रण







**हैदराबाद, 18 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

शनिवार, दि. 18 अप्रैल को अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा (रजि.) एवं कान्यकुब्ज ब्राह्मण समिति, हैदराबाद के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल लोक भवन, हैदराबाद में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल जी से भेंट करने पहुँचा।

प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल महोदय को 24 एवं 25 अक्टूबर 2026 को हैदराबाद में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण सम्मेलन के लिए सादर आमंत्रित किया। इस दौरान सम्मेलन की रूपरेखा एवं सामाजिक महत्व पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

इस प्रतिनिधिमंडल में अनिल कुमार बाजपेई, विनय तिवारी, अजय अ. शुक्ल, अरुण शुक्ल, महेश मिश्रा, एड. अशोक तिवारी, आकांक्षा बाजपेई, राजेश अग्निहोत्री एवं अर्चित मिश्रा उपस्थित थे।

# जीव दया मित्र मण्डल द्वारा छाछ वितरण कार्यक्रम आयोजित

## वैशाख अमावस्या पर सेवा कार्य, बेगम बाजार में राहगीरों को मिली राहत

**हैदराबाद, 18 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जीव दया मित्र मण्डल द्वारा वैशाख की अमावस्या के पावन अवसर पर जिन्सी चौराहा, बेगम बाजार में छाछ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए आयोजित इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में राहगीरों एवं स्थानीय लोगों को ठंडी छाछ वितरित कर राहत प्रदान की गई।

इस अवसर पर मण्डल के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे और सेवा कार्य में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. शैलेष वाणिया 'शैल' सहित मण्डल की अध्यक्ष सरस्वती बाई राठी, कान्ता बाई काकड़ा, सुशीला बाई मुंदड़ा, लक्ष्मीकान्ता काबरा, सरला भहड़, ओमप्रकाश राठी, गोवर्धन राठी, मंगला राठी, जयश्री सुदर्शन, रोशनलाल चौधरी, मांगी बाई चौधरी, लीलादेवी तोष्णीवाल, पुष्पाबाई वर्मा, दिव्या रोढ़ा, लीलावती जोशी, कान्ता बाई तिवाड़ी, छाया राठी, प्रेमा बाई दायमा, तारा राठी, सुनीता राठी, सी.ए. गोविन्द राठी, गोपाल राठी, जान्हवी राठी, सपना चितलांगी, डॉ. शैलेश वाणि, राखी कौशिक, उपासना कौशिक, लता लाहोरी, लता मिश्रा, प्रभा सोनी, अजित कुमार जायसवाल, राधाकिशन बाग्गड़, संदीप कुमार बाहेती, गीता बाहेती, पुष्पा भांगड़िया, सरोज दरक, अंकित दरक, निखिल तोतला, दुर्गा शर्मा, गीताबाई वर्मा, सनी बाहेती, सतीश कुमार बाहेती, आनन्द चौकड़ा, पियुष जैन, गोपीकिशन चौकड़ा, रूपेश काकड़ा, गोपाल काकड़ा, तारा हेड़ा, पवन कुमार मुंदड़ा, सरिता मुंदड़ा, पूजा बंग, शरद बंग, डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक, हेमा काकड़ा, आरती काकड़ा एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम के माध्यम से मण्डल ने मानव सेवा को सर्वोपरि बताते हुए समाज में सहयोग एवं सेवा भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया। उपस्थित सदस्यों ने भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।





# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर आज निकलेगी भव्य शोभा यात्रा





**हैदराबाद, 18 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सर्व ब्राह्मण परिषद एवं राजस्थानी ब्राह्मण सभा के संयुक्त तत्वावधान में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आज भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में एक सभा आयोजित कर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य व्यक्तियों को निमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया गया।

इसी क्रम में श्री गायत्री वेद फाउंडेशन एवं राजस्थानी ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष पं. पुरुषोंत्तम लाला, बाबू लाल खतोड (दधिच) को रामदेव नागला, पवन मिश्रा, विशाल शर्मा, लड्डू ओझा ने निमंत्रण पत्र देकर शोभा यात्रा में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया गया। आयोजन समिति द्वारा अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए समाज के सभी वर्गों से संपर्क किया गया है।

यह भव्य शोभा यात्रा बेगम बाजार छतरी से प्रारंभ होकर किराना मार्केट, स्वस्तिक मिर्ची, लेबर अड्डा होते हुए पुनः श्री परशुराम मंदिर पहुंचकर समाप्त होगी। शोभा यात्रा में भगवान परशुराम जी की आकर्षक झांकियां, भजन-कीर्तन एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

आयोजकों ने सभी सनातनी बंधुओं से विनम्र निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शोभा यात्रा में भाग लें एवं भगवान परशुराम जी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

# केबीआर पार्क पर किया गया अन्नदान सेवा भावना का प्रेरणादायक उदाहरण



हैदराबाद, 18 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)। राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में शनिवार को इंडो अमेरिकन कैंसर हॉस्पिटल के सामने स्थित केबीआर पार्क पर नियमित अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य के माध्यम से जरूरतमंदों को भोजन वितरित कर मानवता की सच्ची मिसाल पेश की गई।

इस अवसर पर सुभाष अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, जयप्रकाश सारडा एवं राधे-राधे ग्रुप के अन्य सेवाभावी सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए सेवा कार्य को सफल बनाया। सभी ने मिलकर श्रद्धा और समर्पण भाव से अन्नदान कर समाज में सकारात्मक संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने कहा कि राधे-राधे ग्रुप निरंतर निस्वार्थ भाव से सेवा कार्यों में संलग्न है और आगे भी इसी प्रकार जरूरतमंदों की सहायता करता रहेगा। अन्नदान को सबसे बड़ा पुण्य बताते हुए उन्होंने समाज के अधिक से अधिक लोगों से इस पुनीत कार्य में जुड़ने का आह्वान किया।

अंत में सभी ने एक स्वर में कहा कि सेवा ही सच्ची भक्ति है और राधे-राधे ग्रुप इसी भावना के साथ निरंतर समाज सेवा में समर्पित है।

# अग्रवाल शिक्षा समिति के एमबीए एवं एमसीए विभाग में रजत जयंती के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताओं का आयोजन

**हैदराबाद, 18 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित एस. डी. सिग्नोदिया कॉलेज के एम.बी.ए. विभाग द्वारा रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से विभाग के कोरेस्पोंडेंट मुकुंद लाल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



**निबंध, रंगोली, मेहंदी व कुकिंग प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का प्रदर्शन**

प्रतियोगिताओं में निबंध प्रतियोगिता के अतिरिक्त रंगोली में प्रथम वर्ष के 8 एवं द्वितीय वर्ष के 8 प्रतिभागियों ने भाग लिया। होम मैनेजर, मेहंदी में प्रथम वर्ष के 8 तथा द्वितीय वर्ष के 3 प्रतिभागी शामिल रहे, जबकि कुकिंग प्रतियोगिता में दोनों वर्षों से 3-3 प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। आज आयोजित प्रतियोगिताओं में गायन प्रतियोगिता में 6 प्रत्याशी, नृत्य में 8 प्रत्याशी, चेस में 10 प्रत्याशी तथा कैरम प्रतियोगिता में 25 प्रत्याशियों ने भाग लिया। इन सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

निदेशिका प्रोफेसर पल्लवी के. रंगनाथ ने बताया कि अगले माह आयोजित होने वाले एम.बी.ए. एवं एम.सी.ए. विभाग के रजत जयंती समारोह के अंतर्गत इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि जब वर्ष 2001 में यह कोर्स प्रारंभ हुआ था, उस समय भी वर्तमान कोरेस्पोंडेंट मुकुंद लाल अग्रवाल दोनों विभागों के कोरेस्पोंडेंट एवं अग्रवाल शिक्षा समिति के मानद मंत्री थे, और आज 25 वर्ष पूर्ण होने पर भी उनके नेतृत्व में यह रजत जयंती समारोह मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम में एम.बी.ए. के कोरेस्पोंडेंट मुकुंद लाल अग्रवाल, निदेशिका प्रोफेसर पल्लवी रंगनाथ, सहायक प्रोफेसर एवं कार्यक्रम के इंचार्ज सत्यजीत सिंह ठाकुर, वेंकटेश, किरण, रश्मिता, पद्मजा, लाइब्रेरियन सीनू, ऑफिस इंचार्ज मनोज, सुनयना तथा एम.सी.ए. विभाग की निदेशिका प्रोफेसर के. एल. माधुरी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# कमलाबाई तिवारी की श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**हैदराबाद, 18 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** महेश्वरी भवन, बेगम बाजार में सिखवाल समाज की वृद्धवयी स्वर्गीय श्रीमती कमलाबाई तिवारी (100 वर्ष, जाडनवाला) की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित परिजनों एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर परिवार के सदस्य जगदीश प्रसाद तिवारी, द्वारका प्रसाद तिवारी, बजरंगलाल तिवारी, बृजेश तिवारी, घनश्याम तिवारी, भगवान तिवारी, आशीष तिवारी, रामदेव नागला, श्याम सुंदर उपाध्याय, बिंजराज ओझा, अनिल जायलवाल, सीताराम कोलरिया, चन्द्रभान व्यास, श्याम सुंदर पांडिया, संतोष व्यास, अजय पंडित, घनश्याम उपाध्याय (निजामाबाद), विष्णु पांडिया, मानिकचंद पांडिया, मानिकचंद तिवारी, बालकिशन पांडिया, घनश्याम व्यास, कैलाश पांडिया, घनश्याम बोतावत सहित अन्य उपस्थित सदस्यों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को संबल प्रदान करने की कामना की।

# नवनिर्माणाधीन नेमिनाथ भगवान मंदिर में प्रथम पाषाण स्थापना कार्यक्रम संपन्न



हैदराबाद, 18 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)। श्री जैन संस्कार वाटिका, हैदराबाद द्वारा पूज्य मुनिराज श्री चंद्रयश विजयजी म.सा. की निश्रा में संस्कार उपवन एवं संस्कार एकेडमी, मोजमजाही मार्केट में नवनिर्माणाधीन गिरनार मंडण श्री नेमिनाथ भगवान मंदिर के प्रथम पाषाण स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर अनेक श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। आयोजन में जसमत पटेल, रिद्धीश जागीरदार, मुकेश चौहान, श्रेणिक पटेल, घेवरचंद बंदामुथा, पराग शेठ, गौतम भाई, अमृत गुरुजी, पार्थ शाह, प्रवीण बंदामुथा, वर्धमान चौहान, अविनाश बालड, भरत कोठारी, योगेश योगी, राहुल बंदामुथा, कुणाल, हितेश वाणीगोता, दर्पण जयचंदानी, गजेन्द्र सोमपुरा, तोरल जागीरदार सहित संस्कार वाटिका के सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक विधि-विधान के साथ प्रथम पाषाण स्थापना की गई तथा सभी श्रद्धालुओं ने मंदिर निर्माण कार्य की सफलता एवं समाज की सुख-समृद्धि के लिए मंगलकामनाएं कीं।

# परिसीमन के मुद्दे पर प्रजा एकता पार्टी की बड़ी पहल


## *साउथ इंडिया जागो के नारे के साथ भरी हुंकार*



**हैदराबाद, 18 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दक्षिण भारत के राजनीतिक परिदृश्य में प्रजा एकता पार्टी एक अग्रणी शक्ति बनकर उभरी है। परिसीमन के संवेदनशील मुद्दे को उठाने वाली यह दक्षिण भारत की पहली राजनीतिक पार्टी बन गई है। पार्टी ने इस स्थिति की गंभीरता को बहुत पहले ही भांप लिया था और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व की रक्षा के लिए कमर कस ली है। प्रजा एकता पार्टी ने भविष्य की राजनीतिक चुनौतियों को पहचानते हुए अत्यंत सक्रियता दिखाई। पार्टी द्वारा शुरुआती दिनों में ही, यानी 11 अप्रैल 2025 को, परिसीमन के मुद्दे पर एक महत्वपूर्ण गोलमेज सम्मेलन आयोजित की गई थी। इस सम्मेलन में विशेषज्ञों और राजनीतिक विश्लेषकों ने संसदीय सीटों के संभावित बदलाव और दक्षिण भारतीय राज्यों की आवाज कम होने की आशंकाओं पर चर्चा की थी।

## केंद्र सरकार ने डीए में 2% की बढ़ोतरी की:

# 50 लाख कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनर्स को होगा लाभ




**नई दिल्ली, 18 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में 2% की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। सरकार ने डीए - डीआर 58% से बढ़ाकर 60% किया है। यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2026 से लागू होगी। इस फैसले से सरकार का सालाना 6,791 करोड़ रुपए का खर्च बढ़ेगा।

इससे पहले अक्टूबर में महंगाई भत्ते को 55% से बढ़ाकर 58% किया गया था। पिछला रिविजन 1 जुलाई 2025 से प्रभावी माना गया था, जिसका भुगतान एरियर के साथ किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार (18 अप्रैल) को दिल्ली में हुई कैबिनेट बैठक में इसका ऐलान किया गया। इससे लगभग 50.5 लाख कर्मचारियों और 68.3 लाख पेंशनर्स को फायदा होगा। केंद्र सरकार साल में दो बार, जनवरी और जुलाई में महंगाई भत्ते (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में बदलाव करती है। इस फैसले से कर्मचारियों की मंथली सैलरी और पेंशनर्स की पेंशन में इजाफा होता है।

**महंगाई भत्ता क्या है और यह क्यों जरूरी है?**

महंगाई भत्ता (डीए) सरकारी कर्मचारियों को दिया जाने वाला 'कॉस्ट-ऑफ-लिविंग' एडजस्टमेंट है। इसका कैलकुलेशन बेसिक पे के प्रतिशत के रूप में किया जाता है। इसका मुख्य मकसद बढ़ती कीमतों के बीच कर्मचारियों की वास्तविक आय की सुरक्षा करना है, ताकि उनकी सैलरी महंगाई के साथ तालमेल बिठा सके।

8वें वेतन आयोग की मांग: बेसिक पे 69,000 करने की मांग

यह फैसला ऐसे समय आया है, जब कर्मचारी संगठन 8वें वेतन आयोग के तहत सैलरी स्ट्रक्चर में बड़े बदलाव की मांग कर रहे हैं। नेशनल काउंसिल-जॉइंट कंसल्टेटिव मशीनरी ने अपने ज्ञापन में 3.83 के हायर फिटमेंट फैक्टर की मांग की है। अगर यह मांग मानी जाती है, तो न्यूनतम बेसिक पे 18,000 से बढ़कर करीब 69,000 हो सकती है। संगठन ने सैलरी कैलकुलेशन के लिए परिवार की परिभाषा में आश्रित माता-पिता को शामिल करने और वेतन विसंगतियों को दूर करने का सुझाव भी दिया है।

हालांकि आठवें वेतन आयोग के लागू होने की टाइमलाइन का ऐलान अभी तक नहीं हुआ है। कयास लगाए जा रहे हैं कि ये जल्द लागू हो सकता है। लेकिन इसे पूरी तरह इम्प्लीमेंट होने में 2028 तक का इंतजार करना पड़ सकता है।

**फिटमेंट फैक्टर क्या है और आगे क्या होगा?**

ये एक मल्टीप्लायर नंबर है, जिसे मौजूदा बेसिक सैलरी से गुणा करके नई बेसिक सैलरी निकाली जाती है। वेतन आयोग इसे महंगाई और लिविंग कॉस्ट को ध्यान में रखकर तय करता है। नए वेतन आयोग के लागू होने तक महंगाई भत्ता बेसिक पे के प्रतिशत के रूप में ही कैलकुलेट किया जाता रहेगा। इसे हर छह महीने में जनवरी और जुलाई में संशोधित किया जाता है। यानी, 8वें वेतन आयोग के लागू होने तक महंगाई भत्ता मिलता रहेगा। आयोग आने पर मौजूदा डीए को बेसिक पे में मर्ज कर दिया जाएगा। यानी, अभी जो 58% डीए मिल रहा है वो जीरो हो जाएगा।

8वें सेंट्रल पे कमीशन का मकसद सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लॉई की सैलरी, पेंशन और अलाउंस को रिवाइज करना है। इसमें महंगाई, एम्प्लॉई की जरूरतें और गवर्नमेंट की अफोर्डेबिलिटी को ध्यान में रखा जाएगा। केंद्र ने 28 अक्टूबर 2025 को 8वें वेतन आयोग के टर्म्स ऑफ रेफरेंस यानी शर्तों को मंजूरी दी थी। अब कमीशन के गठन के बाद ये अपनी सिफारिशें 18 महीने के अंदर देगा।

बेसिक सैलरी में कितनी बढ़ोतरी होगी, ये फिटमेंट फैक्टर और डीए मर्जर पर निर्भर करता है। 7वें वेतन आयोग में फिटमेंट फैक्टर 2.57 था। 8वें में ये 3.83 हो सकता है। हर वेतन आयोग में डीए जीरो से शुरू होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि नई बेसिक सैलरी पहले से ही महंगाई को ध्यान में रखकर बढ़ाई जाती है। इसके बाद डीए फिर से धीरे-धीरे बढ़ता है। अभी डीए बेसिक पे का 60% है। डीए के हटने से टोटल सैलरी (बेसिक + डीए + एचआरए) में बढ़ोतरी थोड़ी कम दिख सकती है, क्योंकि 60% डीए का हिस्सा हट जाएगा।

# निस्वार्थ सेवा की मिसाल बना राधे-राधे ग्रुप

## मानवता के पथ पर बढ़ते कदम : मनीष चिंडालिया





**हैदराबाद, 18 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में नामपल्ली स्थित पब्लिक गार्डन पिलर नंबर 1265 ए के पास आयोजित हो रहे नियमित अन्नदान एवं सेवा कार्यक्रम में एक बार फिर मानवता, करुणा और सेवा का अनुपम दृश्य देखने को मिला। यह कार्यक्रम केवल भोजन वितरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाने का एक पावन प्रयास बन गया।

इस अवसर पर अपने भावपूर्ण विचार व्यक्त करते हुए मनीष चिंडालिया ने कहा कि राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद की सेवाएं वास्तव में समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि आज के इस व्यस्त और स्वार्थपूर्ण दौर में जहां लोग अपने-अपने हितों में उलझे रहते हैं, वहीं यह ग्रुप निस्वार्थ भाव से सेवा कर मानवता का सच्चा उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है, और जब सेवा में समर्पण और प्रेम जुड़ जाता है, तो वह ईश्वर की आराधना बन जाती है।

कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंदों को सम्मानपूर्वक भोजन वितरित किया गया। हर एक सदस्य ने पूरी श्रद्धा, विनम्रता और सेवा भाव के साथ अपना योगदान दिया। जरूरतमंदों के चेहरे पर संतोष और कृतज्ञता के भाव स्पष्ट रूप से झलक रहे थे, जो इस सेवा कार्य की सच्ची सफलता का प्रमाण बने।

राधे-राधे ग्रुप के सदस्य न केवल अन्नदान कर रहे हैं, बल्कि समाज में प्रेम, सहयोग और एकता का संदेश भी फैला रहे हैं। यह सेवा कार्य लोगों के दिलों को जोड़ने और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का माध्यम बनता जा रहा है।

इस पुनीत अवसर पर राम प्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, नंद किशोर अग्रवाल, भाकर राम कुमावत, कमला देवी कुमावत, संजय गोयल, किरण गोयल, महेश गुप्ता, सुशील गुप्ता, जय प्रकाश सारडा, भगत राम गोयल, मनीष चिंडालिया, प्रीतिका अग्रवाल, जगन एलाकुर्थी, कैलाश केडिया, निर्मला केडिया, महेश अग्रवाल एवं गौरव गोयल सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर सेवा कार्य को सफल बनाया।

# अग्रवाल शिक्षा समिति में युवाओं के लिए वित्तीय साक्षरता पर संगोष्ठी आयोजित

## विशेषज्ञों ने बजट, बचत और निवेश के महत्व पर किया मार्गदर्शन




**हैदराबाद, 19 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
अग्रवाल शिक्षा समिति द्वारा राधे कृष्णा विमेंस कॉलेज और एस.डी. सिग्नोडिया कॉलेज के युवा विद्यार्थियों के लिए दिनांक 18 अप्रैल 2026 को समिति के सेठ सेड़मल हॉल में युवाओं के लिए वित्तीय साक्षरता का महत्व विषय पर एक संगोष्ठी एवं पैनल चर्चा का आयोजन किया गया।

इस चर्चा के माध्यम से विद्यार्थियों को बजट बनाना, बचत करना, समझदारी से निवेश करना तथा कर्ज के जाल से बचने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। वक्ताओं ने बताया कि वित्तीय साक्षरता युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाती है, जिससे वे भविष्य में वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त कर सकते हैं और अपनी आर्थिक सुरक्षा एवं स्थिरता सुनिश्चित कर सकते हैं।

**प्रमुख अतिथियों ने साझा किए अपने अनुभव**

इस अवसर पर अध्यक्ष प्रमोद कुमार केडिया, चेयरमेन ट्रस्ट बोर्ड डॉ. श्याम सुंदर, राधे कृष्णा विमेंस कॉलेज के कॉरेस्पोंडेंट डॉ. महेश कुमार केडिया, एस.डी. सिग्नोडिया कॉलेज के कॉरेस्पोंडेंट श्री शिव शंकर अग्रवाल, अग्रवाल बॉयज जूनियर कॉलेज के कॉरेस्पोंडेंट श्री बद्री विशाल बंसल एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट सी.ए. रवि लड़िया विशेषज्ञ के रूप में मंचासीन रहे।

डॉ. महेश कुमार केडिया ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि वित्तीय साक्षरता युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। अध्यक्ष श्री प्रमोद कुमार केडिया का परिचय राधे कृष्णा विमेंस कॉलेज की व्याख्याता कामाक्षी बाहेती ने कराया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं और यदि वे शिक्षा के प्रति गंभीर रहें, तो जीवन में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं।

चेयरमैन ट्रस्ट बोर्ड डॉ. श्याम सुंदर का परिचय एस.डी. सिग्नोडिया कॉलेज की व्याख्याता श्रीमती अश्विनी सम्पूरकर ने दिया। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जैसे-जैसे व्यक्ति बड़ा होता है, जीवन यापन के लिए वित्तीय साक्षरता अत्यंत आवश्यक हो जाती है।

राधे कृष्णा विमेंस कॉलेज के कॉरेस्पोंडेंट डॉ. महेश कुमार केडिया का परिचय व्याख्याता श्रीमती आकांक्षा जायसवाल ने दिया। उन्होंने संगोष्ठी को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम के सूत्रधार एवं एस.डी. सिग्नोडिया कॉलेज के कॉरेस्पोंडेंट श्री शिव शंकर अग्रवाल रहे।

अग्रवाल बॉयज जूनियर कॉलेज के कॉरेस्पोंडेंट श्री बद्री विशाल बंसल का परिचय व्याख्याता श्रीमती समीना बेगम ने दिया। उन्होंने कहा कि वित्तीय साक्षरता का अर्थ सभी के लिए भिन्न हो सकता है, परंतु यह सभी के लिए आवश्यक है कि व्यक्ति अपनी आय के अनुसार ही व्यय करे।

**विद्यार्थियों को दिए व्यावहारिक जीवन के महत्वपूर्ण सूत्र**

संगोष्ठी में वक्ताओं ने अपने जीवन के शुरुआती संघर्षों के उदाहरण देते हुए बताया कि परिस्थितियां ही सबसे बड़ी शिक्षक होती हैं। उन्होंने तीन महत्वपूर्ण बातों पर विशेष जोर दिया- पैसा कैसे बचाएं, उसे कहां खर्च करें और पैसों का महत्व समझें।

कार्यक्रम में समिति की अकादमिक निर्देशिका डॉ. सरोज जैन, आराधना मोदानी, विभिन्न संस्थाओं के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का पौधा भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। अंत में डॉ. बद्री विशाल (सीनियर व्याख्याता) द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ संगोष्ठी का समापन हुआ।

# टीईजेएसी द्वारा हैदराबाद कलेक्ट्रेट पर विशाल विरोध प्रदर्शन, काली पट्टी बांधकर जताई नाराजगी



**हैदराबाद, 18 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
अपनी मांगों को लेकर मुखर होते हुए, ढएगअउ (तेलंगाना इंजीनियर्स जॉइंट एक्शन कमेटी) और TNGOS यूनियन के बैनर तले सरकारी कर्मचारियों ने शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026 को हैदराबाद जिला मजिस्ट्रेट और कलेक्टर कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया।

दोपहर 12:30 बजे आयोजित इस 'लंच आवर' प्रदर्शन के दौरान सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर सरकार के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन का नेतृत्व टीईजेएसी के अध्यक्ष श्री मर्रम जगदीश्वरन्ना, महासचिव ई. श्रीनिवासन्ना, उप महासचिव श्री डॉ. एस.एम. हुसैनी मुजीबन्ना और उप महासचिव श्री श्यामन्ना ने किया। कार्यक्रम को गति देने के लिए टीईजेएसी हैदराबाद के अध्यक्ष श्री विक्रम कुमार और संयोजक श्री एम.बी. कृष्णा यादव ने कार्यकारिणी के साथ मिलकर रणनीति तैयार की।

इस आंदोलन में टीएनजीओ यूनियन की सक्रिय भागीदारी रही। टीएनजीओ यूनियन हैदराबाद के एसोसिएट अध्यक्ष और स्कूल शिक्षा विभाग हैदराबाद के अध्यक्ष श्री के.आर. राजकुमार तथा सचिव एम. भास्कर के नेतृत्व में स्कूल शिक्षा विभाग के सैकड़ों कर्मचारी डीईओ हैदराबाद कार्यालय पर एकत्रित हुए। वहां से सभी कर्मचारी एक विशाल बाइक रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचे।

रैली में स्कूल शिक्षा विभाग की कार्यकारिणी के प्रमुख सदस्य शामिल थे, जिनमें उपाध्यक्ष श्री रूगेश, संयुक्त सचिव श्रीमती जयंती रेड्डी, सार्वजनिक सचिव श्री फिरोज अहमद, ईसी श्री प्रियदेव ठाकुर, फोरम संयुक्त सचिव श्री रमेश, श्री सुदर्शन, श्री श्रीनिवास बाबू, संगठनात्मक सचिव श्री शिवा व श्री शेखर, सार्वजनिक सचिव श्रीमती अरुणा ज्योति, और ईसी श्री योगी व श्री शिवकुमार ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कलेक्टर कार्यालय पर इन प्रदर्शनकारियों ने टीईजेएसी के शीर्ष नेतृत्व और टीएनजीओ यूनियन हैदराबाद के सचिव श्री कुराडी श्रीनिवास, कोषाध्यक्ष श्री बलारा, उपाध्यक्ष श्री खालिद अहमद और बोलिगुड्डा शंकर, संयुक्त सचिव श्रीमती गीता, सार्वजनिक सचिव श्री वैदिक शास्त्र, ईसी श्री श्रीधर और श्री मुकीद से मुलाकात कर एकजुटता दिखाई।

इस विरोध प्रदर्शन में स्कूल शिक्षा विभाग के प्राथमिक और अन्य अनुभागों के कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रतिभागियों में विजयलक्ष्मी, सुगुना रेड्डी, प्रवीणा, श्रीकांत, हेमावती, अर्चना, राजशेखर, राजेंदर, रामकृष्णा रेड्डी, सेक्टर अधिकारी उमादेवी, मधुनिका, जेम्स, श्रीधर, बसीर, सरस्वती, इमरान, सीपी रेड्डी, वेंकटेश, अजमत, रानी, मधुकर, शेषिरत्न, ख्वाजा शोएब, अफजल, मनीष, गिरिराज, अहमद, फैयाज, रेणुका, नरसिम्हा, गिरिजा, जाकिर, स्वाति, साजिद, लावण्य, श्रीकांत, रमाकांत, किरण, देवीप्रसाद, मिर्जा, अनिल, कृष्णा, लक्ष्मीपति, जम्बैया, चैतन्य, जॉन, समद, पेंटेश, कलीम, फजीउल्लाह, आदि नारायण, मुरली, कल्याण, अल्ताफ, विजय, अकबर, नुमान, जुबैर, भगवान श्रीनिवास, बच्चन सिंह, नरेंद्र, इफ्तेकार, ताजुद्दीन, फजल, अनूप सागर, लतीफ, राजेश, मधु, दर्शना, सनीथ यादव, रियाज, राकेश, टायर, राजेंदर, प्रवीण, नजीर, मजहर, रविंदर, अन्नपूर्णा, श्रीदेवी, सुकन्या, पवन, परमेश, दामोदर, अजीज, सादथ, जमील, इमरान, फजी, शेषिकला, सुनीता, लता, रोशन, लक्ष्मी, मार्थम्मा और रोशन आदि प्रमुखता से शामिल रहे।




**सीबीएसई कक्षा 10 की परीक्षा में 95% अंकों की उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के सम्मान में लक्षिता सोलंकी को एडिफाई वर्ल्ड स्कूल, अत्तापुर द्वारा सम्मानित किया गया। यह अवसर अत्यंत उल्लासपूर्ण रहा, जिसमें विद्यालय परिवार ने उनकी इस उल्लेखनीय सफलता पर गर्व व्यक्त किया। इस विशेष अवसर पर लक्षिता सोलंकी के माता-पिता अशोक-सीमा सोलंकी, विद्यालय के प्रिंसिपल आशा राजीव नायर, अकादमिक निदेशक हरिता रेड्डी, चेयरमैन राजेश्वर रेड्डी भी उपस्थित रहे, जो इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के सहभागी हैं।**

# भाजपा से जुड़ कर राष्ट्र की प्रगति में योगदान देंगे शंकर सेवग

## प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पार्टी का दुपट्टा ओढाकर भाजपा की सदस्यता दिलाई



**बीकानेर, 18 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
जाने माने समाज सेवी मृदुभाषी व्यक्तित्व, प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेशजी मंदिर के विद्वान पुजारी शंकर सेवग ने बीकानेर आए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से शिष्टाचार मूलाकात कर उनसे भाजपा कार्यकर्ता के रुप में राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देने की मंशा जाहिर की। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने शंकर सेवग के जज्बे की सराहना करते हुए उन्हें भाजपा का ओपरणा (दुपट्टा) ओढ़ाया तथा उनसे आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्र में भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा का अधिकाधिक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करें। इस अवसर पर शंकर सेवग ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को प्रभु श्रीराम दरबार की मनोहारी मूर्तियाँ भी भेंट की। सेवग ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान के विश्वव्यापी उन्मादी परिस्थितियों में भारत को कट्टरवादी ताकतों से बचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी जैसी राष्ट्रवादी एवं सबका साथ सबका विकास की अवधारणा रखने वाले राजनीतिक दल एवं देश के ग्लोबल लीडर व यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के संकल्प को और मजबूत बनाए जाने की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि खाड़ी युद्ध के चलते एक ओर जहाँ दुनिया के सभी देशों में पेट्रोल डीजल व एलपीजी का संकट भयावह हो गया है वहीं भारत में मोदी सरकार ने आम आदमी पर इसका बोझ पडऩे से बचाया है और पेट्रोल-डीजल, एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चित बनाए रखी है, देश को मजबूत कार्यक्रमों के साथ आगे बढ़ा रही है। इस अवसर पर भाजपा देहात जिला अध्यक्ष श्याम पंचारिया, भाजपा देहात प्रवक्ता महेन्द्र ढाका, जिला मीडिया प्रभारी प्रखर मित्तल,दिलीप सिंह राजपुरोहित, बीकानेर शहर जिलाध्यक्ष श्रीमती सुमन छाजेड, ऋतू ध्वज शर्मा, तरुण भोजक, मनीष, जयंत शर्मा, राहूल शर्मा, तजेश शर्मा सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता आदि भी उपस्थित थे।

# प्रजा पालन प्रगति योजना के तहत बीजेआर कॉलेज में पुस्तक प्रदर्शनी आयोजित



**हैदराबाद, 19 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
राज्य सरकार की महत्वपूर्ण प्रजा पालन प्रगति योजना के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नारायणगुड़ा स्थित बाबू जगजीवन राम सरकारी डिग्री कॉलेज (स्वायत्त) में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

यह प्रदर्शनी कॉलेज के पुस्तकालय अधिकारी मोगुल्ला वेंकट रेड्डी के नेतृत्व में आयोजित की गई। प्राचार्य प्रोफेसर एम. विजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि एक दिन पूर्व पुस्तकालय उत्सव की शुरुआत की गई थी, जिसके तहत आज पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया।

प्राचार्य ने बताया कि प्रजा पालन प्रगति योजना के अंतर्गत आयोजित यह प्रदर्शनी तीन दिनों तक चलेगी। इसमें विद्यार्थियों, अध्यापकों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों को भी आमंत्रित किया गया है, ताकि वे इस प्रदर्शनी का लाभ उठा सकें और पठन-पाठन के प्रति रुचि बढ़ा सकें।

इस अवसर पर उप-प्राचार्य प्रो. रापोलु श्रीनिवास, डॉ. दीपिका, डॉ. पद्मजा, डॉ. पेंड्याला नरसिंहमुलु, डॉ. जे. गंगाधर, सैयद मुर्तुजा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# महिला आरक्षण बिल के खिलाफ कांग्रेस के रवैये के विरोध में भाजपा का विरोध प्रदर्शन



बांसवाड़ा, 18 अप्रैल 2026 (शुभ लाभ ब्यूरो): शनिवार को बांसवाड़ा शहर के अंबेडकर चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी की लीडरशिप में कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) के खिलाफ कांग्रेस गठबंधन के रवैये का ज़ोरदार विरोध किया गया। प्रोग्राम के दौरान नेताओं ने नारों के साथ कांग्रेस गठबंधन के फैसले की तीखी आलोचना की।

इस मौके पर बोलते हुए भाजपा शहर अध्यक्ष कोनाला गंगारेड्डी ने याद दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण बिल) के जरिए महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि यह कानून महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने और देश के विकास में भागीदार बनने का मौका देता है और इसे जनता तथा विभिन्न राजनीतिकसामाजिक समूहों से व्यापक समर्थन मिला है।

हालांकि, उन्होंने कांग्रेस गठबंधन के सांसदों के द्वारा संसद में इस बिल के खिलाफ वोट करने को महिला सशक्तिकरण के खिलाफ जाने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वे पार्टियां जिन्हें महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए, उन्हीं के खिलाफ अहम विधेयक का विरोध कर रही हैं। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि आने वाले चुनावों में वोट देकर उन लोगों को जवाब दें, जो कांग्रेस की राजनीति के तहत महिलाओं की तरक्की में रुकावट डाल रहे हैं।

विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला मुख्य सचिव श्रीनिवास रेड्डी ने कहा कि महिलाओं की तरक्की के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए जा रहे उपायों में रुकावट डालना सही नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि महिलाओं को समान अवसर देना ही समाज और राष्ट्र के वास्तविक विकास का मार्ग है।

कार्यक्रम में भाजपा जिला महासचिव श्रीनिवास रेड्डी, जिला उपाध्यक्ष चिदुरा सैलू, जिला सचिव शंकर गौड़, भाजपा नगर पार्षद गज्जला महेश, पाशम अमानी भास्कर रेड्डी, शहरी उपाध्यक्ष अनिल सिद्दी, बलराज रामकृष्ण, ग्रामीण अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं के साथसाथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और महिला मोर्चा की नेता उपस्थित रहीं।

# विपक्ष की एकजुटता से परिसीमन का कदम विफल करने में मदद मिली: रेवंत रेड्डी





**हैदराबाद/नई दिल्ली, 18 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी से मुलाकात कर उन्हें संवैधानिक संशोधन प्रस्ताव के विरुद्ध विपक्षी एकजुटता सुनिश्चित करने के प्रयासों के लिये बधाई दी।

श्री रेड्डी ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित परिवर्तनों का उद्देश्य दक्षिणी, उत्तर-पूर्वी और छोटे राज्यों के प्रतिनिधित्व को कमजोर करना था। प्रियंका गांधी की भूमिका की प्रशंसा करते हुए श्री रेड्डी ने कहा कि उन्होंने इस कदम के पीछे के इरादे को पूरी तरह से उजागर कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संसद का विशेष सत्र वास्तव में महिला सशक्तीकरण पर केंद्रित नहीं था।

उनके अनुसार, महिला आरक्षण विधेयक पहले ही सर्वसम्मति से पारित किया जा चुका था और इसके बजाय सत्र का उपयोग परिसीमन के उस एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिये किया जा रहा था जो कई राज्यों को स्वीकार्य नहीं था।

तेलंगाना की जनता की ओर से उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे को विपक्षी दलों को एकजुट करने में समर्थन देने के लिये प्रियंका गांधी के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वह प्रियंका गांधी के वक्तव्यों से प्रेरणा लेते हैं।

## सीएम रेवंत ने केंद्र से बय्याराम में ग्रीन स्टील प्लांट लगाने का किया आग्रह

**हैदराबाद/नयी दिल्ली, 18 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को केंद्र सरकार से बय्याराम में एक ग्रीनफील्ड स्टील प्लांट स्थापित करने का आग्रह करते हुए इस बात पर बल दिया कि इससे एक ओर जहां औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण संबंधी चिंताओं का भी समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी और इस्पात राज्य मंत्री भूपति श्रीनिवास वर्मा से मुलाकात करते हुए तेलंगाना में औद्योगिक विकास से जुड़े कई प्रस्तावों पर चर्चा की। श्री रेड्डी ने बय्याराम में एक 'ग्रीन स्टील प्लांट' की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि इससे स्टील की कमी पूरी होगी, साथ ही पर्यावरण के अनुकूल उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने तेलंगाना राइजिंग-2047 विजन के तहत राज्य के व्यापक औद्योगिक रोडमैप की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री ने केंद्र से तेलंगाना में एक स्टील रीसाइक्लिंग उद्योग स्थापित करने में सहयोग देने का अनुरोध किया, जिसमें पुराने वाहनों से निकलने वाले स्क्रैप का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने हैदराबाद के एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में उभरने की क्षमता पर भी प्रकाश डाला और इसके लिए वहां मौजूद बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी और अनुकूल परिस्थितियों का हवाला दिया। श्री रेड्डी ने इसके अलावा इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बढ़ती मांग को देखते हुए हैदराबाद में एक इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी निर्माण केंद्र स्थापित करने के लिए भी सहयोग मांगा। उन्होंने हाइड्रोजन तकनीक का उपयोग करके एक ग्रीन स्टील क्लस्टर विकसित करने और ऑटोमोबाइल व रक्षा क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करने वाली निर्माण इकाइयों के विस्तार का प्रस्ताव भी रखा।

## मुख्यमंत्री आवास तक मार्च रोकने को तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष नजरबंद

**हैदराबाद, 18 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**




भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव को मुख्यमंत्री आवास की ओर विरोध मार्च करने से रोकने के लिए शनिवार को घर में नजरबंद कर दिया गया। यह विरोध मार्च संसद में पेश हुए महिला आरक्षण विधेयक के गिरने के मामले में आयोजित किया जाना था।

श्री राव ने मुख्यमंत्री आवास तक विरोध मार्च का आह्वान किया था, हालांकि पुलिस ने उन्हें उनके घर पर ही रोक दिया। नजरबंदी के दौरान श्री राव ने कहा, हम कांग्रेस को नहीं छोड़ेंगे, जिसने महिला सशक्तिकरण के साथ विश्वासघात किया है।

उन्होंने कहा कि विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला विधेयक संसद में पेश किया गया, तो कांग्रेस पार्टी ने इसका विरोध किया और इसके खिलाफ मतदान किया, जिससे महिला आरक्षण की राह में बाधा उत्पन्न हुई।

**भाजपा ने राव को घर में नजर बंद किए जाने को 'विरोध को दबाने' का आरोप लगाया**

तेलंगाना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एन रामचंदर राव को शनिवार को घर में नजर बंद किए जाने का विरोध करते हुए इसे विरोध को दबाने का आरोप लगाया।

पुलिस ने आज श्री राव को मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के आवास की ओर जाकर विरोध प्रदर्शन करने से रोकते हुए उन्हें घर में नजरबंद कर कर दिया। भाजपा ने इस कदम की निंदा करते हुए आरोप लगाया कि यह विरोध को दबाने और राजनीतिक असहमति पर रोक लगाने जैसा है। भाजपा ने कहा कि पुलिस की कार्रवाई का मकसद पार्टी नेताओं द्वारा संसद में महिला आरक्षण विधेयक के कांग्रेस पार्टी के विरोध की निंदा करने के लिए मुख्यमंत्री के घर तक होने वाले विरोध मार्च को रोकना था।

श्री राव के घर पर आज सुबह से ही भारी पुलिस तैनात कर दी गई है, जिससे उनकी आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। श्री राव ने मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस की आलोचना की और उस पर संसद और सड़कों दोनों पर असहमति को दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी परिवार-केंद्रित रवैया अपनाती है और महिला सशक्तिकरण के प्रति उसकी के प्रतिबद्धता पर सवाल उठाया।

भाजपा नेता ने कांग्रेस पर दोहरे मापदंड अपनाने का भी आरोप लगाते हुए दावा किया कि पहले उसने महिला आरक्षण बिल का समर्थन किया था, लेकिन उसका मौजूदा रुख राजनीति में महिलाओं की ज़्यादा भागीदारी को मुमकिन बनाने में हिचकिचाहट दिखाता है। उन्होंने क्षेत्रीय असंतुलन और दूसरे फ़ॉर्मूले से जुड़ी दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि ऐसी बातों का मकसद महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की मांग से ध्यान हटाना है।

श्री राव ने अपने घर पर नजरबंदी पर कड़ी आपत्ति जताते हुए स्थिति की तुलना आपातकाल (भारत 1975–1977) के समय से की और आरोप लगाया कि तेलंगाना में लोकतांत्रिक अधिकारों को कम किया जा रहा है। उन्होंने राज्य की महिलाओं से इन घटनाक्रमों पर ध्यान देने की अपील की और कहा कि पार्टी पाबंदियों के बावजूद महिला सशक्तिकरण की अपनी कोशिशें जारी रखेगी।

**तेलंगाना सरकार का बड़ा फैसला**

## *एयरपोर्ट शोर क्षेत्रों के लिए भवन नियमों में संशोधन*

**हैदराबाद, 19 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो):**

तेलंगाना सरकार ने हवाई अड्डों के शोर वाले क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले इलाकों में ध्वनि-रोधी निर्माण को अनिवार्य करने के लिए भवन नियमों में संशोधन के आदेश जारी किए हैं।

महानगर क्षेत्र एवं शहरी विकास विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी जी.ओ. एमएस नंबर 124 के अनुसार, तेलंगाना भवन नियम, 2012 के नियम 3(डी) के तहत विशिष्ट प्रावधान पेश किए गए हैं। इस आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अधिसूचित एयरपोर्ट शोर क्षेत्रों में बनने वाली सभी नई इमारतोंजिनमें आवासीय, संस्थागत, अस्पताल और वाणिज्यिक संरचनाएं शामिल हैंमें ध्वनि-रोधी सामग्री और विशेष डिजाइन सुविधाओं का उपयोग करना अनिवार्य होगा। इसका मुख्य उद्देश्य इन इमारतों के भीतर पर्यावरणीय गुणवत्ता में सुधार करना है।

अधिकारियों ने बताया कि यह संशोधन पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा अनुमोदित शोर क्षेत्र अधिसूचनाओं के अनुरूप है। सरकार ने बिल्डरों और संपत्ति मालिकों के लिए यह अनिवार्य कर दिया है कि वे इन क्षेत्रों में निर्माण कार्य करते समय निर्धारित शोर सीमाओं का सख्ती से पालन करें।

इस कदम का उद्देश्य हवाई अड्डों के आसपास के शहरी क्षेत्रों में विमानों के शोर के प्रभाव को कम करना और नागरिकों के लिए बेहतर रहने की स्थिति सुनिश्चित करना है। यह आदेश तेलंगाना राजपत्र में प्रकाशित किया जाएगा और इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। संबंधित क्षेत्रों में अब बिना ध्वनि-रोधी मानकों के निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की सफल सर्जरी, डॉक्टरों ने दी पूर्ण आराम की सलाह

**विजयवाड़ा, 19 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो):**



आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के. पवन कल्याण शनिवार शाम एक स्वास्थ्य संबंधी समस्या के कारण सर्जरी की प्रक्रिया से गुजरे हैं।

उनके अस्वस्थ होने की खबर फैलते ही राजनीतिक गलियारों से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामनाओं के संदेश आने शुरू हो गए हैं। उनके समर्थकों ने मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन भी शुरू कर दिया है।

जनसेना द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, अभिनेता-राजनेता पवन कल्याण पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। शुक्रवार को अमरावती में एक आधिकारिक बैठक के दौरान उनकी समस्या फिर से उभर आई।

चिकित्सकीय सलाह पर उन्हें तत्काल विजयवाड़ा के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ से बाद में उन्हें आगे की जांच के लिए हैदराबाद स्थानांतरित कर दिया गया।

सूत्रों के अनुसार, एमआरआई स्कैन सहित कई परीक्षणों के बाद डॉक्टरों ने तत्काल सर्जरी की सिफारिश की। शनिवार शाम उपमुख्यमंत्री की सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

पार्टी सूत्रों ने खुलासा किया है कि पवन कल्याण रीढ़ की हड्डी से संबंधित समस्या से जूझ रहे थे। बताया जा रहा है कि फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' के एक एक्शन सीक्वेंस के दौरान लगी चोट के कारण यह समस्या और गंभीर हो गई थी। विशेषज्ञों ने उन्हें 7 से 10 दिनों तक पूर्ण आराम की सलाह दी है और रेखांकित किया है कि पूरी तरह ठीक होने के लिए दीर्घकालिक देखभाल की आवश्यकता होगी।

मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को पवन कल्याण के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने लिखा: मुझे आशा है कि वह जल्द ही नई ऊर्जा और पूर्ण फिटनेस के साथ वापस लौटेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि पवन कल्याण मजबूती से वापसी करेंगे और राज्य के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

नारा लोकेश, कोलुसु पार्थसारथी और वसमसेट्टी सुभाष सहित विभिन्न मंत्रियों, सांसदों और विधायकों ने भी उनके उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की है।

**स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजनृसिंहा की बड़ी घोषणा**

## तेलंगाना की जेलों में अब हर तीन महीने में लगेंगे स्वास्थ्य शिविर



**हैदराबाद, 19 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो):**

स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजनृसिंहा ने शनिवार को घोषणा की कि राज्य का स्वास्थ्य विभाग जेलों के साथ एक समझौता ज्ञापन (चेण) पर हस्ताक्षर करेगा। इसके तहत राज्य की हर जेल में हर तीन महीने में कैदियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। जेल महानिदेशक सौम्या मिश्रा के अनुसार, ये शिविर जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों की देखरेख में आयोजित होंगे और इनमें विभिन्न प्रकार के परीक्षण उपलब्ध कराए जाएंगे।

स्वास्थ्य मंत्री ने यह बात चंचलगुड़ा केंद्रीय कारागार में आयोजित एक स्वास्थ्य शिविर के दौरान कही। यह शिविर सरकार के 99-दिवसीय 'प्रजा पालना – प्रगति प्रणालिका' कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया था। इस योजना के अंतर्गत केवल चंचलगुड़ा ही नहीं, बल्कि राज्य की सभी 35 जेलों में एक साथ स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए, ताकि जेल में बंद कैदियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें।

चंचलगुड़ा जेल में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य सचिव डॉ. क्रिस्टीना जेड. चोंगथु, हैदराबाद जिला कलेक्टर हरीचंदना दासरी, स्वास्थ्य निदेशक डॉ. एस. संगीता सत्यनारायण, चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ. ए. नरेंद्र कुमार, सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक डॉ. बी. रविंदर नायक और तेलंगाना वैद्य विधान परिषद के आयुक्त डॉ. जे. अजय कुमार जैसे वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

इस अवसर पर जेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें आईजी एन. मुरली बाबू, डीआईजी डॉ. डी. श्रीनिवास और चंचलगुड़ा जेल अधीक्षक एन. शिव कुमार प्रमुख थे। सरकार की इस पहल का उद्देश्य कैदियों के स्वास्थ्य अधिकारों को सुनिश्चित करना और जेलों के भीतर बीमारियों की जल्द पहचान कर उनका उपचार करना है।

**पानी की बर्बादी रोकने के लिए सीवरेज बोर्ड का विशेष अभियान**

## पानी ऐप के जरिए नागरिक बनेंगे वॉलंटियर

**हैदराबाद, 19 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो):**



गर्मियों के दौरान पानी की बढ़ती मांग को देखते हुए हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड (एचएमडब्ल्यूएस एंड एसबी) रविवार से पेयजल के दुरुपयोग को रोकने के लिए एक विशेष अभियान शुरू करने जा रहा है। बोर्ड के प्रबंध निदेशक के. अशोक रेड्डी ने कहा कि इस गर्मी में शहर को पीने के पानी के संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा, लेकिन उन्होंने हर घर से पानी बचाने का आग्रह किया है।

बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि जो लोग पीने के पानी से वाहन धोते, फर्श साफ करते या जिनके टैंक ओवरफ्लो होते पाए जाएंगे, उन पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। बार-बार उल्लंघन करने वालों का पानी का कनेक्शन काट दिया जाएगा। इस अभियान को मजबूत करने के लिए बोर्ड ने नागरिकों को 'वॉलंटियर' के रूप में जुड़ने का प्रस्ताव दिया है। नागरिक 'झरपळ' ऐप पर पानी की बर्बादी का सबूत अपलोड कर सकते हैं, जिसके लिए उन्हें प्रोत्साहन देने की भी योजना है।

शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में अशोक रेड्डी ने बताया कि हफीजपेट, कुकटपल्ली, कोंडापुर, दुर्गम चेरुवू, मणिकोंडा, डोयन्स कॉलोनी (सेरिलिंगमपल्ली), एसआर नगर और बंजारा हिल्स जैसे इलाकों में पानी के टैंकरों की मांग कुल मांग का 80 प्रतिशत तक पहुंच गई है। इसका मुख्य कारण यहाँ स्थित ऊंची इमारतें, हॉस्टल और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान हैं। बोर्ड के सर्वेक्षण के अनुसार, इन क्षेत्रों के 48,000 उपभोक्ता टैंकर सेवाओं का सबसे अधिक उपयोग कर रहे हैं।

बोर्ड ने जल संरक्षण के लिए एक 'ट्रिटेड वाटर बैंक' स्थापित करने की भी योजना बनाई है, जो विशेष लाल रंग के टैंकरों के माध्यम से उपचारित पानी की आपूर्ति करेगा।

इसी बीच, बोर्ड के सतर्कता अधिकारियों ने उप्पलपल्ली की शिवनगर कॉलोनी में पाइपलाइनों से अवैध रूप से पानी खींचने के लिए इस्तेमाल की जा रही 12 इलेक्ट्रिक मोटरें जब्त की हैं। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि दूसरी बार अपराध करने पर 5,000 रुपये का जुर्माना और कानूनी मामला दर्ज किया जाएगा।वर्तमान में बोर्ड कृष्णा, गोदावरी, मंजिरा और ओसमानसागर जैसे जलाशयों से प्रतिदिन 570 मिलियन गैलन पानी की आपूर्ति कर रहा है।

## हिट-एंड-रन मामला: बीआरएस के पूर्व विधायक के बेटे राहिल ने किया आत्मसमर्पण

**निज़ामाबाद, 19 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो):**

बोधन के पूर्व विधायक शकील अहमद के बेटे राहिल ने सड़क दुर्घटना के एक चर्चित मामले में शनिवार को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। यह घटना 17 मार्च, 2022 को जुबली हिल्स में हुई एक हिट-एंड-रन दुर्घटना से जुड़ी है, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। तब से यह मामला लगातार विवादों में बना हुआ था। राहिल पर इस घातक दुर्घटना के संबंध में गंभीर आरोप लगाए गए थे। घटना के बाद पीड़ित की मौके पर ही मौत हो गई थी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया था। हालांकि, दुर्घटना के बाद राहिल फरार हो गया और लंबे समय तक उसके छिपे रहने के कारण पुलिस और कानून व्यवस्था पर सवाल उठ रहे थे। अंततः, अदालत के निर्देश के बाद उसने शनिवार को जुबली हिल्स पुलिस स्टेशन पहुंचकर आत्मसमर्पण किया।

यह मामला उस समय और अधिक चर्चा में आ गया जब तत्कालीन पुलिस सर्कल इंस्पेक्टर पर राहिल की मदद करने के आरोप लगे। आरोप था कि उक्त अधिकारी ने हिट-एंड-रन केस से राहिल का नाम हटाने की कोशिश की और शकील अहमद के परिवार का सहयोग किया। इस गंभीर लापरवाही और मिलीभगत के कारण संबंधित अधिकारी को निलंबित कर दिया गया था और उनके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू की गई थी।

बीआरएस के पूर्व विधायक शकील अहमद को भी इस मामले में कड़ी आलोचना और जांच का सामना करना पड़ा है। राहिल के आत्मसमर्पण के साथ ही अब इस मामले की कानूनी कार्यवाही में तेजी आने की उम्मीद है।

आज का अल्पाहार
राधे राधे ग्रूप



स्व. श्रीमती प्रतिभा विजयवर्गीय
की बरसी के उपलक्ष्य में
डॉ. रूपनारायण विजयवर्गीय (पति) एवं परिवार
वितरण स्थल : भू-लक्ष्मी माता गौशाला, बेगम बाज़ार
SATISH KUMAR GUPTA 92465 05234
JAGAT NARAYAN AGARWAL 92465 35311
RAM PRAKASH GOEL 93910 14283
MAHESH AGARWAL 98490 98502

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.